धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात
रांची, रविवार
25.02.2024

* नगर संस्करण । पेज : 12

khabarmantra.net फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 223



12 'देवरा' के लिए तेलुगु सीख रही हैं जाह्नवी

### न्यूज डायरी

## दूसरे दिन का खेल खत्म भारत 134 रन पीछे

**रांची।** जेएससीएम में चल रहे भारत–इंग्लैंड चौथे टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक भारतीय टीम ने सात विकेट पर 219 रन बना लिये हैं। टीम इंडिया अब इंग्लैंड से 134 रन पीछे है। भारतीय टीम ने एक समय 177 रनों पर सात विकेट गंवा दिये थे। बाद में ध्रुव जुरेल और कुलदीप यादव आठवें विकेट के लिए 42 रनों की साझेदारी कर की। ध्रुव जुरेल 58 गेंद में दो चौके एक छक्के की मदद से 30 और कुलदीप यादव 72 गेंद में एक चौके के साथ 17 रन पर हैं।

## राहुल, सिद्धा और डीके के खिलाफ समन जारी

**बेंगलुरू ।** कर्नाटक के सीएम सिद्दारमैया, डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ कोर्ट की तरफ से सम्मन जारी किया गया है। यह सम्मन इनके द्वारा पूर्व की भाजपा सरकार पर 40 फीसदी कमीशन' का आरोप लगाने को लेकर जारी किया गया है। पिछले साल विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने तत्कालीन भाजपा सरकार के खिलाफ एक खास अभियान चलाया था। इसके तहत उन्होंने पेसीएम के पोस्टर्स लगाए थे, जिसमें पूर्व मुख्मयंत्री बसवराज बोम्मई की तस्वीर लगी हुई थी।

## तेलो में ट्रेन से कट कर दो ट्रैक मैन की मौत

**बोकारो।** दो रेलवे ट्रैक मैन (पेट्रोलिंग मैन) ड्यूटी के दौरान शनिवार को ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी। यह हादसा गोमो तेलो रेल लाइन के तेलो स्टेशन से करीबन ढेड़ किलोमीटर के दूरी पर दांदूडीह के समीप पोल संख्या सी–8/5 और सी–8/7 के बीच हुआ। दोनों, मोहन कुमार शर्मा (40 वर्ष) और राहुल कुमार (28 वर्ष) गश्ती में ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान ट्रेन की चपेट में आ गये। शनिवार सुबह लगभग 3:45 बजे दोनों कर्मी का शव छत विक्षत अवस्था में रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। अधिकारियों के अनुसार दोनों इस्लामपुर हटिया एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 18623) अप की चपेट में आ गये थे।

## नक्सलियों ने चिकित्सक को गोलियों से भूना

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो थाना क्षेत्र के बांदाबेड़ा गांव में भाकपा माओवादी संगठन के माओवादियों ने ग्रामीण चिकित्सक जितेन लागुरी की गोली मारकर हत्या कर दी। जितेन लागुरी को उनके घर के पास ही मार गिराया। घटना की पुष्टि पश्चिमी सिंहभूम के एसपी आशुतोष शेखर ने की है। उनपर पुलिस मुखबीर होने का नक्सलियों को शक था। टोंटो थाना क्षेत्र के बांदाबेड़ा गांव निवासी ग्रामीण चिकित्सक जितेन लागुरी को हथियारबंद नक्सलियों ने घर से बाहर बुलाया और गोली मार दी। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

## 30 लाख श्रद्धालुओं ने किया माघी पूर्णिमा स्नान

**प्रयागराज।** दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक माघ मेला के पांचवे माघी पूर्णिमा स्नान पर गंगा, यमुना और अद्दश्य सरस्वती के पवित्र जल में 25 लाख 50 हजार श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 73,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## सरायकेला में बोले सीएम, छऊ नृत्य कला अकादमी का गठन शीघ्र

# हड़िया बेचना छोड़ स्वरोजगार अपनायें, सरकार देगी 50 हजार

- 334 करोड़ का दिया तोहफा, भाजपा पर साधा निशाना



**खबर मन्त्र टीम**

**सरायकेला, जमशेदपुर, रांची।** सरायकेला में सीएम चंपई सोरेन ने कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। अपने गृह जिला को उन्होंने 334 करोड़ की योजनाओं की सौगात दी है। सीएम ने कहा कि आदिवासी-मूलवासियों के विकास को लेकर सरकार लगातार प्रयासरत है। विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं चलाकर लोगों को इसका सीधा लाभ दिलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंडी महिलाएं जीवन यापन करने के लिए हड़िया बेचती हैं। आदिवासी महिलाएं हड़िया बेचना छोड़ें, सरकार स्वरोजगार के लिए उनको 50 हजार रुपया देगी। पूर्व की भाजपा सरकार पर झारखंड की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इसी जिले के पूर्व सीएम ने सरायकेला के विकास को लेकर एक ईंट भी रखने का काम नहीं किया है। सीएम ने कहा कि सत्ता पर सर्वाधिक समय तक रहने के बाद भी भाजपा ने झारखंड के विकास पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड धनी प्रदेश है, परंतु आदिवासी-मूलवासी गरीब हैं। यहां के संसाधनों से दिल्ली व गुजरात का विकास हुआ है। (शेष 11 पर)

**भाजपा पर लगाये आरोप :** भाजपा पर आरोप लगाते हुए चंपाई सोरेन ने कहा कि राज्य की सत्ता पर सबसे अधिक समय तक वह रही, परंतु अपेक्षित विकास नहीं कर सकी। उन्होंन् कहा कि इस जिला से पहले अर्जुन मुंडा भी मुख्यमंत्री हुए हैं, जबकि दूसरे मुख्यमंत्री के रूप में इन्हें अवसर मिला है। सत्ता में रहते हुए भी पूर्व के मुख्यमंत्री ने जिले के विकास को लेकर एक ईंट जोड़ने का भी काम नहीं किया। झारखंड पर सर्वाधिक शासन करने वाले इन लोगों ने 5 हजार से अधिक प्राथमिक स्कूलों को बंद कर दिया। इसके पीछे मंशा थी कि आदिवासी मूलवासी के बच्चे शिक्षा से वंचित रहे।

### झारखंड की कला-संस्कृति को मजबूत करेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरायकेला-खरसावां जिले की पारंपरिक और ऐतिहासिक पहचान रही है। कला-संस्कृति के लिहाज से यह पूरा इलाका काफी समृद्ध है। यहां का छऊ नृत्य विश्व विख्यात है। यहां के कलाकार इस नृत्य कला को काफी आगे तक ले जाने में अपनी अहम भूमिका निभाते आ रहे हैं। हम विरासत में मिली अपनी कला और संस्कृति को और मजबूत करेंगे। इसके लिए जल्द ही छऊ नृत्य कला अकादमी का गठन किया जायेगा। इस इलाके में पर्यटन की काफी संभावनाएं है। मौके पर सांसद गीता कोड़ा विधायक दसरथ गागराई और सविता महतो, जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, नगर विकास विभाग के सचिव अरवा राजकमल और सूडा के निदेशक अमित कुमार समेत कोल्हान के प्रमंडलीय आयुक्त तथा जिले के उपायुक्त समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# परिवारहित में कांग्रेस देश हित भूल गयी थी : मोदी

### पिछली कांग्रेस सरकार ने हमें गरीबों का घर बनाने से रोका

**एजेंसी**

**रायगढ़।** पीएम मोदी ने कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस ने सिर्फ सरकार बनाने पर ध्यान दिया, लेकिन देश का भविष्य बनाना भूल गयी। वह कभी परिवारवाद भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण से आगे नहीं सोच सकती। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पिछली कांग्रेस सरकार ने गरीबों के लिए घरों का निर्माण ठप कर दिया था, लेकिन नयी भाजपा सरकार ने आवास निर्माण को तेज किया। पीएम ने कहा कि अगले पांच वर्षों में जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा, तब छत्तीसगढ़ समेत आसपास के सभी राज्य विकास की नयी ऊंचाइयों पर पहुंचेगा। मोदी ने कहा कि हम देश के हर अन्नदाता को ऊजार्दाता बनाना चाहते हैं। पीएम शनिवार को ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत बनाने तथा सतत विकास को बढ़ाने की भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम अंतर्गत एसईसीएल की तीन प्रमुख फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी (एफएमसी) परियोजनाओं का वर्चुअल रूप से उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे।



### कोयला निकासी का अहम कदम

पीएम मोदी ने कहा, 600 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनीं यह परियोजनाएं तेज, पर्यावरण-हितैषी और कुशल मशीनीकृत कोयला निकासी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन परियोजनाओं से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे और कुशल ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करके क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी (एफएमसी) परियोजनाएं सतत धारणीय विकास के सिद्धांतों को अपनाते हुए सड़कों के माध्यम से कोयला परिवहन पर निर्भरता को कम करती हैं और यातायात की भीड़, सड़क दुर्घटनाओं और पर्यावरणीय प्रभाव को कम करती है।

## पति के संघर्ष पर गौरवान्वित हूं: कल्पना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन का सोशल मीडिया अकाउंट अब उनकी पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन हैंडल कर रही हैं। उन्होंने पति के ट्विटर अकाउंट एक्स पर शनिवार को एक पोस्ट किया है। कल्पना ने लिखा है कि पिछले 24 दिनों से अन्यायपूर्ण कारावास का सामना कर रहे हेमंत सोरेन के संघर्ष को अनुभव कर मैं गौरवान्वित हूं और दुःखी भी। प्रतिकूल परिस्थितियों में भी दृढ़ता और सिद्धांतों से समझौता नहीं करने की उनकी हिम्मत के फलस्वरूप आज वे जेल में हैं। कल्पना ने लिखा है कि बाबा साहेब के शब्द-छीने हुए अधिकार भीख में नहीं मिलते, अधिकारों को वसूल करना पड़ता है। हेमंत को हमेशा प्रेरित किया है। राज्यवासियों की सेवा और उनके अधिकारों की रक्षा हेमंत की पहली प्राथमिकता रही है। परिवार और बच्चे उनके लिए बाद में आते हैं। बाबा दिशोम गुरु के संघर्ष से हमें जो राज्य मिला, उसे संवारना और लोगों को हक-अधिकार दिलाना ही उन्होंने अपना सर्वस्व माना। कल्पना ने लिखा है कि हेमंत सामाजिक न्याय और अधिकार के लिए सदैव संघर्ष करते रहे हैं। राज्यवासियों के अधिकारों को हासिल करने का उनका संकल्प मुझे उनकी आवाज को और गति देने के लिए प्रेरित करता है। उनकी यह संघर्षशीलता हमें सिखाती भी है कि हक-अधिकारों की रक्षा और उन्हें हासिल करना हमारा कर्तव्य है। यह न केवल अपने लिए, बल्कि समाज के उत्थान और समृद्धि के लिए भी। आज अन्याय के खिलाफ हेमंत लड़ रहे हैं। न्याय के लिए हमें यह लड़ाई मिलकर लड़नी और जीतनी है।

## एनजीटी ने झारखंड पर लगाया 25 हजार का टोकन जुर्माना

**रांची।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने झारखंड में गंगा और उसकी सहायक नदी दामोदर में प्रदूषण की रिपोर्ट जमा नहीं करने पर झारखंड सरकार पर 25 हजार रुपए का टोकन जुर्माना लगाया है। ट्रिब्यूनल ने इसके लिए झारखंड के मुख्य सचिव सहित राज्य के उन सभी जिलों के उपायुक्तों की उदासीनता पर नाराजगी जाहिर की है। जुमार्ने की रकम उन जिलों के उपायुक्तों से वसूलने को कहा गया है, जिन्होंने एनजीटी के निर्देश के बावजूद प्रदूषण की स्थिति पर रिपोर्ट नहीं जमा की। झारखंड में गंगा नदी साहिबगंज से गुजरती है, जबकि उसकी सहायक दामोदर नदी के बहाव का सबसे ज्यादा क्षेत्र बोकारो, धनबाद और रामगढ़ जिलों में है। इन सभी जिलों के उपायुक्तों से एनजीटी ने 24 नवंबर, 2023 और 5 दिसंबर, 2023 को रिपोर्ट तलब की थी। एनजीटी के चेयरमैन जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने टोकन जुमार्ने की रकम एक सप्ताह में जमा करने को कहा है।

# ट्रैक्टर तालाब में गिरा, 25 की मौत

### माघी पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने जा रहे थे 40 लोग

**एजेंसी**

**कासगंज।** उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले में शनिवार को सुबह माघी पूर्णिमा पर स्नान करने जा रहे लोगों से भरी एक ट्रैक्टर ट्राली तालाब में पलट जाने से 25 लोगों की मौत हो गयी। वाहन पर करीब 40 श्रद्धालु सवार थे। एटा जनपद के जैथरा थाना क्षेत्र के कसा गांव निवासी ट्रैक्टर पर सवार होकर कादरगंज गंगा घाट जा रहे थे। अचानक संतुलन बिगड़ने से वाहन तालाब में गिर गया। हादसे में कई अन्य लोग घायल है। अधिकारियों ने मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका जतायी है। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्रीय यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ समेत तमाम नेताओं ने इस हादसे पर गहरा दुख जताया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों के परिजनों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गयी है। मृतकों के परिजनों से मिलने और उनको ढांढस बंधाने के लिए तथा मृतकों का सम्मान जनक दाह संस्कार की निगरानी के लिए आगरा जोन की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) अनुपम कुलश्रेष्ठ एटा जिले के जैथरा थाना क्षेत्र के कसा गांव पहुंची हैं। एटा के जिला अधिकारी प्रेम रंजन सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राजेश कुमार सिंह ने कसा गांव का दौरा कर मृतकों के परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बधाया। जिला अधिकारी ने बताया कि सभी मृतकों का दाह संस्कार जिला प्रशासन कराएगा। उन्होंने कहा कि सीएम के निर्देश पर मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों के परिजनों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जायेगी। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिजनों को परिवार के मुखिया की मृत्यु होने की दशा में कृषक बीमा योजना के तहत पांच लाख रुपये का कृषक दुर्घटना बीमा योजना का लाभ भी दिया जायेगा।

## पलामू में व्यवसायी को अपराधियों ने मारी गोली

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के नौडीहा बाजार के कृष्णा प्रसाद गुप्ता उर्फ दुखन साव को अपराधियों ने गोली मार कर घायल कर दिया। वह सूप-दौरी का कारोबार करते हैं। शनिवार की सुबह अपनी बाइक से रियप्पा सूप-दौरी खरीदने के सिलसिले में जा रहे थे। इसी दौरान खड़ार गांव के समीप बाइक पर दो अपराधी आए और उन्हें गोली मार कर फरार हो गये।

## सीट बंटवारे पर 7 राज्यों में बन गयी सहमति : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** इंडी गठबंधन के दलों में सात राज्यों पर सीटों के बंटवारे पर सहमति हो गयी है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के बीच सात राज्यों में सीटों के बंटवारे पर सहमति हो गयी है। वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में इस मुद्दे पर अभी खामोशी है।

## अरका जैन विवि को नैक से मिला ए-ग्रेड रेटिंग

- झारखंड, बंगाल, ओड़िशा में अपनी तरह की पहली स्टेट प्राइवेट यूनिवर्सिटी
- अब प्लेसमेंट के लिए आ सकेंगी ब्लू चिप कंपनियां भी, छात्रों को होगा फायदा



**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के लिए देश भर में अपनी पहचान बना चुकी अरका जैन विवि छह साल से बच्चो के बेहतर भविष्य निर्माण की दिशा में सतत प्रयासरत है। इसी की परिणाम है कि अरका जैन यूनिवर्सिटी, जमशेदपुर को मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन की बॉडी राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यापन परिषद् (नैक) की ओर से ग्रेड ए की मान्यता मिली। इसके साथ ही अरका जैन विवि झारखंड, बिहार एवं पश्चिम बंगाल को मिला कर ऐसी पहली स्टेट प्राइवेट यूनिवर्सिटी बन गयी है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि से जहां झारखंड के शैक्षिक वातावरण में एक नयी प्रतिस्पर्द्धा का वातावरण बनेगा। अरका जैन के छात्र-छात्राओं को टीसीएस, इंफोसिस समेत सैकड़ों ब्लू चिप कंपनियों में प्लेसमेंट मिलने में सहायता मिलेगी। अपने पांच सालों के परिचालन में अरका जैन 2000 से अधिक छात्र- छात्राओं को देश-विदेश की कंपनियों में सफलतापूर्वक प्लेसमेंट करवा चुका है। इस विवि ने झारखंड में अपनी पहचान भी बना ली है। अरका जैन ववि के निदेशक एवं रजिस्ट्रार अमित श्रीवास्तव ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने विवि के कुलाधिपति डॉ रॉयचंद चैनराज ने राज्य सरकार के प्रति आभार जताया। प्रो चांसलर डॉ एन सुंदरजन और प्रो चांसलर (एवं पूर्व कुलपति) डॉ एसएस रजी ने कहा कि नैक की रेटिंग प्रोसेस के दौरान काफी कड़े परीक्षण से गुजरना पड़ा। विवि की टीम ने दिन-रात एक करके रिपोर्ट्स तैयार की और सभी स्टाफ मेंबर्स एवं छात्रों के सहयोग से यह एक सपना सच होने जैसा है।

# मॉब लिंचिंग और नाबालिग से गैंगरेप में फांसी की सजा

## एक जुलाई से लागू होंगे 3 नये कानून, गृह मंत्रालय से अधिसूचना जारी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलने के लिए अधिसूचित किये गये तीन नये कानून-भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-एक जुलाई से लागू होंगे। तीनों कानूनों को पिछले साल संसद की मंजूरी मिलने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को अपनी सहमति दी थी। केंद्र सरकार ने तीनों नये आपराधकि कानूनों को आगामी 1 जुलाई, 2024 से लागू करने की अधिसूचना 24 फरवरी को जारी कर दी है। ये कानून औपनिवेशिक युग के भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे। तीनों कानूनों का उद्देश्य विभिन्न अपराधों को परिभाषित करके उनके लिए सजा तय करके देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलना है। नये कानून के तहत मॉब लिंचिंग, नाबालिग से गैंगरेप में फांसी की सजा का प्रावधान है।



### अंग्रेजों के जमाने के कानूनों से छुटकारा

इन तीनों कानूनों का मुख्य उद्देश्य देश में आपराधकि न्याय प्रणाली को बदलना है जो कि अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे कानूनों पर चल रही थी, इससे छुटकारा मिल सकेगा। सरकार ने नये कानून में राजद्रोह की धारा, 124 (क) को पूरी तरह से समाप्त कर इसको देशद्रोह में बदल दिया है। राज्य के खिलाफ अपराध करने की एक नयी धारा का शामलि किया गया है। इस नये कानून में राजद्रोह में सशस्त्र विद्रोह, विध्वंसक गतिविधि, संप्रभुता या एकता का खतरे में डालने वाले अपराध, अलगाववादी गतिविधि जैसे अपराधों को शामलि किया गया है। इस नये कानून के तहत अगर कोई मौखकि तौर पर या लखिति या सांकेतकि रूप से ऐसी गतविधियों को बढ़ावा देता है या फिर प्रयास भी करता है, एकता और अखंडता को नुकसान पहुंचाने का प्रयास करता है तो उसे आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान कयिा गया है।



**खबर एक नजर में**

## केंद्रीय गृह मंत्री से मिले झारखंड के राज्यपाल



रांची। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन सोमवार को दिल्ली में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मिले। नई दिल्ली में अमित शाह से मुलाकात के दौरान राज्य की राजनीतिक गतिविधियों पर चर्चा की।

## सीएम चंपई से मिले डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा



रांची। मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन से शनिवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में डीआरएम रांची रेल मंडल जसमीत सिंह बिंद्रा ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को डीआरएम ने आगामी 26 फरवरी 2024 को जमशेदपुर एवं नामकुम रेलवे स्टेशन में अमृत स्टेशन, आरओबी (रोड ओवर ब्रिज) तथा आरयूबी (रोड अंडर ब्रिज) के शिलान्यास मौके पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया।

## केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जायेंगे आइएएस वीपी सिंह



रांची। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी व जैप आइटी के सीईओ भुवनेश प्रताप सिंह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर नई दिल्ली जायेंगे। उन्हें केंद्र सरकार ने उप सचिव डिपार्टमेंट ऑफ इंडस्ट्री एंड ट्रेड मंत्रालय के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया है। इस संबंध में झारखंड सरकार को अधिसूचना भी भेजी गयी है। जानकारी के अनुसार कार्मिक विभाग झारखंड सोमवार तक उन्हें केंद्रीय प्रतिनियुक्ति में योगदान देने के लिए राज्य से विरमित भी कर देगी। बताते चलें कि भुवनेश प्रताप सिंह लंबे समय तक एड्स कंट्रोल सोसाइटी, समाज कल्याण सहित हजारीबाग जिले के डीसी सहित कई पदों पर थे। उन्होंने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने का आवेदन दिया था।

## खान विभाग के चार अधिकारी बदले

रांची। भूतत्व निदेशालय के उप निदेशक कुमार अमिताभ अपने कार्यों के अलावा उप निदेशक भूतत्व प्रशिक्षण संस्थान हजारीबाग के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। वहीं, सतीश कुमार नायक सहायक खनन पदाधिकारी खान निदेशालय के स्थानांतरण को आंशिक रूप से संशोधित करते हुए प्रभारी जिला खनन पदाधिकारी जमशेदपुर बनाया गया है। खान निरीक्षक संजय कुमार शर्मा को सहायक खनन पदाधिकारी खान निदेशालय रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। इसी तरह कृष्ण कुमार किस्कू जिला खदान पदाधिकारी दुमका को जिला खनन पदाधिकारी साहिबगंज के पद पर पदस्थापित किया गया है। इससे संबंधित आदेश खान एवं भूतत्व विभाग के संयुक्त सचिव पंकज चौधरी की ओर से जारी कर दिया गया है।

## बसों के हायर और डिटेंशन चार्ज में बढ़ोतरी की मांग

रांची। झारखंड प्रदेश बस ओनर्स एसोसिएशन ने चुनाव और सरकारी कार्यों में अधिग्रहित किए जाने वाली विभिन्न श्रेणी की बसों के लिए हायर और डिटेंशन चार्ज की दर में बढ़ोतरी करने की मांग सरकार से की है। इसे लेकर संघ की ओर से परिवहन सचिव झारखंड को पत्र लिखा गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष सच्चिदानंद सिंह ने कहा कि इस बारे में पूर्व में जो अधिसूचित दर है, उसके बाद से बस से संबंधित सभी सामाग्रियों में वृद्धि हुई है। इसलिए वर्तमान समय में परिवहन विभाग झारखंड सरकार द्वारा चुनाव, सरकारी कार्यो में अधिग्रहित किए जाने वाले विभिन्न श्रेणी के बसों के लिए हायर एंड डिटेंशन चार्ज की पूर्व में अधिसूचित दर में वृद्धि करना जरूरी है, ताकि बस संचालकों को कुछ राहत मिल सके।

## झामुमो में जायेंगी झापा की पूर्व प्रवक्ता अंशु लकड़ा

रांची। झापा की पूर्व सचिव सह केंद्रीय प्रवक्ता अंशु लकड़ा आज झामुमो का दामन थामेंगी। इस मौके पर अंशु लकड़ा एक्का अपने सहयोगियों के साथ सैकड़ों समर्थको को लेकर औपचारिक रूप से झामुमो की सदस्यता ग्रहण करेंगी। 25 फरवरी को मुख्यमंत्री आवास मोरहाबादी में आयोजित होनेवाले कार्यक्रम में झामुमो के कई वरीय पदाधिकारियों के साथ झारखंड सरकार के कई मंत्रीगण भी उपस्थित रहेगें। विशाल सदस्यता सम्मेलन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन होगें। सदस्यता कार्यक्रम में महताब अंसारी और आदिवासी सेना के अल्विन लकड़ा, विकास तिर्की, बचन उरांव, लक्ष्मी बैठा, अनिता टोप्पो भी मुख्य रूप से शामिल होगें। अंशु के झामुमो में शामिल होने की चर्चा पहले से ही हो रही थी। रांची के आदिवासी समाज में अंशु लकड़ा की पहचान है। अंशु ने सामजिक क्षेत्र में कई काम किया है। पीड़ित की सेवा करना और समाज के दबे- कुचले लोगों को सम्मान दिलाने की दिशा में भी काम कर चुकी है।

### झारखंड में बढ़ाई जा रही स्वास्थ्य और रेलवे सुविधाएं, खाद कारखाना का होगा उद्घाटन

# रिम्स में बनने वाले 50 बेड के सीसीयू का आज ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे पीएम

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य के सबसे बड़े सरकारी हॉस्पिटल रिम्स में रोज नई सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। मरीजों के इलाज के लिए नए-नए विंग की शुरूआत की जा रही है, ताकि मरीजों को इलाज के लिए किसी और हॉस्पिटल में जाने की जरूरत न पड़े। अब रिम्स में 50 बेड के क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण कराया जाना है। इसका शिलान्यास आज 25 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑनलाइन करेंगे। नया क्रिटिकल केयर विंग बन जाने से गंभीर मरीजों का इलाज आसानी से हो जाएगा। वहीं एडमिट मरीजों को अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेगी। बताते चलें कि क्रिटिकल केयर का निर्माण प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन योजना के तहत किया जा रहा है। अब तक की जानकारी के अनुसार रिम्स कैंपस स्थित पावर हाउस के पास बनाया जायेगा। क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण होने से गंभीर मरीजों के लिए बेड की संख्या बढ़ेगी। वहीं, सीसीयू में आइसोलेशन बेड और वेंटिलेटर बेड भी होंगे। हर बेड पर ऑक्सीजन की सुविधा भी होगी।

### पहले से चल रहे कई स्पेशियलिटी विभाग




रिम्स में पहले से ही कई स्पेशियलिटी विभाग काम कर रहा है। इसमें कार्डियोलॉजी, ओंकोलॉजी, जेरियाट्रिक विभाग शामिल है। इसके अलावा नये ट्रामा सेंटर सह सेंट्रल इमरजेंसी में भी मरीजों का इलाज किया जा रहा है। ये विभाग मरीजों के लिए लाइफलाइन साबित हो रहे है। अब क्रिटिकल केयर विंग मरीजों के लिए जीवनदान देने वाला विभाग साबित होगा। वहीं प्राइवेट हॉस्पिटलों में मरीजों को जाने की नौबत नहीं आएगी।

## पीएम मोदी कल रखेंगे झारखंड के 18 अमृत स्टेशनों की आधारशिला

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 फरवरी को राज्य के 18 अमृत स्टेशनों की आधारशिला रखेंगे। 578.95 करोड़ रुपये से उक्त स्टेशनों का पुनर्विकास किया जायेगा। इनमें टाटानगर, चक्रधरपुर, गम्हरिया, सिनी, चाईबासा, डांगोपोसी, बड़ाजामदा, बालसिरिंग, बानो, गंगाघाट, रामगढ़ कैंट, गोविंदपुर रोड, ओरगा, मुरी, सिल्ली, लोहरदगा, टाटीसिलवे और नामकुम स्टेशन शामिल हैं। इसके अलावा राज्य में 44 रोड ओवरब्रिज व अंडरपास भी बनाये जायेंगे। इसकी लागत ₹546.01 करोड़ होगी। वहीं, स्टेशनों के पुराने प्रतीक्षालय, बुकिंग कार्यालय, लाउंज, कैफेटेरिया व शौचालय का जीर्णोद्धार होगा। प्लेटफॉर्म में सुधार और स्टेशन व बाहर में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था, वाहन पार्किंग, सीसीटीवी कैमरे, स्टेशन में सौर पैनलों की स्थापना, कम ऊर्जा वाली एलइडी लाइट, वर्षा जल संचयन, जैव शौचालय आदि का भी प्रावधान किया जायेगा।

### नौ स्वास्थ्य परियोजनाओं का शिलान्यास व उदघाटन आज करेंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज 25 फरवरी को राज्य के सात जिलों की नौ स्वास्थ्य परियोजनाओं का भी ऑनलाइन उदघाटन व शिलान्यास करेंगे। रांची, गढ़वा, गिरिडीह, पाकुड़, देवघर, दुमका व कोडरमा में विभिन्न आधारभूत स्वास्थ्य संरचनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन होगा। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर झारखंड सरकार के संयुक्त सचिव विद्यानंद शर्मा पंकज ने सभी सिविल सर्जन को पत्र भेजा है। कार्यक्रम का राज्य स्तर पर आयोजन रिम्स के शैक्षणिक भवन सभागार से किया जायेगा।

# नई पेंशन योजना : सेवानिवृत्त कर्मचारी भी अब कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

### राज्य सरकार ने पेंशन प्रपत्र में बदलाव किया

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। कैबिनेट की बैठक में नई पेंशन योजना के तहत सेवानिवृत्त कर्मियों को पुरानी पेंशन प्रदान करने के लिए भरे जाने वाले पेंशन प्रपत्र के प्रारूप में संशोधन का प्रस्ताव पारित किया गया है।

मालूम हो कि राज्य सरकार ने 1 सितंबर 2022 से अपने राज्य कर्मियों के लिए नई पेंशन योजना को समाप्त कर पुरानी पेंशन बहाल की है। सरकार के निर्णय के आधार पर पुरानी पेंशन योजना का लाभ उन कर्मचारियों को भी मिलेगा, जो एक सितंबर 2022 से पहले सेवानिवृत्त हो चुके हैं और पेंशन की अर्हता रखते हैं। ऐसे में राज्य में पुरानी पेंशन की अर्हता रखने वाले लगभग 2000 कर्मचारी सेवानिवृत्ति के उपरांत पुरानी पेंशन का इंतजार कर रहे थे। इनमें कुछ कर्मचारी सरकार की शर्तों के अनुसार नई पेंशन योजना में जमा सरकार का अंशदान एवं उसका लाभांश भी सरकारी मद में जमा कर चुके हैं। परंतु पेंशन पोर्टल पर आवेदन करने में कठिनाइयों का सामना कर रहे थे।

सरकार ने महालेखाकार के सुझाव पर पेंशन प्रपत्र में बदलाव किया है। अब पेंशन का आवेदन करते समय कर्मचारी सरकार को जमा किए गए अंशदान का ब्योरा भी फार्म में भर सकेंगे। इस संबंध में कैबिनेट में निर्णय लिया गया है। झारखंड ऑफिसर टीचर्स एंड एम्पलाइज फेडरेशन तथा नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत कुमार सिंह ने कहा कि इस निर्णय से राज्य के समस्त कर्मचारी अपनी सरकार के प्रति आभारी हैं। सरकार के इस निर्णय से यह दिखाता है कि सरकार अपने निर्णय को धरातल पर उतारने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि अब अगले एक से दो महीने में सेवानिवृत कर्मियों को पेंशन मिलना प्रारंभ हो जाएगा।

## आरोपी सुनील यादव की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट में एक मार्च को होगी सुनवाई

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। साहिबगंज में ₹1250 करोड़ के अवैध खनन मामले में आरोपी सुनील यादव की ओर से दाखिल जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में प्रार्थी और ईडी की ओर से बहस की गई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 1 मार्च निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से सुनवाई के दौरान कहा गया कि उनके खिलाफ जो आरोप लगे हैं वह निराधार है। अवैध खनन मामले में उनकी कोई संलिप्तता नहीं है। उनके खिलाफ मनी लांड्रिंग का कोई मामला नहीं बनता है। सुनील यादव के और से हाईकोर्ट में अधिवक्ता सब्यसाची ने पक्ष रखा।

दरअसल 7 अक्टूबर को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने सुनील यादव की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। सुनील, दहू यादव का भाई है। ईडी कोर्ट ने इन दोनों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इसके बाद साहिबगंज पुलिस ने 26 अगस्त 2023 को सुनील यादव को गिरफ्तार किया था। इसी मामले में आरोपी सुनील का भाई दाहु यादव अब तक फरार है।

## स्थानांतरण नीति के अनुरूप करें तबादला : के रवि कुमार

### मनमाने ढंग से किये गये तबादले का मामला चुनाव आयोग, अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव तक पहुंचा

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड में मनमाने ढंग से तबादले का मामला आयोग तक पहुंच गया है। आयोग के संज्ञान में आने के बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने झारखंड के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव को शनिवार को पत्र लिखा है। पत्र के अनुसार आगामी लोकसभा आम चुनाव के दृष्टिगत पदाधिकारियों के स्थानांतरण, पदस्थापन के लिए आयोग दिशा-निर्देश दिया था। आयोग के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि पदाधिकारियों का स्थानांतरण एक ही संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सीमावर्ती जिला में किया गया है, जो स्थानांतरण नीति के मूल भावनाओं के प्रतिकूल है। प्रासंगिक पत्र के माध्यम से यह निर्देश दिया गया है कि जिन पदाधिकारियों का स्थानांतरण पूर्व में हुआ है परंतु आयोग के निर्देश के अनुसार नहीं किया गया है। उनका ट्रांसफर स्थानांतरण नीति की मूल भावनाओं के अनुरूप किया जाये। बताते चलें कि पदाधिकारियों के स्थानांतरण, पदस्थापन से संबंधित अनुपालन प्रतिवेदन मुख्य सचिव एवं डीजीपी के स्तर से 26 फरवरी के अपराह्न 3 बजे तक आयोग को भेजा जाना है।

## झारखंड तीसरा मोर्चा राज्य की जनता को भरोसे के रूप में एक नया विकल्प देगा : लालचंद महतो

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। झारखंड तीसरा मोर्चा की बैठक शनिवार को पुराना विधानसभा सभागार में मोर्चा के संयोजक सह पूर्व मंत्री लालचंद महतो की अध्यक्षता में हुई। लालचंद महतो ने कहा कि झारखंड तीसरा मोर्चा राज्य की जनता को विकल्प देगी। उन्होंने एनडीए और राज्य में महागठबंधन सरकार को लूट झूठ की सरकार बताया और कहा कि जनता 22 सालों से ठगा हुआ महसूस कर रही है। झारखंड तीसरा मोर्चा जनता के विश्वास बनकर उभरेगा। मोर्चा से जुड़े सभी पार्टी व संगठनों को लेकर 10 मार्च को झारखंड तीसरा मोर्चा का प्रथम सम्मेलन रांची में करने, लोकसभा चुनाव में जनदावेदारी को मजबूत बनाने तथा राज्य में तीसरा मोर्चा का कार्यक्रम को युद्ध स्तर पर आगे बढ़ाने के लिए 29 फरवरी को रांची में झारखंड तीसरा मोर्चा के घटक पार्टियों व संगठनों के राज्य के मुख्य पदाधिकारी खासकर अध्यक्ष व संयोजक को लेकर बैठक करने सहित कई निर्णय लिये गए।

बैठक में अब्दुल खालीक, सुनील साहू, प्रवीण कच्छप, विजय सिंह, जितेंद्र ठाकुर, डॉक्टर सत्यप्रकाश मिश्रा, शमीम अंसारी, अधिवक्ता रंजीत महतो, उपेंद्र प्रसाद सिंह, अमरेंद्र कुमार, फातिमा कंडोर, शिवप्रसाद अग्रवाल थे।

**सीएम से समुचित कार्रवाई का किया आग्रह**

## गोमिया के झिरकी बस्ती में जहरीली गैस रिसाव से दहशत : लंबोदर महतो

### मुख्यमंत्री को नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों की अत्यंत जर्जर स्थिति और उसके निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति नहीं मिलने की दी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। आजसू पार्टी के विधायक डॉ लंबोदर महतो ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मिलकर कहा कि गोमिया प्रखंड अंतर्गत झिरकी बस्ती झरिया बनने की ओर अग्रसर है। जान माल क्षति नहीं हो, इसको लेकर तुरंत आवश्यक कार्रवाई किए जाने की जरूरत है। उन्होंने मुख्यमंत्री को इस बात से अवगत कराया कि झिरकी बस्ती यादव टोला व मुस्लिम टोला के समीप सीसीएल के कथारा कोलियरी क्वारी नंबर तीन के खदान में भू-धंसान हो गया है और इसमें आग लगी हुई है, जो घातक है। जहरीली गैस का रिसाव तेजी से हो रहा है। इस वजह से सांस लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। हजारों लोग इससे प्रभावित हो रहे हैं। आस पास के इलाकों में भय व दहशत का माहौल है। इसका पर्यावरण पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बावजूद इसके सीसीएल प्रबंधन की उदासीनता बनी हुई है। लगे आग व गैस रिसाव को स्थायी रूप से रोकने की दिशा में राज्य सरकार व प्रबंधन को शीघ्र समुचित कार्रवाई किए जाने की जरूरत है।

इस क्रम में उन्होंने मुख्यमंत्री को नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों की अत्यंत जर्जर स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने सीएम को गंझडी से हुरलुंग भाया चतरोचट्टी पथ, ललपनिया से रजरप्पा भाया बड़की पुन्नु सड़क निर्माण को लेकर सर्वे/डीपीआर बनने और तकनीकी स्वीकृति के बाद भी प्रशासनिक स्वीकृति पथ निर्माण विभाग में लंबित होने की जानकारी दी। इस कारण इन सड़कों का निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण नहीं हो पाया है। कई जिलों के लाखों ग्रामीण को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासनिक स्वीकृति देने आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इन सभी विषयों पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक व समुचित कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया है।

## झारखंड पुलिस में शामिल हुए लियो, एलेक्स, बाबू, बारु, सैंडी, हनी, रूबी और किटी, छह महीने की होगी ट्रेनिंग

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। झारखंड पुलिस में श्वान दस्ते को मजबूत करने के लिए पहली बार एक साथ आठ श्वान को भर्ती किया गया है। सभी आठ श्वान उच्च कोटि के लैब्राडोर नस्ल के हैं, सबसे खास बात यह है कि सभी श्वान झारखंड के ही हैं। पहली बार विशुद्ध रूप से यह झारखंड पुलिस का अपना श्वान दस्ता होगा।

**रिटायरमेंट और शहीद होने के बाद जरूरी थे नए श्वान** :झारखंड पुलिस के पास एक साल पूर्व तक बेहतरीन श्वान दस्ता था, लेकिन कुछ के रिटायर होने और एक श्वान के नक्सलियों के साथ हुए मुठभेड़ में शहीद होने के बाद झारखंड पुलिस के पास प्रशिक्षित श्वानों की कमी हो गई थी, लेकिन अब इस कमी को दूर कर लिया गया है। पहले झारखंड में बाहर के राज्यों से श्वान मंगाए जाते थे, लेकिन पहली बार झारखंड में ऐसे आठ श्वानों को भर्ती किया गया है जो पूरी तरह से झारखंड के हैं।

झारखंड सीआईडी के डीजी अनुराग गुप्ता ने बताया कि डॉग स्क्वायड में श्वानों की भारी कमी हो गई थी। इसे देखते हुए इसमे चार मादा और चार नर श्वानों को बहाल किया गया है। सभी का चयन पुलिस के द्वारा तय क्राइटेरिया के अनुसार किया गया है।

### चार क्षेत्रों में होता है श्वान दस्ता का उपयोग

सीआईडी डीजी के अनुसार पुलिस को चार क्षेत्रों के लिए डॉग स्क्वायड की जरूरत होती है। पहला एयरपोर्ट सुरक्षा, दूसरा वीआईपी सुरक्षा, तीसरा पब्लिक प्लेस में और चौथा नक्सल क्षेत्र में जहां लैंड माइंस बिछा होता है।

### सीआईएसएफ में किये जायेंगे ट्रेंड

झारखंड सीआईडी के श्वान दस्ते के कैंप में आजकल लियो, एलेक्स, बाबू, बारु, सैंडी, हनी, रूबी और किटी की चहल कदमी है। ये श्वान दस्ते के नए सिपाही हैं जिन्हे तैयार किया जाना हैं। इनकी ट्रेनिंग सीआईएसएफ के एक मात्र वर्ल्ड क्लास कैंप में कराई जाएगी, सबसे खास बात यह है कि ये ट्रेनिंग कैंप रांची में ही है। श्वान दस्ते के सभी 8 स्वानों को 6 माह की कड़ी ट्रेनिंग से गुजरना होगा जिसके बाद उन्हें श्वान दस्ते में शामिल किया जाएगा।

### पहले अडॉप्ट किए गए

सबसे खास बात यह है कि झारखंड में पहली बार डॉग स्कॉयड की टीम के लिए श्वानों को खरीदना नहीं पड़ा है। आंध्र प्रदेश से श्वान आते थे,किसी ने किसी वजह से श्वान की खरीदारी नहीं हो पा रही थी, इसी बीच झारखंड पुलिस के डॉग स्कॉयड के प्रमुख जोसेफ फ्रांसिस के घर में पल रही एक मादा लैब्राडोर में आठ बच्चों को जन्म दिया। मादा लैब्राडोर हाइब्रिड नस्ल की थी ऐसे में उन्होंने पुलिस को ये ऑफर दिया कि वे अपने सभी श्वान को पुलिस को गोद देना चाहते हैं। जिसके बाद श्वान के एडॉप्शन को लेकर एक कमेटी बनाई गई, कमेटी के द्वारा श्वान के सभी मानकों को बारीकी से परखा गया। सीआईडी डीजी ने बताया कि सभी श्वान को एक्सप्लोसिव ट्रेनिंग के लिए भेजा रहा है। डीजी सीआईडी ने बताया कि आने वाले दिनों में झारखंड पुलिस के जिम्मे एयरपोर्ट की सुरक्षा की जिम्मेदारी मिलनी है। वहां इनकी विशेष जरूरत होगी। साथ ही एंटी नक्सल ऑपरेशन में, वीआईपी सुरक्षा सहित अन्य कार्यों में भी इन श्वान की भूमिका देखने को मिलेगी।

## कोल इंडिया का कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट 17.8 फीसदी बढ़ा



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। कोल इंडिया लिमिटेड ने मौजूदा वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के नतीजे जारी कर दिये हैं। नतीजे के अनुसार अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट 17.8 फीसदी बढ़ गया है। इस दौरान कंपनी को 9093.69 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। सरकारी कंपनी ने एक साल पहले की समान अवधि में 7,719.11 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट दर्ज किया था।

दिसंबर तिमाही में ऑपरेशन से रेवेन्यू 35,169.33 करोड़ रुपये से 2.8 फीसदी बढ़कर 36.153.97 करोड़ रुपये हो गया। इसके अलावा, कोल इंडिया की कंसोलिडेटेड सेल्स अक्टूबर-दिसंबर अवधि में 4.4 फीसदी बढ़कर 38,357.23 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 36.754.29 करोड़ रुपये थी।

इस वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही में कंपनी का इबीआइटीडीए 13 फीसदी बढ़कर 13,576.35 करोड़ रुपये हो गया, जो कि एक साल पहले की अवधि में 11,973.68 करोड़ रुपये था। तिमाही में इबीआइटीडीए मार्जिन 35.4 फीसदी रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 32.6 प्रतिशत था।

### डिविडेंड की घोषणा

सरकारी कंपनी ने यह भी कहा कि बोर्ड ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 5.25 रुपये प्रति शेयर पर अपना दूसरा अंतरिम डिविडेंड घोषित किया है। डिविडेंड का भुगतान 12 मार्च को किया जाएगा।

स्पीड न्यूज



## स्टेट ओलंपियाड में प्रिया को गोल्ड मेडल

**चांडिल।** चांडिल की बेटी प्रिया प्रामाणिक को झारखंड स्टेट ओलंपियाड सामान्य ज्ञान की परिक्षा में गोल्ड मेडल मिला है। चांडिल की बेटी ने गोल्ड मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उसने 30 जनवरी को एनआर प्लस टू हाई स्कूल में आयोजित परिक्षा में सफलता हासिल किया है। प्रिया के पिता बाबुलाल प्रामाणिक चांडिल में शैलुन की दुकान चलाते हैं। आजसू नेता हरेलाल महतो ने प्रिया को सम्मानित किया। प्रिया शिक्षक बनना चाहती है। इस मौके पर अनिल जालान, पियूष दत्त, बिजय मोदक, रौशन शर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## डीएसपी-थाना प्रभारियों संग एसएसपी की बैठक



**जमशेदपुर।** शनिवार को वरीय पुलिस अधीक्षक, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर के द्वारा कार्यालय सभागार में शहरी क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों/ पुलिस उपाधीक्षकों के साथ एक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में शब ए बारात पर्व के मद्देनजर शहर की विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु तथा रेस ड्राइविंग करने वालों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई करने हेतू उपस्थित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

## आज गम्हरिया स्टेशन को सौगात देंगे पीएम

**गम्हरिया।** अमृत भारत योजना के तहत गम्हरिया स्टेशन को विकसित कर हाईटेक बनाया जाएगा। इसका शुभारंभ आगामी सोमवार, 26 फरवरी को किया जाएगा। इसके तहत गम्हरिया स्टेशन का चौड़ीकरण कर प्लेटफॉर्मों का निर्माण, ओवरब्रिज, दो अंडरब्रिज का निर्माण आदि का करीब 30 करोड़ रुपए से कराया जाएगा। साथ ही, यात्री सुविधाओं को भी बढ़ाया जाएगा। विदित है कि औद्योगिक क्षेत्र के मध्य तथा टाटानगर स्टेशन से नजदीक होने के कारण गम्हरिया स्टेशन महत्वपूर्ण स्टेशन माना जाता है। आसपास ही कई बड़ी बड़ी कंपनियों की स्थापना होने के कारण राजस्व के दृष्टिकोण से भी यह प्रमुख स्टेशन मानी जाती है। साथ ही, इस स्टेशन से होकर प्रतिदिन सैकड़ों ट्रेनें गुजरती है। सिंहभूम के कई क्षेत्रों से प्रतिदिन इस स्टेशन से हजारों यात्रियों की आवाजाही होने से इस स्टेशन पर राजस्व प्राप्ति की काफी संभावनाएं हैं। इस कारण गम्हरिया स्टेशन को विकसित स्टेशनों की श्रेणी में रखा जाएगा। स्टेशन प्रबंधक ने बताया कि शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान सोमवार को कई रेल अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसके लिए जोर शोर से तैयारी की जा रही है।

## जनकपुरी मंदिर प्रांगण में महायज्ञ में श्रद्धालुओं की उमड़ रही है भीड़

**मेदिनीनगर।** बारालोटा पांकी रोड स्थित जनकपुरी मंदिर प्रांगण में श्री रामचरितमानस नवाह्न परायण महायज्ञ में चित्रकूट धाम से पधारे श्री श्री 1008 स्वामी धीरेंद्राचार्य जी महाराज ने श्रीरामचरित मानस के आधार पर भरत के चरित्र का चित्रण किया। समाज के लोगों को भरत के चरित्र को धारण करना चाहिए। परिवार एवं समाज की बेहतरी के लिए भरत के विचारों को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रीरामचरित मानस जीवन जीने की कला सिखाती है। मानस के इस संदेशों को अपनाने से भाई भाई के बीच प्रेम प्रगाढ़ होगा। मानस बताता है कि प्रेम संबंध को हमेशा बनाये रखना चाहिए।

# गोपाल मैदान में विंटेज कार, बाइक और साइकिल रैली आज

- आज दादा जी और पापा की जवानी की विंटेज कार, बाइक और साईकिल देखने का मौका
- आज जाइए आज गोपाल मैदान, ताजी हो जायेंगी पुरानी स्मृतियां
- सुबह 8.30 बजे गोपाल मैदान से रवाना होगी विंटेज क्लासिक कार, बाइक रैली

**खबर मन्त्र ब्यूरो**











1. अपनी विंटेज कार की स्टीयरिंग संभाले उद्योगपति राजकुमार शाह प्रसन्नचित मुद्रा में बायें। यह कार उनके पिता स्व. द्वारकानाथजी शाह ने मात्र 700 रुपये में खरीदी थी। 2. मानगो निवासी फतेह सिंह 1943 की टम्फ बाइक चलाते हुए। 3. जमशेदपुर के चेस कोच जयंत कुमार भुइयां अपने पिता स्व. खिरोद कुमार भुइयां की 1960 में खरीदी इंग्लैंड निर्मित रेल्हे साइकिल प्रदर्शित करते हुए। 4. लखनऊ के विंटेल बाइक के मैकेनिक महफूज हसन 1954 की बनी बीएसए बाइक चलाते हुए और 5. विंटेज कार और बाइक देखने उमड़ी भीड़।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में टाटा स्टील के सहयोग से विंटेज और क्लासिक कार और बाइक रैली की शुरूआत हुई। बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में इसका आयोजन हुआ, जिसमें 150 से अधिक गाड़ियां प्रदर्शित की गयी। इसके माध्यम से गौरवशाली अतीत और जीवंत वर्तमान के बीच के तालमेल को दशार्या गया। लोगों की भारी भीड़ इस दिन देखने को मिली।

गोपाल मैदान में इस दौरान एक से बढ़कर एक गाड़ियों को प्रदर्शित किया गया है। इस दौरान 1926 की ऑस्टीन 7 की कार को प्रदर्शित किया गया था जबकि मसीर्डीज बेंज की 1928 की गाड़ी को भी लोगों के दीदार के लिए प्रदर्शित की गयी थी. इसके अलावा द्वितीय विश्व युद्ध में इस्तेमाल में लायी गयी टाटा स्टील के स्टील से तैयार तोप गाड़ी को भी प्रदर्शित किया गया था, जो आज भी लोगो के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान करीब 100 बाइक और स्कूटर को भी प्रदर्शित किया गया था।

1923 की बाइक और स्कूटर को भी यहां लगाया गया था, जिसको देखकर लोग रोमांचित हो गये। रविवार को कार और बाइक की रैली सुबह 8.30 बजे निकलेगी, जिसको टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी हरी झंडी दिखायेंगे। इसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित होगा। टाटा स्टील द्वारा संस्थापक दिवस समारोह के हिस्से के रूप में आयोजित किए जा रहे शो के दौरान प्रतिभागी संबंधित वाहनों से मेल खाते हुए परिधान भी पहनेंगे।

**यह है रैली का रुट :** रैली जमशेदपुर शहर के प्रमुख स्थलों जैसे रीगल सर्कल, भरूचा मेंशन, केएस लिंक रोड, मरीन ड्राइव, जुबली पार्क आदि से गुजरते हुए लगभग 23 किमी का कुल मार्ग तय करेगी और यूनाइटेड क्लब में आकर समाप्त होगी।

# टाटा में खुली बंसल क्लासेस की शाखा अब कोटा जाने की कोई जरूरत नहीं है

## कोटा मेन ब्रांच के विशेषज्ञों का सीधे मिलेगा मार्गदर्शन : समीर बंसल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** साकची स्थित मोतीलाल नेहरु पब्लिक स्कूल एमएनपीएस कैंपस में में शवनिार को राजर्थान के कोटा में आईआईटी जेईई, मेडिकल व ओलंपियाड जैसे परीक्षाओं में बेहतर परिणाम देने वाली कोटा की नामचीन कोचिंग संस्थान बंसल क्लासेज की जमशेदपुर शाखा का उद्घाटन किया गया।

इस शाखा का विधिवत उद्घाटन कोटा बंसल क्लासेस के निदेशक समीर बंसल, एकेडमिक डायरेक्टर रवि प्रताप सिंह, एचआर स्पर्श द्विवेद्वी, संस्थान के बिहटा-पटना व जमशेदपुर शाखा के निदेशक मनीष सिंह, इनकम टैक्स के पूर्व कमिश्नर डा श्वेताभ सुमन, एमएस ग्रुप ऑफ कंपनी चेयरमैन श्री विनय कुमार सिंह, यूपी संघ के महासचिव डीपी शुक्ला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।



उद्घाटन समारोह में उपस्थित बंसल क्लासेस के निदेशक समीर बंसल, डा श्वेताभ सुमन, मनीष सिंह, डीपी शुक्ला व अन्य अतिथि।

मौके पर श्री समीर बंसल ने कहा कि कोटा के अलावा अब जमशेदपुर में भी रहकर बच्चे आईआईटी जेईई,नीट जैसे परीक्षाओं में आसानी से सफलता हासिल कर पायेंगे। उन्हें कोटा के दक्ष शिक्षकों का मार्गदर्शन अब जमशेदपुर में ही मिल जायेगा। कोटा मेन ब्रांच से भी समय-समय पर मार्गदर्शन और मॉनिटरिंग किया जायेगा। कोटा के शिक्षकों की टीम बेहतर स्टडी मैटेरियल्स के साथ जमशेदपुर के छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करेगी।

समीर बंसल ने आगे कहा कि बिहार और झारखंड के कोने-कोने में बंसल क्लासेस की शाखा खोली जा रही है ताकि छात्र- छात्राओं को कोचिंग का बेहतर प्लेटफार्म मिल सके।

जमशेदपुर और बिहटा शाखा के प्रबंध निदेशक मनीष सिंह ने कहा कि कोटा की बंसल क्लासेस की हर सुविधा एवं विशेषज्ञ यहां उपलब्ध कराने को लेकर हम प्रतिबद्ध हैं।

इस अवसर पर एक सेमिनार भी आयोजित किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं को सफलता के टिप्स दिए गए। इसके अलावा संस्थान की जमशेदपुर शाखा में नामांकन हेते बीते महीने आयोजित स्कॉलरशिप परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र- छात्राओं को स्कॉलरशिप प्रदान किया गया। स्कॉलरशिप पाने वाले वालों में शेफाली, प्रकाश, तेजस आदर्श, शिवम् और अंश शामिल हैं।

## विधायक और जिला परिषद ने किया स्नान घाट का शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चांडिल।** चांडिल प्रखंड आसनबनी पंचायत के कांडरबेड़ा में जिला परिषद निधि ने झामुमो विधायक सविता महतो ने शुक्रवार को चार लाख रुपया की लागत से सरकारी तालाब के स्नान घाट का आधारशिला रखी। इस मौके पर विधायक ने कहा कि स्नान घाट के निर्माण होने से लोगों को काफी सुविधा होगी। इस मौके पर ग्रामीणों ने माहली पाड़ा में सड़क के निर्माण कराने और चापानल लगाने की मांग की। विधायक ने हर संभव मदद करने का भरोसा जताया। इस मौके पर जिला पार्षद पिंकी लायेक, पूर्व जिला पार्षद सह झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, काबलू महतो, मिलन तंतुबाय, मदन मुर्मू, इंद्र टुडू व कई लोग उपस्थित थे।

# आज अमृत भारत स्टेशनों की सौगात देंगे पीएम मोदी

- टाटानगर रेलवे स्टेशन का भी होगा पुनर्विकास
- पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा ऑनलाईन शिलान्यास का टाटानगर स्टेशन पर होगा सीधा प्रसारण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 फरवरी को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत झारखंड के 18 स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगे। करीब 600 करोड़ रुपये से इन स्टेशनों का पुनर्विकास किया जायेगा। जिनमें टाटानगर, चक्रधरपुर, गम्हरिया, सिनी, चाईबासा, डांगीपोसी, बढ़ाजामदा, बालसिरिंग, बानो, गंगाघाट, रामगढ़ केंट, गोविंदपुर रोड, औरमा, मुरी, सिल्ली, लोहरदगा, टाटीसिलवे और नामकुम स्टेशन शामिल हैं। इसके साथ ही राज्य में 44 रोड ओवरब्रिज अंडरपास भी बनाये जायेंगे। 26 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों होने जा रहे शिलान्यास को लेकर भाजपा कार्यकताओं में उत्साह और हर्ष का माहौल है। जमशेदपुर में भी टाटानगर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत योजना के तहत विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही, बारीगोड़ा (एल सी 138) और गोविंदपुर (एल सी 137) के आरओबी का निर्माण भी होगा।

# मासिक लोक अदालत में 51 मामले निस्तारित

- तीन लाख 89 हजार 400 रुपये का मामला सेटल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के अध्यक्षता में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें सुलह समझौते के आधार पर 51 मामले का निस्तारण किया गया। लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले 10 पीठों का गठन किया गया था। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि वाद कारियो को मदद के लिए एक हेल्प डेस्क बनाया गया था। प्रथम पीठ में पारिवारिक विवाद का निपटारा कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तंड प्रताप मिश्र व अधिवक्ता वीणा मिश्रा कर रहे थे। पीठ दो में सभी जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के न्यायालय मामला का निस्तारण जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम संतोष कुमार व अधिवक्ता अमिताभ चंद्र सिंह ने किया। इस पीठ में विद्युत विभाग के 33 मामले का निस्तारण किया गया। व विधुत विभाग को दो लाख 72



हजार रुपये राजस्व प्राप्त हुआ। पीठ संख्या तीन में एम ए सी टी से संबंधित मामले का निस्तारण जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंचम अभिमन्यु कुमार व अधिवक्ता सत्येंद्र कुमार सिंह कर रहे थे।पीठ संख्या चार में अपराधिक मामले का निस्तारण आनंद सिंह मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व अधिवक्ता सतीश कुमार दुबे ने किया। इस पीठ में 15 मामले का निस्तारण किया गया। उत्पाद विभाग को पांच केस में 30 हजार 200 रुपये राजस्व प्राप्त हुआ। वहीं वन विभाग के तीन केस में 66 हजार रुपये राजस्व मिला। पीठ संख्या पांच में सिविल जज सीनियर डिवीजन के सभी कोर्ट के मामले का निस्तारण ए सी जे एम संदीप निशित बारा व अधिवक्ता हुसैन वारिस कर रहे थे। पीठ छह में सिविल जज जूनियर डिवीजन सभी कोर्ट के मामले का निस्तारण सिविल जज जूनियर डिवीजन सतीश मुंडा व अधिवक्ता संतोष पांडेय ने किया।

## आज से आठ मार्च तक बंद रहेगा जुबिली पार्क

जमशेदपुर। संस्थापक दिवस समारोह की तैयारियों के कारण जुबली पार्क 26 फरवरी 2024 से 8 मार्च 2024 तक वाहनों और लोगों की आवाजाही के लिए बंद रहेगा।

पार्क 3 मार्च से 5 मार्च तक शाम के समय रोशनी देखने के लिए नागरिकों के लिए खोला जायेगा। यह जानकारी टाटा स्टील यूआइएसएल के प्रवक्ता राकेश कुमार पांडेय ने दी है।

# शिव बारात और विवाह गीत पर जमकर नाचे श्रद्धालु

- श्रीराम कथा के दूसरे दिन शिव-पार्वती विवाह के प्रसंग में भावविभोर हुए श्रोता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा सूर्य मंदिर समिति द्वारा श्रीराम मंदिर स्थापना के चतुर्थ वर्षगांठ पर सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथा प्रारंभ से पहले वैदिक मंत्रोच्चार के बीच व्यास पीठ एवं व्यास का विधिवत पूजन किया गया। सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर के शंख मैदान में हो रहे श्रीराम कथा में पूजन पश्चात श्री अयोध्याधाम से पधारे अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मर्मज्ञ कथा वाचिका पूज्य पंडित गौरांगी गौरी जी का स्वागत किया गया। स्वागत के पश्चात कथा व्यास पंडित गौरांगी गौरी जी ने श्रीराम कथा के द्वितीय दिन शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का सुंदर वर्णन किया। पूज्य पंडित सुश्री गौरांगी गौरी जी ने शिव-पार्वती के शुभ विवाह का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह दिव्य है। माता पार्वती की कठिन तपस्या का परिणाम है कि भगवान शिव ने अपनी शक्ति के रूप में चयन किया। कहा कि माता पार्वती बचपन से ही बाबा भोलेनाथ की अनन्य भक्त थीं। एक दिन पर्वतराज के घर महर्षि नारद पधारे और उन्होंने भगवान भोलेनाथ के साथ पार्वती के विवाह का संयोग बताया। शिव पार्वती के विवाह की कथा का श्रवण कराते हुए कहा कि नंदी पर सवार भोलेनाथ जब भूत-पिशाचों के साथ बरात लेकर पहुंचे तो माता पार्वती के माता-पिता बारात में सम्मिलित भूत, प्रेत औघड़ को देखकर अचंभित रह गये। भगवान शिव स्वयं नंदी पर विराजमान थे और गले में नाग की माला धारण किए हुए थे। साथ में भगवान विष्णु और ब्रह्माजी भी देवताओं की टोली लेकर चल रहे थे। त्रिलोक शिव विवाह के आनंद से मगन हो रहा था। हर तरफ शिवजी के जयकारे लग रहे थे। बारात नगर भ्रमण करते हुए देवी पार्वती के पिता राजा हिमवान के द्वार पहुंची। बारात के स्वागत के लिए महिलाएं आरती की थाली लेकर आयीं। भगवान शिव की सासु मां मैना अपने दामाद की आरती उतारने दरवाजे पर पहुंची। भगवान शिव की सामने जब मैना पहुंची तो शिवजी का रूप देखकर चकरा गयीं।





कथा सुनते श्रद्धालु और कथा सुनातीं गौरांगी गौरी।

## एक नजर में

### सोपोडेरा रविदास भवन में मनी रविदास जयंती



**जमशेदपुर।** संत शिरोमणि सत गुरु की उपाधि प्राप्त संत कवि रविदास की 647वीं जयंती जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत सोपोडेरा रवि दास भवन में धूमधाम से मनायी गयी। मौके पर गौतम बुद्ध, संत रविदास एवं संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया। विधि पूर्वक पूजा अर्चना, हवन, आरती, भजन, रामायण पाठ एवं संत कवि रविदास के गुरुवाणी का व्याख्यान किया गया। इस कार्य को स्थानीय बारीगोड़ा निवासी राम चंद्र दास ने संपन्न कराया। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय रविदास समाज के लोग इस कार्यक्रम में शिरकत किये। माताएं एवं बहने भी कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा ली। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज को एक जुट करने , सतगुरु के विचारों को अधिकाधिक लोगों तक पहुंचाने एवं समाज के लोगों को नई दिशा देने में मदद मिलती है। श्री दास ने कहा कि संत रवि दास देश और दुनिया को अमूल्य सीख दे गये हैं। वो समाज में फैले बुराईयों एवं कुरीतियों को दूर किये। उन्होंने समाज के लोगों से शिक्षा पर जोर देने, समाजसेवा कार्यों में आगे आने तथा एकजुटता बनाए रखने की अपील की। उधर बारीगोड़ा जनता रोड, आदित्यपुर में भी संत रविदास जी की जयंती मनायी गयी।

### कदमा में याद किये गये संत शिरोमणि गुरु रविदास



**जमशेदपुर।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती रविदास भवन कदमा में मनायी गयी। सबसे पहले संविधान की उद्देशिका का सामूहिक पाठ किया गया। आमसभा 2 बजे प्रारंभ हुई। सभा अध्यक्ष मां सरयु रविदास जी और मुख्य अतिथि डा सत्यदेव राम प्राचार्य पालिटेक्निक कालेज बोकारो ने गुरु रविदास जी के चित्र पर पुष्पांजलि कर सभा की शुरुआत की। महामंत्री हरिबालक प्रसाद आगंतुकों का स्वागत करते हुए अपने विचार रखे ।मां भागीरथ दास उद्घाटन भाषण देते हुए स्पष्ट किए कि हम लोग संत के बारे में जो पढ़ रहे हैं वह सत्य नहीं है ।उनके कार्य को छिपाने के लिए इतिहास में मिलावट की गई है ।हमें लकीर का फकीर नहीं बनना है ।अपने असली इतिहास को जानें और पढ़ें । वक्ताओं ने कहा कि हमारे संत सामाजिक बदलाव की लड़ाई लड रहे थे। उनके संघर्ष को कुंद करने के लिए उन्हें अवतार और चमत्कारी बताकर प्रचार किये ।शिक्षा पर एक विशेष वर्ग का अधिकार था। वहीं लोग अपने तरीके से इतिहास लिखे हैं जो सही नहीं है। उनकी शास्त्र की बातें वैज्ञानिक नहीं है इसलिए उन्हें मानने की जरूरत नहीं है। मुख्य अतिथि ने कहा कि हमारी विषमता का कारण हमारी जाति है। इसे हमें समाप्त करना है। संत रविदास और संत गाडगे को आदरांजलि अर्पित की गई ।सभा को इन लोगों ने भी संबोधित किया। मौके पर शिवलाल राम, सीताराम, धातु हेमब्रम, रमेश कुमार शर्मा, ओम प्रकाश सिंह, बनारसी राम,सावन कुमार,आर बी सिंह, जगदीश प्रसाद,राम लाल, रविशंकर आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विश्राम राम और धन्यवाद ज्ञापन श्याम लाल ने किया।

### विश्व जन सेवा ट्रस्ट ने गदड़ा में लगा स्वास्थ्य शिविर




**जमशेदपुर।** शनिवार को विश्वा जन सेवा ट्रस्ट के तरफ से डॉ मनीष कुमार झा ने गधरा में भोजन और स्वास्थ्य के बारे में बच्चो को जानकारी दी। बच्चों और वयस्कों को भी भोजन के तरीकों के बारे में बताया गया। प्रोटीन और विटामिन युक्त भोजन से संबंधित जानकारी दी गयी। साथ ही जंक भोजन के दुष्परिणामों के बारे में बच्चो को अवगत कराया गया। बच्चे इस कार्यक्रम से बहुत खुश हुए और अच्छे भोजन करने का प्रण लिये। संस्था के तरफ से बच्चो को प्रोटीन युक्त बिस्कुट वितरण किया गया। संस्था की तरफ से ये कार्यक्रम लगातार ग्रामीण बच्चों के बीच किया जा रहा है ताकि बच्चे अच्छे भोजन कर के अपना बेहतर शारीरिक विकास कर सकें।

### सीए शिवांक छापरिया ने दी कई जानकारी




**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर में आयकर अधिनियम सेक्शन-43बी(एच) पर एक परिचर्चा का आयोजन चैम्बर भवन में आयोजित किया गया। जिसपर कोलकाता से आये मुख्य वक्ता अनुभवी चार्टर्ड एकाउंटेंट सीए शिवांक छापरिया ने उपस्थित व्यवसायी एवं उद्यमियों को विस्तृत जानकारी दी। यह जानकारी मानद महासचिव मानव केडिया ने दी। इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरूआत सचिव, वित्त एवं कराधान अधिवक्ता अंशुल रिंगसिया ने मंच संचालन करते हुये मंच पर अतिथियों को आमंत्रित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि उद्यमियों एवं व्यवसायियों के लिये आयकर के नियमों को जानना बहुत जरूरी होता है ताकि सजा के प्रावधानों से बचकर इसका लाभ उठा सके। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कोलकाता से आये चार्टर्ड एकाउंटेंट शिवांक छापरिया ने इस विषय पर सदस्यों को संबोधित करते हुये प्रमुख बिंदुओं पर कहा कि आयकर अधिनियम सेक्शन-43बी (एच) को एमएसएमई माईक्रो और स्मॉल उद्यम की सुरक्षा के लिये बनाया गया है।

## स्पीड न्यूज

### नये थाना प्रभारी को किया सम्मानित



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने लेस्लीगंज में नव पदस्थापित थाना प्रभारी राजू गुप्ता को पुष्पगुच्छ देकर और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने प्रभारी को शुभकामना देते हुए क्षेत्र में अमन, चैन, शांति और सौहार्दपूर्ण व्यवस्था बनाये रखते हुए पुलिस पब्लिक समन्वय बनाये रखने का सुझाव दिया।

### भाजपा ने की लाभार्थी संपर्क कार्यशाला



**हरिहरगंज पलामू।** भाजपा ने शनिवार को लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला की। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम तथा संचालन महामंत्री सन्नी गुप्ता ने किया। मौके पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित लाभार्थी संपर्क अभियान भाजपा का अंत्योदय योजना का भाग है। जिससे सबसे अंतिम पायदान में बैठे उस व्यक्ति के जीवन में बदलाव आये। मौके पर कार्यक्रम संयोजक अरुण मिश्रा, सह संयोजक अरविंद पासवान, विस्तारक राजेश यादव, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, सत्येंद्र पासवान, विजय यादव, भीमसेन शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष सिकंदर पासवान आदि थे।

### झामुमो नेता दीपक तिवारी को पितृशोक



**मेदिनीनगर।** झामुमो के युवा नेता सह इंडियन रोटी बैंक के प्रदेश को-ऑर्डिनेटर दीपक तिवारी के पिता अखिलेश तिवारी का निधन बीती रात हृदय गति रूकने से हो गया। उनका दाह संस्कार बेलवाटिका स्थित कोयल नदी तट पर किया गया। खबर सुनते ही विभिन्न राजनीतिक दल, सामाजिक संगठन से जुड़े लोग रेड़मा स्थित उनके घर पहुंच श्रद्धा सुमन अर्पित किये। साथ ही शोकाकुल परिवार को ढाढ़स बंधाया। वे अपने पीछे पत्नी, पुत्री एवं नाती-पोता से भरा परिवार छोड़ गये। शोक व्यक्त करनेवालों में झामुमो के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, गोपाल श्रीवास्तव, इंडियन रोटी बैंक के सोनू सिंह नामधारी, देवेंद्र तिवारी, सुनील तिवारी, संजीव तिवारी, अविनाश देव है।

### व्यवसायी को अपराधियों ने मारी गोली

**नौडीहा बाजार पलामू।** थाना क्षेत्र के खडार इलाके में व्यवसायी कृष्णा गुप्ता को गोली मार दी गयी। गोली कृष्णा के कमर के पास लगी। उसे गंभीरावस्था में इलाज के लिए छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। दुखन बांस से बने सूप दउरा का कारोबार करते हैं। शनिवार को वह अपनी मोपेड से नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के रिसियप इलाके में बांस से बनी सामग्री लेने गये थे। इसी क्रम में बाइक सवार दो अपराधियों ने उसे गोली मार दी।

**कारोबार को लेकर चल रहा विवाद :** दुखन का नौडीहा बाजार में बांस सामग्री के कारोबार को लेकर कुछ लोगों से विवाद चल रहा था। दो साल पहले व्यापारिक विवाद के चलते उनकी दुकान में आग लगा दी गयी थी। जिसमें सारा सामान जल गया था। दुखन ने पुलिस को बताया कि व्यावसायिक विवाद में उसे गोली मारी गयी है। उन्होंने कई नाम बताये हैं।

### किसान वर्तमान समय में समेकित कृषि प्रणाली को अपनायें : अनिल मेहता




**मेदिनीनगर।** आत्मा पलामू ने तीन दिवसीय राज्यस्तरीय परिभ्रमण कार्यक्रम किया। इसमें रांची जिला के नगड़ी केंद्रीय तसर अनुसंधान केंद्र व खूंटी जिला के कर्रा प्रखंड में किसान पाठशाला में 50 किसानों का परिभ्रमण कराया गया। इस दौरान किसानों को समेकित कृषि प्रणाली को नजदीक से देखने व समझने का अवसर प्रदान हुआ। जिसे किसानों ने इस कृषि प्रणाली की प्रशंसा की। साथ ही अपनाने का संकल्प लिया। यह झारखंड का पहला किसान पाठशाला मॉडल है जिसको खुंटी के निवर्तमान उपायुक्त सह पलामू के वर्तमान उपायुक्त शशिरंजन ने विकसित किया। मौके पर सहायक तकनीकी प्रबंधक अनिल मेहता, राजन कुमार ने किसानों को समेकित कृषि प्रणाली को वर्तमान समय में अपनाने के लिए विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए कई टिप्स दिये।

### दिल्ली में होने वाली यंग इंडिया रैली को मुख्यमंत्री ने दिया समर्थन

- भाकपा माले विधायक विनोद कुमार सिंह, आइसा राज्य सचिव त्रिलोकी नाथ और छुटुराम महतो ने सीएम को यंग इंडिया चार्टर सौंपा



**मेदिनीनगर।** पिछले 10 सालों में शिक्षा रोजगार के नाम पर मोदी सरकार ने केवल धोखा दिया है। झारखंड में लोहा, कोयला, जल-विद्युत प्राकृतिक संसाधनों को केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र को दे दिया गया लेकिन बहाली ठप है। मोदी सरकार का हमला केवल जनता के रोजी-रोटी तक ही सीमित नहीं है। आज लोकतंत्र संविधान, कोर्ट,चुनाव आयोग और अब तो संसद को भी सरकार के इशारे पर नचाया जा रहा है। वहीं भाजपा देश में धर्म, जाति, सांप्रदायिक, मंदिर मस्जिद जैसे सवालों को चुनावी एजेंडा बनाते रही है। इस बार भी भाजपा पूरी कोशिश कर रही है ताकि जनता के सवाल गौण हो जाये।

### संत रविदास ने समाज को एकजुटता का रास्ता दिखाया : नामधारी

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला रविदास महासभा ने संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती समारोह गुरु तेग बहादुर मेमोरियल हॉल डाल्टनगंज में मनायी। समारोह की अध्यक्षता महासभा के अध्यक्ष डॉ सीमा ने की और संचालन पूर्व महासचिव गणेश रवि ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने किया। कहा कि सतगुरु रविदास जी ने हमेशा समाज को एकजुट होकर चलने का रास्ता दिखाया है और संगठित होकर ही चलने से मंजिल तक आप हम सब लोग पहुंच पायेंगे। आज सभी जगह दिख रहा है समाज में बिखराव हो रही है।

# मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से आज होगा वॉकथॉन

- निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी आमजनों से इस वॉकथॉन में भाग लेने की अपील की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत आगामी लोकसभा चुनाव में जिले में शत प्रतिशत मतदान कराने व इस हेतु मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को प्रातः 7 बजे से समाहरणालय परिसर से पुलिस लाइन ग्राउंड तक वॉकथॉन का आयोजन किया जायेगा। चुनाव का पर्व देश का गर्व थीम के साथ आयोजित होने वाले वॉकथॉन में मेदिनीनगर शहर के युवा, स्कूली बच्चे, समाहरणालय के सभी पदाधिकारी व कर्मी, महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन, पत्रकार, हाई कोर्ट व सिविल कोर्ट के न्यायाधीश, सामाजिक कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल होंगे। यह वॉकथॉन समाहरणालय परिसर से कचहरी चौक, छह मुहान चौक, साहित्य समाज चौक होते हुए पुलिस लाइन मैदान पर समाप्त होगी। पुलिस लाइन मैदान में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया जायेगा।




साथ ही स्कूली बच्चों एवं अन्य के बीच इलेक्शन से जुड़े क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा, जिसमें सही जवाब देने वालों को पुरस्कृत भी किया जायेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने सभी आमजनों से इस वॉकथॉन में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

# संतों के आदर्शों को अपनाने की जरूरत : शशिभूषण

- विधानसभा क्षेत्र के कई स्थानों पर आयोजित संत रविदास जयंती में पांकी विधायक ने लिया भाग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** मनातू प्रखंड के जसपुर एवं पदमा के तेतररडीह में संत रविदास जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने भाग लिया। विधायक ने कहा कि संतों को कभी जाति बंधन में नहीं बांधना चाहिए। संत सभी जाति धर्म के लोगों के लिए आदर्श होते हैं।

सतगुरु रविदास जी ने हमेशा समाज को एकजुट होकर चलने का रास्ता दिखाया है और संगठित होकर ही चलने से मंजिल तक आप हम सब लोग पहुंच पायेंगे। आज सभी जगह दिख रहा है समाज में बिखराव हो रही है। समाज में फूट हो रही है। ऐसी स्थिति में समाज को सतगुरु रविदास जी के दिखाए मार्गों पर चलना चाहिए। संत जी के दिखाये मार्गों पर चलने के लोगों को आह्वान करता हूं। उन्होंने कहा कि भक्ति काल के दौर में सतगुरु रविदास जी जैसे सैकड़ो संतों ने भारत को राह दिखाई और लोगों को आगे बढ़ने का रास्ता सुगम बनाया।

उन्होंने कहा कि आज आधुनिक भारत में संतो को दिखाएं रास्ते पर चलने की जरूरत है। कुछ लोग अपने स्वार्थ में अपने अतीत को भूल गए हैं। समाज को तीतर भीतर करने में लगे हुए हैं। समाज हर दिन टूट रहा है। और एक ऐसी विचारधारा समाज को तोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। विधायक ने डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का भी अनावरण किया। कहा कि डॉ अंबेडकर ने जो शिक्षित बनने, एकजुट होकर संघर्ष करने की जो प्रेरणा दिया है उसे अपनाने की जरूरत है। मौके पर मनातु मंडल अध्यक्ष सत्येन्द्र यादव, विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

### रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय में 11वीं अकादमिक परिषद की बैठक संपन्न

# शिक्षा संबंधी कई क्रियाकलापों को पदाधिकारियों ने दी स्वीकृति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर पलामू।** रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय विश्रामपुर के सभागार में अकादमिक परिषद की 11वीं बैठक संपन्न हुई। इसमें सर्वप्रथम विवि के कुलसचिव प्रो डा देवाशीष मंडल ने अकादमिक परिषद के सदस्यों एवं अन्य सदस्यों का अभिनंदन किया। बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो डॉ कल्याण कुमार ने की। 28 अप्रैल 2023 को आयोजित अकादमिक परिषद की दसवीं बैठक के प्रस्तावों पर हुई कार्यवाही को स्वीकृति प्रदान की गयी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, शिक्षण गुणवत्ता एवं पीएचडी शोध विषयक क्रिया कलापों से जुड़ी अभिन्न अनुमोदनों को स्वीकृति प्रदान की गयी। बैठक में आरसीयू के परीक्षा नियंत्रक, विभिन्न विभागों के डीन एवं विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्य व प्रोफेसर मौजूद थे। कुलसचिव ने धन्यवाद ज्ञापन किया।



बैठक के दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा करते कुलसचिव, कुलपति, डीन व अन्य।

# 18 वर्ष की उम्र के हर मतदाता को मतदान करना जरूरी है : उपायुक्त

- संत मरियम स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्वीप कार्यक्रम अंतगत आगामी लोकसभा चुनाव में जिले में शत प्रतिशत मतदान कराने व मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर शनिवार को नावाहाता स्थित संत मरियम स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त शशिरंजन, विशिष्ट अतिथि डीडीसी रवि आनंद, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार, एलआरडीसी मनोरंजन कुमार उपस्थित थे। सभी ने सामूहिक रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



**कार्यक्रम की खास बातें :** स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने सभी अतिथियों को शॉल व बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि सभी को वोट देना आवश्यक है। मतदान अपनी सरकार के साथ अधिक नागरिक रूप से जुड़ने का एक तरीका है। अपनी आवाज सुनकर और उन लोगों के विचार का प्रतिनिधित्व करके दुनिया में बदलाव लाना महत्वपूर्ण है जिनके पास कोई आवाज नहीं है। यदि आप बदलाव लाना चाहते हैं तो मतदान एक बेहतर तरीका है। अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने कहा कि बेहतर भारत निर्माण हेतू लोकतंत्र के इस महापर्व में हम सभी को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। साथ ही अपने घर, समाज को इसके लिए जागरूक करना चाहिए। प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार ने लोकतंत्र में चुनाव कैसे होते हैं, चुनाव की प्रक्रिया सहित विभन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला। स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि यदि आप बदलाव लाना चाहते हैं तो मतदान एक बेहतर तरीका है। चुनाव में मतदान करने से नागरिकों को यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि देश को बेहतर अधिकार और सुरक्षा प्रदान की जाती है। कार्यक्रम में स्कूल की छात्रा वंशिका गुप्ता, सृष्टि शाह, वैष्णवी रानी ने संयुक्त रूप से मतदाता जागरूकता गाना प्रस्तुत किया। मौके पर प्राचार्य कुमार आदर्श, संगीत शिक्षक श्याम किशोर पांडेय व सभी शिक्षक मौजूद थे।

### माता शबरी श्रीराम की परम भक्तः निरंजन पासवान

**पाटन पलामू।** भाजपा नेता निरंजन पासवान ने माता शबरी जयंती पर कहा कि माता शबरी भगवान श्रीराम की परम भक्त थी। माता शबरी के निःस्वार्थ प्रेम के कारण ही भगवान उनकी कुटिया पहुंचे थे। वे जूठे बेर खाये थे। इससे संसार में संदेश दिया कि समाज में सभी बराबर हैं, कोई छोटा-बड़ा नहीं है। इस प्रकार शबरी ने अपना संपूर्ण जीवन श्रीराम की भक्ति में बिता दिया। इसलिए उनके जन्म दिवस पर हर वर्ष धूमधाम से जयंती मनायी जाती है।

### रामनवमी पूजा समिति की बैठक आज



**हरिहरगंज पलामू।** मेन रोड स्थित महावीर मंदिर परिसर में रविवार की शाम 7 बजे रामनवमी पूजा समिति की बैठक होगी। जिसमें आगामी रामनवमी पूजा समारोह धूमधाम से मनाने के लिए चर्चा के साथ ही समिति का पुनर्गठन किया जायेगा। उक्त जानकारी समिति के सचिव चंदन जायसवाल ने दी है। उन्होंने सभी राम भक्तों से बैठक में शामिल होने की अपील की है।

### प्रभारी को मुखिया संघ के अध्यक्ष ने किया सम्मानित



**पीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** मुखिया संघ के अध्यक्ष मंदीप मेहता के नेतृत्व में प्रखंड के मुखिया प्रतिनिधिमंडल ने लेस्लीगंज थाना के नव पदस्थापित थाना प्रभारी राजू गुप्ता से औपचारिक भेंट कर पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल में लेस्लीगंज मुखिया रेखा देवी, कुराईनपतरा मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र कुमार, पिपराखुर्द मुखिया प्रतिनिधि शैलेश सिंह, प्रखंड चेंबर अध्यक्ष छोटेलाल सोनी शामिल थे। आशा व्यक्त की है कि नये थाना प्रभारी क्षेत्र में अमन चैन व शांति व्यवस्था कायम रखेंगे। वहीं थाना प्रभारी ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था व अमन चैन हेतु सभी तरह के प्रयास करेंगे। पुलिस-पब्लिक संबंध पूर्व की तरह ही मधुर रहेंगे।

### धार्मिक अनुष्ठान के साथ विश्वकर्मा महायज्ञ संपन्न



**मोहम्मदगंज पलामू।** मोहम्मदगंज (भीमनगर) गीता मंदिर स्थित भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा व शिवलिंग स्थापना के लिए यज्ञाचार्य सृष्टिकांत मिश्रा के सान्निध्य में पांच दिवसीय वैदिक महायज्ञ का धार्मिक अनुष्ठान यज्ञ की पूर्णाहूति के साथ शनिवार को संपन्न हो गया। सैकड़ो भक्तों ने पूजा अर्चना कर विश्व शांति के लिए भक्तों ने हवन किया। श्रद्धालुओं ने भगवान विश्वकर्मा व शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की। यज्ञ समापन के बाद महाभंडारा में महाप्रसाद बंटा। इसे सफल बनाने में सुरेंद्र विश्वकर्मा, बिमलेश विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, धर्मेन्द्र विश्वकर्मा, कंचन विश्वकर्मा, रामचरित विश्वकर्मा, अरबिंद शर्मा लगे थे।

## एक माह बाद भी पुलिस का हाथ खाली, लोगों में बढ़ रहा आक्रोश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

शुभम गुप्ता हत्याकांड



**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज के युवा व्यवसायी शुभम गुप्ता हत्याकांड के एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पुलिस मामले का उद्भेदन नहीं कर सकी। वहीं घटना में संलिप्त अपराधियों की अभी तक गिरफ्तारी भी नहीं हो सकी है। इस मामले में पुलिस अभी तक खाली हाथ है। मालूम हो कि गत 18 जनवरी को छतरपुर बाजार में दिन दहाड़े शुभम गुप्ता की हत्या गोली मार कर कर दी गई थी। इस संबंध में छतरपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई है। पुलिस तफ्तीश का परिणाम सामने नहीं आने से मृतक के पिता शंकर प्रसाद गुप्ता, भाई सौरव गुप्ता सहित अन्य परिजन काफी आहत हैं। शनिवार को अपने आवास पर प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर परिजनों ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हुए शुभम के हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने कहा कि पुलिस अभी तक इस मामले में विफल रही है। पुलिस द्वारा मामले का खुलासा नहीं करने के कारण समाज में तरह-तरह की अफवाहें उड़ रही हैं। जिससे उनकी मान-प्रतिष्ठा को ठेस पहुंच रही है।

## संत रविदास ने दिया भाईचारा, समाज सुधार व मानवता का संदेश : शेर अली

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** फूले अंबेडकर विचार मंच ने कुसूवा में संत शिरोमणि रैदास की 647वीं जयंती आयोजित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा निवृत्त शिक्षक रामश्रय बौद्ध और संचालन राजनंदन प्रभाकर ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी शेर अली, रामश्रय बौद्ध, बसपा जिलाध्यक्ष अजय भारती ने फीता जोड़ कर किया। वहीं अतिथियों ने संत शिरोमणि रैदास की तस्वीर के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि शेर अली ने कहा कि संत रैदास ने समाज सुधार भाईचारा व मानवता का संदेश दिया। उन्होंने भक्तिकाल में अपनी वाणी से संत काव्य की रचना की। साहित्य जगत में अपनी सोंच की डंका बजायी। उनका कहना था कि अल्लाह व ईश्वर एक हैं, उन्होंने छुआछूत और अज्ञानता के खिलाफ जीवन भर संघर्ष करते रहे।

## संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 647वीं जयंती मनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा पलामू।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 647 वां जयंती प्रखंड क्षेत्र के सतबरवा, बारी, मानासोती, रेवारातु, बोहिता, बकोरिया समेत कई गांव में शनिवार को धूमधाम से मनाई गई। श्रद्धालुओं के द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण का उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। बारी गांव में जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी, मुखिया निरोतमा कुमारी, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, पंसस मो जुबेर आलम समेत कई लोगों ने कार्यक्रम में शामिल होकर संत शिरोमणि के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वहीं इस दौरान सतबरवा तथा मानासोती गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

### सलतुआ में तीन मार्च से प्रारंभ होगा श्री शतचंडी महायज्ञ

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के सलतुआ झरिवा शिव मंदिर तहले नदी के तट पर बहेरा कला में श्री शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह यज्ञ श्रीश्री 1008 ब्रह्मलीन त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के परम शिष्य श्रीश्री 108 श्री रंगनाथाचार्य जी महाराज के परम शिष्य श्रीश्री 108श्री स्वामी गोपालाचार्य जी महाराज के नेतृत्व में कराया जा रहा है। यह जानकारी यज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष विश्वास सिंह उर्फ गुड्डन, सचिव प्रेमचंद पासवान, कोषाध्यक्ष मुरलीधर सिंह ने दी।

## झामुमो हमेशा लड़ना जानता है झुकना नहीं : राजेंद्र सिन्हा

- झामुमो पलामू ने अध्यक्ष के नेतृत्व में शाहपुर में निकाला न्याय मार्च

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चैनपुर पलामू।** झामुमो ने न्याय मार्च शाहपुर के वार्ड 32 और 33 में निकाला। झामुमो पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अलोकतांत्रिक तरीके से गिरफ्तारी और केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के खिलाफ सभी प्रखंडों के पंचायतों और निगम के वार्डों में न्याय मार्च निकाल रहा है। साथ ही सभी चौक पर नुक्कड़ सभा भी की जा रही है। इसी दौरान झामुमो पलामू अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा के नेतृत्व में शाहपुर में निकले न्याय मार्च में जनता का अपार समर्थन मिला, आम लोग झामुमो का समर्थन कर रहे हैं और न्याय मार्च का स्वागत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो हमेशा लड़ना जानता, झुकना नहीं। हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

# भुइयां समाज ने मनायी शबरी जयंती

## माता शबरी जयंती सह भुइयां मिलन समारोह का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** माता शबरी सह भुइयां मिलन समारोह का आयोजन शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के चेतमा गांव के जतरा मेला टांड़ परिसर में आयोजित की गयी। जिसमें सैकड़ों की संख्या में भुइयां परिवारों के अलावे अन्य समाज के लोग मांदर की थाप पर झूमते गाते कार्यक्रम में पहुंचे थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदीप सिंह, मनोज भुइयां, जितेंद्र सिंह, अर्जुन मेहता, पूर्व मुखिया कईला भुइयां, प्रखंड भुईया समाज के अध्यक्ष विश्वनाथ भुइयां, हरदयाल सिंह, प्रमोद राम, योगेंद्र भुइयां, रामू भुइयां समेत कई लोगों ने माता शबरी की पूजा अर्चना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक अध्यापक सीताराम भुइयां ने किया जबकि संचालन रामेश्वर भुइयां कर रहे थे। मौके पर लातेहार जिला के मनिका तथा बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के कारीमाटी, सेवधरा, रांकी कला, नक्टा, रबदी, सतबरवा प्रखंड के सलैया, पिपरा, रांकी खुर्द, बकोरिया, कसियाडीह समेत दर्जनों गांवों के लोग माता शबरी की जयंती में मांदर के थाप पर नृत्य करते पहुंचे थे।




समारोह के दौरान मंच पर उपस्थित भुइयां समाज के लोग।

**खास बातें :** मुख्य अतिथि मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि माता सबरी हम सबके हैं, उनके आदर्शों को अपनाने की जरूरत है। माता शबरी पूजनीय है। उन्होंने अपने तप के बदौलत भगवान श्री राम को अपने पास कुटिया में बुलाया था और उनके साथ उनके अनुज ने जिस आदर भाव से उनके जूठे बेर का स्वाद चखा था। कहा कि वह सभी वर्गो के लिए माता शबरी खास है। भुइयां समाज की मिसाल माता को हम सब नमन और आदर के साथ नाम लेते हैं यह सभी के लिए गौरव की बात है। माता शबरी समाज में एकरूपता की मिसाल थी। आज उनके बताए हुए मार्ग पर चलने की जरूरत है ताकि समाज में एकरूपता लाई जा सके। इस अवसर पर कार्यक्रम में पहुंचे सैकड़ो लोगों के बीच बेर और खिचड़ी प्रसाद वितरण किया गया।

# एके सिंह कॉलेज जपला के विद्यार्थियों का सेंटर छतरपुर होने से होगी भारी परेशानी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** एके सिंह कालेज जपला में अध्यनरत विभिन्न संकायों में स्नातक के विद्यार्थियों की सेमेस्टर की परीक्षा समय समय पर ली जाती है। 28 फरवरी से होने वाली परीक्षा का केंद्र नीलांबर पीतांबर विवि द्वारा गुलाबचंद प्रसाद डिग्री कालेज छतरपुर कर दिया गया है। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि जपला के विभिन्न गांव से छतरपुर की दूरी कम से कम चालीस किलोमीटर है। दूसरी समस्या यह है कि जपला से छतरपुर आने जाने का समुचित साधन नहीं है। जिससे छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। छतरपुर से आखिरी बस 4 बजे तक ही है। जबकि परीक्षा का समय 2 बजे से 5 बजे तक निर्धारित है। संपन्न परिवारों के बच्चे बच्चियां तो निजी वाहन से आना जाना कर लेंगे। मगर कालेज के अधिकांश गरीब विद्यार्थियों को आना जाना या वहां रहना काफी मुश्किल होगा। अधिकांश गरीब विद्यार्थी परीक्षा से वंचित रह सकते हैं। विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों के लगातार फोन कर सेंटर जपला में कराने की मांग की जा रही है।

**विधायक कमलेश सिंह ने की परीक्षा केंद्र जपला में ही रखने की मांग**



**खास बातें :** विधायक श्री सिंह ने नीलांबर पीतांबर विवि के वाइस चांसलर से एके सिंह कालेज जपला के विद्यार्थियों की परेशानी को देख परीक्षा केंद्र जपला के ही इंटर उच्च विद्यालय या बीएड कालेज में करने की मांग विद्यार्थी व अभिभावकों ने की है। विद्यार्थी व उनके अभिभावकों ने प्रेस को बताया कि जब तक विधायक कमलेश कुमार सिंह कालेज के अध्यक्ष थे, तब तक सेंटर को लेकर कभी परेशानी नहीं हुई। उन्होंने विधायक कमलेश कुमार सिंह व एनपी विवि के वाइस चांसलर से एके सिंह कालेज जपला के विद्यार्थियों का परीक्षा केंद्र छतरपुर की जगह जपला के ही किसी विद्यालय में करने की मांग की है।

स्पीड न्यूज

## व्यक्ति अपने कार्य से महान होता है : ललन

**कतरास ।** शनिवार को सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में संत रविदास जयंती का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम संत रविदास की प्रतिमा पर विद्यालय प्रभारी मदन मोहन राय एवं आचार्य ललन कुमार सिंह ने माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया। अपने उद्बोधन में आचार्य ललन कुमार सिंह ने कहा कि व्यक्ति अपने कर्म से महान बनता है। जैसा कि संत रविदास ने अपने कार्यों के द्वारा भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता को संपूर्ण जनमानस में प्रचारित एवं प्रसारित किया। विद्यालय प्रभारी मदन मोहन राय ने कहा कि संत रविदास जयंती भारतीय संस्कृति के लिए एक उज्वल अध्याय है। हमें चाहिए कि हम उनके कार्यों का अनुसरण करें एवं भारतीय संस्कृति को विस्तार दें। इस अवसर पर कक्षा चतुर्थ एवं षष्ठ के भैया. बहनों द्वारा एक मन चंगा तो कठौती में गंगा शीर्षक एकांकी प्रस्तुत की। इसके साथ.साथ कक्षा षष्ठ की बहन तनीषाए कक्षा चतुर्थ की बहन तृषा लाला एवं ज्योति कुमारी ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का मंच संचालन कक्षा पंचम की बहन सुप्रिया तिवारी एवं तृषा लाला ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय की वरिष्ठ आचार्या निशा तिवारीए वरिष्ठ आचार्य डॉक्टर तापस कुमार घोष आदि उपस्थित था।

## श्री राम के जीवन से गुरुभक्ति सिखना चाहिए

**सिंदरी।** पंचमुखी हनुमान मंदिर सिंदरी में श्री श्री मारुति नंदन महायज्ञ के छठे दिन शनिवार को राष्ट्रीय प्रवक्ता अरविंद गगाचार्य ने कहा कि श्री राम के जीवन से गुरु भक्ति सीखनी चाहिए। गुरु ही आपको आपके लक्ष्य तक पहुंचाता है। उन्होंने प्रवचन के दौरान बताया कि प्रभु श्री राम जी गुरु विश्वामित्र के सोने के बाद सोते हैं। परंतु उनके जागने से पहले जग कर गुरु सेवा में लग जाते हैं। उन्होंने विद्यार्थी के पांच लक्षण को कविता में बताते हुए कहा कि काक चेष्ठा बको ध्यानमए स्वान निद्रा तथैव च। अल्पाहारी गृहत्यागी विद्यार्थी पंच लक्षण:। अर्थात कौए की तरह दृष्टिए बगुले की तरह एकाग्रताए कुत्ते की तरह निद्रा होनी चाहिए। कम खाना और घर के प्रति अधिक मोह न हो। ये पांच लक्षण वाले विद्यार्थी अपने लक्ष्य को जरूर प्राप्त कर लेता है। राम विवाह के प्रसंग में गूढ़ भाव प्रगट करते हुए कहा कि भूप सहसदस एकही वालाए लगे उठावन टरहि न टारा। अर्थात एक दिन में दस हजार राजाओं ने धनुष उठायाए पर कोई उठा न सका।

## नाई समाज के योगदान को भुलाया नही जा सकता : रोहित यादव

**कतरास।** श्री श्री बाबा धर्मदास मंदिर के प्रांगण में नाई समाज द्वारा आयोजित माघी पूर्णिमा के वार्षिक महोत्सव में माता टेकने पहुंचे समाजसेवी रोहित यादव को नाई समाज ने पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया । उन्होंने कहा देश के निर्माण में नाई समाज के योगदान को भूलाया नहीं जा सकता। स्वतंत्रता सेनानी कपूर्री ठाकुर जैसे महान क्रांतिकारी नेता इसी समाज से थे, जो बिहार के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। उनकी लोकप्रियता के कारण उन्हें जननायक कहा जाता था। हमें भी उनके नक्शे कदम पर चलकर देश के विकास में साथ चलना है। कार्यक्रम में नाई समाज के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

# आउटसोर्सिंग में वर्चस्व को लेकर दो गुटों में झड़प, एक को लगी गोली, बम बरामद

**ोलियों की तड़तड़ाहट से गूंजा कोयलांचल**



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** कोयलानगरी धनबाद एक बार फिर गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। शनिवार को गोली और बमबाजी की घटना में रघुकुल समर्थक को गोली लगी है और एक जिंदा बम बरामद किया गया है। बताया जाता है कि सिंह मेंशन और रघुकुल समर्थकों के बीच आउटसोर्सिंग में वर्चस्व को लेकर भिड़ंत हुई है। जिसमें दोनों पक्षों की ओर से गोलीबारी और बमबाजी हुई है। घटना के बाद इलाके के लोग दहशत में हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि पुटकी थाना क्षेत्र के गोपालीचक स्थित बीसीसीएल की सिंह नेचुरल आउटसोर्सिंग कंपनी में फायरिंग हुई है। गोलीबारी और बमबाजी की इस घटना में सोनू नामक एक युवक को गोली लगी है। गोली लगने के बाद सोनू को आनन फानन में एसएनएमएमसीएच अस्पताल धनबाद पहुंचाया गया है। जहां फिलहाल उसका इलाज चल रहा है। सोनू को बांह में लगी गोली बांह को पार कर गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रघुकुल और सिंह मेंशन समर्थकों के बीच पहले मारपीट की घटना हुई। फिर देखते ही देखते बात बढ़ गई और दोनों ओर से गोलीबारी और बमबाजी की गई है। जिसमें सोनू यादव नामक युवक को गोली लगी है। सोनू यादव रघुकुल समर्थक बताया जा रहा है। गोलीबारी की घटना में सिंह मेंशन समर्थक गोलू रवानी का नाम सामने आ रहा है। बताया जा रहा है कि इस इलाके में गोलू रवानी का सिक्का चलता है। धनबाद में अवैध कोयला कारोबार में पूर्व में गोलू रवानी का नाम सुर्खियों में आया था।

## रेल पटरी ठीक कर रहे दो रेल कर्मी की ट्रेन से कटने से मौत

**धनबाद ।** शनिवार की सुबह चार बजे के आस पास तेलों और गोमो स्टेशन के बीच दो पी डब्ल्यू ई स्टाफ मोहन कुमार शर्मा और राहुल कुमार पेट्रोलिंग ड्यूटी पर थे। दोनों रेल पटरी पर निकलकर पटरी को ठीक कर रहे थे। परंतु अचानक डाउन लाइन पर तेज आती ट्रेन से रन ओवर हो गए। यूनियन के मीडिया प्रभारी एन के खवास ने बताया कि इस बात की जानकारी जैसे ही ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन पदाधिकारियों को लगी। टीम घटनास्थल के लिए रवाना हो गई। घटनास्थल रवाना हो गए। चंद्रपुरा शाखा से संगठन सचिव अरविंद कुमार मेहताए सहायक सचिव सह चीफ यार्ड मास्टर दुग्धा गोमो शाखा के संयुक्त सचिव रूपेश कुमार अपने अन्य खास सदस्यों के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। जीआरपी चंद्रपुरा व थाना प्रभारी तेलों की उपस्तिथि में डेड बॉडी का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। इसी बीच दोनों के परिजनों को सूचना दी गई। केंद्रीय पदाधिकारियों के द्वारा सहायक अभियंता एवं वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी धनबाद से बात कर सभी प्रकार की जरूरी मदद करने का अनुरोध किया गया है। परिजनों के आवश्यक सहयोग की मँग पर यूनियन के चंद्रपुरा शाखा सचिव चंदन शुक्ला ने हरसंभव मदद के लिए आश्वासन दिया।

## महासचिव पद के लिए बिनोद रजक ने किया नामांकन

**प्रेस क्लब कतरास का चुनाव**



खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** शनिवार को कतरास प्रेस क्लब नदी किनारे में चुनाव पर्यवेक्षक सह संरक्षक मंडल के द्वारा त्रैवार्षिक प्रेस क्लब चुनाव सत्र 2024-27 के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया गया। जिसमें महासचिव पद के लिए प्रेस क्लब के पूर्व सचिव बिनोद कुमार रजक ने नामांकन दाखिल किया है। एवं उन्होंने बताया कि पत्रकारों के हित के लिए वह दिन रात खड़ा रहेंगे। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकार भाइयों की स्थिति को देखते हुए पत्रकारों के लिए सामूहिक स्वास्थ्य बीमा योजना लाने हेतु स्थानीय विधायक सांसद एवं राज्य के मुख्यमंत्री को प्रपोजल देंगे। पत्रकार सुरक्षा कानून, पत्रकार आवास योजना, पत्रकार पेंशन योजना के अलावा प्रत्येक वर्ष पत्रकार एवं पुलिस मैत्री क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन, वर्ष में एक बार सभी पत्रकार साथियों के लिए सपरिवार वन भोज का आयोजन। प्रेस क्लब कतरास के भवन में नई बिल्डिंग बनाने एवं बोन्ड्री वाल के लिए बीसीसीएल के जीएम एवं सांसद से मिलकर प्रपोजल देना एवं सभी साथियों तथा संरक्षक महोदय से अनुमति लेकर कार्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास करना मुख्य मुद्दा रहेगा।

**मौके पर थे मौजूद**

मौके पर प्रेस क्लब कतरास के सदस्य शंकर साव दीपक गुप्ता पूर्व अध्यक्ष इंद्रजीत पासवान सुधीर सिंह निकेश पांडे प्रेस क्लब के चुनाव पर्यवेक्षक मंडल सह संरक्षक उमेश श्रीवास्तव राजकुमार मधु दिलीप अंजाना अजय राणा मो मुस्तकीम आदि मौजूद थे।

# हर्ल में झामुमो का चक्का जाम आंदोलन खत्म

**बंदी से 120 टन अमोनिया सहित 2000 टन यूरिया का हुआ नुकसान**

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांगों पर सहमति के बाद खत्म हुआ आंदोलन**

हर्ल प्रोजेक्ट के वाइस प्रेसिडेंट सुरेश प्रमाणिक ने बताया कि 75 फीसदी स्थानीय को रोजगार दिए जाने के मामले की जांच नियोजनालय पदाधिकारी से करवाने पर सहमति बनी है। यूरिया परिवहन कार्य के लिए स्थानीय और मूलवासी को अधिकृत करने की मांग पर उनकी भावनाओं से केंद्रीय कार्यालय को अवगत करा दिया जाने और वहां से प्राप्त निर्देश पर अमल करने पर भी सहमति बनी। इसको लेकर आंदोलनकारियों को सहमति पत्र सौंप दिया गया है।

**सिंदरी।** 75 प्रतिशत स्थानीय के नियोजन सहित चार सूत्री मांगों को लेकर झामुमो द्वारा हर्ल खाद कारखाना में शुक्रवार से जारी अनिश्चितकालीन चक्काजाम धनबाद एसडीओ उदय रजक की मध्यस्थता से समाप्त हो गया है। इसको लेकर हर्ल प्रबंधन ने शनिवार की शाम लगभग 8 बजे सहमति पत्र झामुमो जिलाध्यक्ष लखी सोरेन को सौंपा। इस दो दिनों के चक्का जाम आंदोलन से हर्ल सिंदरी को 120 टन अमोनिया व 2000 टन भारत यूरिया की क्षति हुई है। सहमति पत्र में हर्ल प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि अधिनियम 2021 के तहत हर्ल में नियोजन किया गया है। त्रुटि पाने पर सुधार किया जाएगा। ठेकाकर्मियों का नियोजन नियोजनालय के माध्यम से किया जा रहा है। सभी मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी दी जाने की बात प्रबंधन ने प्रमाणित किया है। नियमतिकरण की माँग पर प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि ठेकेदार के कार्य समाप्ति पर मजदूरों का परिवर्तन कार्य की उपलब्धता पर निर्भर करेगा। सरकार द्वारा निर्धारित नियमों का पालन किया जा रहा है। झामुमो के चक्काजाम आंदोलन के दूसरे दिन शनिवार को लगभग साढ़े 11 बजे एसडीओ धनबाद उदय रजक की मध्यस्थता में एसडीपीओ सिंदरी कार्यालय में हर्ल प्रबंधन व झामुमो नेताओं के बीच त्रिपक्षीय वार्ता कर निर्णय हुआ। लगभग एक घंटे तक चली बातचीत के बाद धनबाद एसडीओ ने बताया कि वार्ता सकारात्मक हुई है। हर्ल सिंदरी प्रबंधन द्वारा प्रोजेक्ट में 75 फीसदी स्थानीय लोगों के रोजगार देने के दावे की जांच नियोजनालय पदाधिकारी से करवाई जाएगी। सहमति पत्र प्राप्त करने के बाद आंदोलकारी अपना टेंट हटा लेंगे। झामुमो महानगर उपाध्यक्ष रामू मंडल ने इसे जीत बताते हुए हर्ल मुख्य द्वार पर बीते 18 महीनों से लगे टेंट को हटाने की बात कही है।

**कंपनी को नुकसान**

हर्ल प्रबंधन के अनुसार झामुमो के दो दिनों के बंदी में मात्र 60 प्रतिशत श्रमिकों का आवागमन रहा। यूरिया और अमोनिया ट्रांसपोर्ट बंद होने के कारण लगभग 120 टन अमोनिया और 2000 टन भारत यूरिया का उत्पादन नहीं हो सका। इससे हर्ल सिंदरी को लाखों की क्षति हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 1 मार्च को धनबाद जिले का प्रस्तावित दौरा और हर्ल प्रोजेक्ट के उद्घाटन को लेकर जिला प्रशासन दबाव मे था। हर्ल प्रोजेक्ट में झामुमो का चक्काजाम आंदोलन प्रशासन के लिए एक चुनौती थी और प्रशासन इस आंदोलन को खत्म कराना चाहता था। जिसमे उसे सफलता मिली।

## सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी में मनी संत रविदास जयंती

**सिन्दरी।** शनिवार को सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी में रविदास जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि झारखंड पुलिस के पूर्व सहायक उप निरीक्षक झारखंड पुलिस रामचंद्र पासवान ने कहा कि संत रविदास एक महापुरुष थे। जिन्होंने संपूर्ण सनातनी संस्कृति को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। उन्होंने समाज के सभी वर्गों को आपस में मिलकर कार्य करने का संदेश दिया।

छात्र प्रभात महतोए प्रियांशु ओझाए रूबल खत्रीए गौतम कुमारए मुकुल कुमार महतोए राजकुमार और अर्क वाल्मीकि ने रविदास के जीवन पर प्रकाश डाला। धन्यवाद ज्ञापन सरोज तिवारी एवं मंच संचालन छात्र लक्की कुमार के द्वारा किया गया। मौके पर प्राचार्य सुनील कुमार पाठकए डॉ भास्कर झाए पंकज कुमार तिवारी के साथ पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित था।

**एक नजर में**

## पीएम के आगमन को लेकर धनबाद एसडीओ ने किया हर्ल हैलीपैड का निरीक्षण



**सिंदरी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 1 मार्च को प्रस्तावित हर्ल खाद कारखाने का उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर हर्ल सिंदरी आ सकते हैं। इसको लेकर हर्ल प्लांट के अंदर बने हैलीपैड का निरीक्षण शनिवार को धनबाद एसडीओ उदय रजक ने किया। इस दौरान बलियापुर अंचलाधिकारी सुदीप एक्काए सिंदरी एसडीपीओ भूपेंद्र प्रसाद राउत मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री का 1 मार्च को हर्ल सिंदरी दौरा संभावित है और इसको लेकर हर्ल हैलीपैड सहित सभा स्थल का निरीक्षण किया गया है। आगमन से पूर्व उठने वाली समस्याओं को देखा जा रहा है और उसमें सुधार के लिए हर्ल प्रबंधन को दिशानिर्देश दिया गया। प्रधानमंत्री 1 मार्च को हर्ल सिंदरी में 45 मिनट रुक सकते हैं और इस दौरान उनका विमान हरँल हैलीपैड पर उतरेगा। वहाँ से प्रधानमंत्री का काफिला हर्ल सीसीआर पहुँचकर प्रधानमंत्री बटन दबाकर कारखाने का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही वह हर्ल कर्मचारियों से बात भी कर सकते हैं। इसके बाद वह विमान से बरवड्डा में रैली के लिए चले जाएँगे। बताते चलें कि विगत 27 जनवरी और 4 फरवरी को प्रधानमंत्री का प्रस्तावित हर्ल दौरा स्थगित हो गया था।

## जेबीकेएसएस बौआ कला उत्तर पंचायत और बूथ कमिटी का विस्तार

**बौआकला।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बौआ कला उत्तर पंचायत व बूथ कमिटी के विस्तार को लेकर शनिवार को बड़की बौआ नीचे टोला में बैठक की गई। बैठक में कार्यकताओं ने अपने अपने विचारों को रखा एवं सर्वसम्मिति से पंचायत व बूथ कमिटी के पदाधिकारी मनोनित किये गये। पंचायत प्रभारी सुजीत महतो व सह प्रभारी महेश कुमार को बनाया गया। वहीं बूथ 352 का अध्यक्ष उमेश महतोए उपाध्यक्ष रंजीत बाउरीए सचिव अमित महतोए सह सचिव पिंटू महतोए कोषाध्यक्ष देवाशीष महतो को बनाया गया। बूथ 353 के अध्यक्ष मो नसीमए उपाध्यक्ष आजादए सचिव मो सिराजए सह सचिव मो सब्बाए कोषाध्यक्ष अनवर अंसारी को बनाया गया। बैठक में कमिटी विस्तार को लेकर मुख्य रूप से पंचायत विस्तार समन्वयक सह युवा मोर्चा के केंद्रीय संगठन महामंत्री विनय शर्माए संयोजक मंडल माणिक चंद्र महतो व सुरेंद्र कुमार महतो मौजूद रहें।

## संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती मनी

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** बेरमो अनुमंडलीय स्तरीय तेनुघाट डेम के समक्ष सन्त शिरोमणि गुरु रविदास 647वां जयंती समारोह का आयोजन आदि धर्म मिशन के तत्वावधान में किया गया । सर्वप्रथम गुरु रविदास जी की विधिवत पूजा अर्चना झारखंड राज्य के महंत सुदर्शन राम के द्वारा किया गया । गुरु रविदास जी शोभायात्रा कार्य स्थल से सैकड़ो संख्या में गाजे बाजे के साथ नीलाम्बर पीताम्बर चौक पहुचकर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण किये । पुन: वहां से बिरसा चौक पहुचकर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण किया ।तत्पश्चात शोभायात्रा कार्य स्थल में पहुँचे।

## कथारा कोलियरी में लगी आग बुझाने पहुचे सीसीएल के डोजर

**बेरमो/कथारा।** सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के कथारा कोलियरी मे लगी भीषण आग पर काबू पाने के मद्देनजर शनिवार को सीसीएल कथारा प्रबंधन ने डोजर मशीन भेज कर उस आग के गोफ को भरने का कार्य शुरू किया वैसे ही गोमिया प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष मो मुर्शीद तथा उनके समर्थकों द्वारा यह कर विरोध शुरू कर दिया कि गांव मे पिछले दिनों हुई बैठक में 20 लोगो का एक प्रतिनिधिमंडल बना था जिसे कथारा जीएम से मिलकर इस समस्या से निदान के लिए दबाव बनाना था मगर गांव के चंद लोग जीएम से मिलकर आग पर अस्थायी निदान की हामी भर दी जो कि गलत है। वही दुसरे गुट के कांग्रेसी नेता इसराफिल अंसारी उर्फ बबनी ने कहा कि जीएम से इस मामले पर विस्तार से बातचीत हो चुकी है। कहा कि सहमति के बाद सीसीएल प्रबंधन ने आग पर काबू पाने की पहल शुरू कर दी है। कहा कि आग लगने के कारण जो गोफ बना है उसे आज डोजर के माध्यम से ओबी के द्वारा भरा जा रहा है इसके बाद डीवीसी प्लांट का छाई गिराया जायेगा और साथ ही इस मामले के एक्सपर्ट्स को सीसीएल बुलाकर स्थाई तौर पर इस समस्या से निजात दिलायेगी। सीसीएल सारी सुविधाओं के साथ विस्थापन के मुद्दे पर विचार गांव वालों से करेगी।

## मैथन व गलफरबाड़ी पुलिस ने प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली लदा वाहन पकड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुमारधुबी।** पश्चिम बंगाल से झारखंड व बिहार सहित अन्य राज्यों में प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली छोटे बड़े वाहनों से खपाया जाने की सूचना पर मैथन पुलिस ने शुक्रवार की देर रात मांगुर मछली लदी वाहन संख्या डब्लू 25 एल 1783 को पकड़ा। दूसरी तरफ शनिवार की दोपहर गलफरबाडी पुलिस ने भी मांगुर मछली लदा एक ट्रक संख्या डब्लू बी 23 इ 6931 को पकड़ लिया है। दोनों वाहनों के ड्राइवर और खलासी से पूछताछ की जा रही है। बता दें कि मांगुर मछली के इस अवैध कारोबार में दो गुट शामिल हैं। दोनों कारोबार पर वर्चस्व कायम करने के लिये पैसाए पावर व पहुंच का इस्तेमाल भी करते हैं। इन गुटों के धंधेबाजों को विधायकए मंत्री व उच्च पुलिस पदाधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है। सूत्रों के अनुसार रोजाना थाई मांगुर मछली लदा 30 से 35 ट्रक बंगाल से झारखंड में प्रवेश करता है। सूत्रों के अनुसार सिंडिकेट द्वारा प्रत्येक गाड़ी से 15 हजार रुपए वसूले जाते है। जिसमें एक हिस्सा पुलिस का भी रहता है। रोज लगभग पांच लाख रुपए की वसूली होती है। लाखों की कमाई वाले इस कारोबार को कोई गुट आसानी से छोड़ने वाला नहीं है। दोनों इस धंधे पर अपना वर्चस्व कायम रखने के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं।

**बंगाल के रास्ते झारखंड आती है मछली**

बांग्लादेश में थाई मांगुर मछली का उत्पादन ज्यादा होता है। वहां से पश्चिम बंगाल के कोलकाता के वशीरहाटए नैहटी एवं अन्य कई स्थानों पर आता है। वहां से पिकअप या अन्य वाहनों से झारखंड सीमा में प्रवेश करता है। यहां से बिहारए यूपीए दिल्ली सहित अन्य राज्यों में इसे भेजा जाता है।

## हेमंत सोरेन की रिहाई के लिए झामुमो ने निकाला न्याय यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** गोड्डा जिला के पथरगामा प्रखंड आदिवासी मूलवासी समाज के 36 ग्राम प्रधान के द्वारा झारखंड प्रदेश में एहेमंत सोरेनके साथ हुवे अन्याय के खिलाफ ष्न्याय यात्राष सह पूजा पाठ अभियान के तहत ऐतिहासिक रैली निकाली। जिसमे ग्राम प्रधान के निमंत्रण पर गोड्डा जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा समिति के लगभग सभी पदाधिकारी ने हिस्सा लिया। ग्राम प्रधान के आह्वान पर हजारों आदिवासी मूलवासी महिलाए पुरुषएबच्चे एबूढ़े सर्व प्रथम बारबांध ;गांधी ग्रामद्धके हरकट्ठा मेला मैदान में जमा हुए फिर सिद्धू कान्हु प्रतिमा स्थल में पूजा पाठ किया फिर न्याय यात्रा रैली के रूप में मुख्य मार्ग गोड्डा पथरगामा से होते हुए बारकोप मोड़ पहुंच कर जगरनाथ पुर ग्राम के मांझी थान में आदिवासी रीती रिवाज के तहत पूजा पाठ किया। फिर हजारों की संख्या में ही मां योगिनी स्थान के लिए रवाना हुए।योगिनी मंदिर पहुंचकर सभी ग्राम प्रधान के साथ साथ जिला झामुमो अध्यक्ष बासुदेव सोरेन ने पूजा कर मां योगिनी से हेमंत सोरेन जी के सलामती के प्रार्थना किया। खासकर हजारों महिलाओं ने मां योगिनी की पूजा कर बीजेपी ए केंद्रीय जांच एजेंसी ष्क्वएब्ठ० को सद्बुद्धि प्रदान करते हुए हेमंत सोरेन को न्याय दिलाने की प्रार्थना किया।पूजा के बाद फिर से ए जिस रास्ते के गए थे एजगरनाथ पुर ए गोड्डा पथरगामा मुख्य मार्ग से होते हुवे गांधी ग्राम बारा बांध हरकट्ठा मैदान में न्याय यात्रा समाप्त किया।

**न्याय यात्रा में थे शामिल**

न्याय यात्रा में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष बासुदेव सोरेन के साथ राजेश मंडल केंद्रीय समिति सदस्य सह पूर्व जिला अध्यक्षए अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉक्टर कयूम अंसारी पथरगामा प्रखंड अध्यक्ष राजू हसदाए जिला उपाध्यक्ष सुबल मंडलएसरवन मंडलए घनश्याम यादवए वरिष्ट नेता प्रेम नंदन मंडलएजिला सचिव मोण्अजीमुद्दीनए गोड्डा नगर अध्यक्ष अजय कुमार देवाए कोषाध्यक्ष सुमन मंडलएसंगठन सचिव फिरदौस आलमएमहिला मोर्चा अध्यक्ष ललिता देवीए सचिव प्रोफेसर मेरी सोरेनएपोड़ैयाहाट प्रखंड महिला अध्यक्ष स्वीकृता हंसदा एअवकाश प्राप्त शिक्षक मुनि लाल हंसदाए आंदोलन कारी नकुल हेंब्रमएसुबोध हेंब्रमए पूर्व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष जोबाती मुर्मूए रिंकू हेंब्रमएमरंगमय किस्कूएतालामय मुर्मूएऔर 36 गांव के ग्राम प्रधान के साथ साथ हजारों महिलाओं शामिल थीं।

# बुजुर्गों के लिए खुलेगी ट्रेन, मुफ्त में यात्रा कर करेंगे रामलला का दर्शन

**गोड्डा सांसद, विधायक और डीआरएम ने हरी झंडी दिखा ट्रेन को किया रवाना**



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक गोड्डा सांसद डा ० निशी कांत दुबे एगोड्डा विधायक अमित मंडल एडिविजनल रेल प्रबंधक मालदा ए ने गोड्डा से गोमती नगर होते हुए लखनऊ तक जाने वाली ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया और गोड्डा सांसद उस पर सवार होकर आगे की यात्रा के लिए भी निकल गए ।

गोड्डा सांसद ने अपने संबोधन में कहा कि ये ग्यारहवीं ट्रेन की सौगात गोड्डा वासियों के लिए है । अभी ये ट्रेन साप्ताहिक है आगे इसे नियमित किया जा सकता है । 60 वर्षों से ऊपर पुरुष और महिलाओं के लिए एक अलग से ट्रेन चलाएंगे जिसमे खाना पीना आवास तीनो फ्री सेवा रहेगी जो बुजुर्गों के लिए होगी और उसमे गोड्डा सांसद का निजी रूप से योगदान होगा ।सभी धर्मो का सामान रूप से आदर करते हुए सभी धर्म से जुड़े स्थानों तक रेलवे से जोड़ने का प्रयास करेंगे ।गोड्डा स्टेशन को सफाई हब के रूप प्रस्तुत करेंगे ।तेरहवीं ट्रेन का उद्घाटन प्रधान मंत्री मोदी करेंगे जो धनबाद से गोड्डा आएगी और सांसद गोड्डा उसी पर सवार होकर गोड्डा आयेंगे और लोक सभा चुनाव के लिए गोड्डा से अपना नामांकन करेंगे।

**1600 मेगावाट का लगेगा थर्मल पावर प्लांट**

गोड्डा सांसद ने और अन्य दो बड़ी परियोजनाओं के लाने की बात कहकर सनसनी फैला दी है । अदानी कंपनी द्वारा 1एसीमेंट प्लांट और एक थर्मल पावर प्लांट 1600 मेगावाट की एक और इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट की स्थापना की जाएगी जिससे बहुत बड़ी संख्या में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार मिलेगी । विधायक गोड्डा अमित मंडल ने बताया जिले के किसी कोने से मुख्यालय की दूरी मात्र 30मिनट में पूरी होगी ऐसी व्यवस्था की जा रही है ।ये योजना भी जल्द सामने आएगी ।गोड्डा सांसद डा ० निशी कांत दुबे का आभार प्रकट करते हुये कहा कि प्रधान मंत्री का ध्यान इस पिछड़े क्षेत्र के लिए लाने के लिए गोड्डा सांसद का आभार प्रकट करता हु जिन्होने तीव्र गति से इस क्षेत्र का विकास करते हुए क्षेत्रवासियों को इसका लाभ दिलाया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भाजपा संजीव मिश्र ए 4 पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह एराजेश झा एराजीव मेहताएपूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अजीत सिंह एजिला परिषद उपाध्यक्ष लक्ष्मी चक्रवर्तीए संतोष सिंह ए जिला महासचिव कृष्ण मुरारी चौबे एजिला महामंत्री कृष्ण कन्हैया ए जिला उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र यादव एजय प्रकाश यादव एसहित हजारों समर्थक उपस्थित रहे और जय श्री राम एके नारे लगाते रहें।

सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
Central Mine Planning & Design Institute Ltd.
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
गोन्दवाना प्लेस, काँके रोड, राँची-834031, झारखण्ड, भारत

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएं कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in." के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

आम सूचना

झारखंड भवन उपविधि 2016 यथा संशोधित की धारा 61.16 में ग्रुप हाउसिंग स्कीम के अंतर्गत अनिवार्य प्रावधान के अंतर्गत **"पर्ल आर्किड"** अरगोड़ा कठहल मोड़ रोड, राँची में EWS/LIG प्रकार के निर्मित फ्लैट्स के आबंटन/बिक्री हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। उक्त EWS/LIG प्रकार के निर्मित फ्लैट्स का आबंटन/बिक्री नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार के गाइड लाइन के नियमानुसार किया जाएगा।
निवेदक
मोती इन्फ्रास्ट्रचर्स
अरगोड़ा, कठहल मोड़ रोड, राँची
फोन नं. 9430737562

## समय संवाद

### घातक पारासिटामोल

**विशेषज्ञों** ने पारासिटामोल के इस्तेमाल को लेकर चेतवानी जारी की है। बार-बार पेरासिटामोल का सेवन करना गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों का कारण बन सकता है। हाल ही में हुए एक शोध में पेरासिटामोल खाने से लीवर को होने वाले नुकसानों के बारे में पता चला है। सर्दी, जुकाम, बुखार और हल्का-फुल्का दर्द ठीक करने या थोड़ी भी हरारत होने पर इस दवाई का सेवन कर लेते है, जो सही नहीं है। विशेषज्ञों का कहना है कि हाल ही में हुए एक शोध में पेरासिटामोल खाने से लीवर को होने वाले नुकसानों के बारे में पता चला है। एडिनबर्ग विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने इसके प्रभाव का अध्ययन किया। उन्होंने चूहों पर पेरासिटामोल लेने के प्रभावों को देखा और निष्कर्ष निकाला कि यह लिवर के खराब होने की बड़ी वजह है।

# वैदिक शिक्षा व गुरुकुलों की पुन: प्राण-प्रतिष्ठा के सूत्रधार

**राष्ट्र** की एकता, अखंडता, सामाजिक पुनर्निर्माण, सांस्कृतिक पुनरुत्थान, वैदिक शिक्षा प्रणाली की पुनर्स्थापना तथा स्वतंत्रता में स्वामी श्रद्धानंद जी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वे दलितों को उनका अधिकार दिलाने और पश्चिमी शिक्षा प्रणाली की देश से विदाई करने आदि जैसे अनेक महत्वपूर्ण लक्ष्यों के लिए सतत प्रयासरत रहे। राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर देने वाले महान विभूति स्वामी श्रद्धानंद महाराज के योगदानों को नहीं भुलाया जा सकता। स्वामी जी के व्यक्तित्व का सर्वाधिक महत्वपूर्ण एवं विलक्षण पहलू उनका हिंदुओं और मुस्लिमों के बीच समान रूप से लोकप्रिय होना और उनका सर्वमान्य नेता बने रहना था। ध्यान रहे कि उस दौर में देश के विभिन्न समुदायों विशेषकर हिंदुओं और मुस्लिमों के बीच एकता, प्रेम और भाईचारे की मिसाल कायम करना एक असंभव-सा प्रतीत होने वाला कार्य था, जिसे स्वामी श्रद्धानंद ने अपने सहज, स्नेहिल एवं संयमित व्यक्तित्व के माध्यम से संभव कर दिखाया था। स्वामी श्रद्धानन्द का जन्म 22 फरवरी, 1856 को पंजाब के जालन्धर जिलांतर्गत तलवान ग्राम के एक कायस्थ परिवार में हुआ था। उनके पिता लाला नानकचन्द ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा शासित यूनाइटेड प्रोविन्स यानी आज के उत्तर प्रदेश में



एक पुलिस अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। उनके बचपन का नाम वृहस्पति और मुंशीराम था। वृहस्पति की तुलना में मुंशीराम नाम अधिक सरल होने के कारण सहज ही प्रचलित हो गया। पिता का स्थानांतरण अलग-अलग स्थानों पर होते रहने के कारण उनकी आरम्भिक शिक्षा बाधित रही। काशी विश्वनाथ मंदिर में जन साधारण के लिए प्रवेश निषेध होने, जबकि रीवा की रानी के लिए मंदिर के कपाट खोले जाने तथा एक पादरी के व्यभिचारों को देख मुंशीराम का धर्म से विश्वास उठ गया था। उसी दौरान आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानन्द सरस्वती वैदिक-धर्म के प्रचारार्थ बरेली पहुंचे। पुलिस अधिकारी नानकचन्द अपने पुत्र मुंशीराम के साथ उनका प्रवचन सुनने पहुंचे, जहां स्वामी दयानन्द के तर्कों और आशीर्वाद का मुंशीराम पर अत्यंत चमत्कारी प्रभाव हुआ, जिसके परिणाम स्वरूप मुंशीराम के मन में वैदिक धर्म एवं परमात्मा के प्रति दृढ़ विश्वास जागा। मुंशीराम का विवाह शिवा देवी के साथ संपन्न हुआ, लेकिन उन्हें पत्नी का साथ अधिक दिनों तक नहीं मिल पाया। सन् 1891 में महज 35 वर्ष की आयु में ही शिवा देवी का देहांत हो गया। उस समय उनके दो पुत्र और दो पुत्रियां थीं। मुंशीराम श्रीराम भक्त हनुमान जी के भक्त थे। अपने गुरु स्वामी दयानंद सरस्वती से प्रेरित होकर उन्होंने आजादी और वैदिक-धर्म के प्रचार हेतु प्रचंड रूप में आंदोलन खड़ा किया। स्वामी श्रद्धानंद का विचार था कि जिस समाज और देश में शिक्षक स्वयं चरित्रवान् नहीं होते उसकी दशा अच्छी हो ही नहीं सकती। उनका कहना था कि हमारे यहां शिक्षक हैं, प्रोफेसर हैं, प्रधानाचार्य हैं, उस्ताद हैं, मौलवी हैं, पर आचार्य नहीं हैं। आचार्य से उनका तात्पर्य आचारवान् व्यक्ति होना था। सन् 1897 में उन्होंने अपने पत्र सद्धर्म प्रचारक द्वारा गुरुकुल शिक्षा प्रणाली के पुनरुद्धार का प्रबल आन्दोलन आरंभ किया। 30 अक्तूबर, 1898 को उन्होंने इसकी विस्तृत योजना रखी। नवंबर, 1898 में पंजाब स्थित केंद्रीय संगठन आर्य प्रतिनिधि सभा ने गुरुकुल प्रारंभ करने का प्रस्ताव स्वीकार किया। उसके बाद दु:साध्य परिश्रम, अनवरत उद्योग एवं एकमेव निष्ठा के बल पर मुंशीराम ने गुरुकुल प्रारंभ करने हेतु अपेक्षित 30 हजार रुपये इकट्ठा करने का असंभव प्रतीत होने वाला कार्य महज आठ महीने में ही पूरा कर लिया। तत्पश्चात् 16 मई, 1900 को सभा की ओर से पंजाब के गुजरांवाला में एक वैदिक पाठशाला के साथ गुरुकुल की स्थापना की गयी, किन्तु मुंशीराम जी को यह स्थान उपयुक्त नहीं लगा। दरअसल, वे शुक्ल यजुर्वेद के एक मंत्र उपह्वरे गिरीणां संगमे च नदीनां धिया विप्रो अजायत्ह्ल (26.15) से प्रेरित होकर नदी एवं पर्वत के सान्निध्य में गुरुकुल की स्थापना करना चाहते थे। उसी समय बिजनौर के एक धनाढ्य मुंशी अमन सिंह ने मुंशीराम को उक्त कार्य के लिए 1200 बीघे का अपना कांगड़ी ग्राम और 11 हजार रुपये भी दान में दिये। हिमालय की उपत्यका में गंगा तट पर सघन रमणीक वनों से घिरी कांगड़ी की भूमि मुंशीराम को गुरुकुल के लिए आदर्श प्रतीत हुई।

# डेट पर मर्दों को बिल पेमेंट करने से रोकना, महिलाओं की 'बेवकूफी'

रेनू तिवारी



**जया बच्चन** हमेशा अपने बयानों और व्यवहार को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। नव्या नवेली नंदा के पॉडकास्ट व्हाट द हेल नव्या 2 का नवीनतम एपिसोड, जिसका शीर्षक 'माचो मिथ्स एंड मॉडर्न मेन' है, गुरुवार को जारी किया गया। अपनी मां श्वेता बच्चन, भाई अगस्त्य और दादी जया बच्चन के साथ बातचीत में नव्या ने पुरुषों और विषाक्तता पर चर्चा की। जब नव्या ने महिलाओं के स्वतंत्र महसूस करने और डेट पर भोजन के लिए भुगतान करने की इच्छा का विषय उठाया, तो जया ने टिप्पणी की कि उनका ऐसा करना 'बेवकूफी' है।

**'यह कितना मूर्खतापूर्ण है?'**

नव्या समझा रही थीं कि कैसे 'नारीवाद और महिलाओं के अधिक सशक्त महसूस करने के बाद' उनमें से कई स्वतंत्र रूप से काम करना चाहती हैं। उन्होंने कहा, उदाहरण के लिए, आज, यदि आप किसी लड़की को डेट पर ले जाते हैं और भुगतान करने की पेशकश करते हैं, तो कुछ लोग इससे नाराज हो जाते हैं। क्योंकि महिलाएं अब महसूस करती हैं कि वे समान हैं..." लेकिन इससे पहले कि वह अपनी बात पूरी कर पाती, जया ने चिल्लाते हुए कहा, "वे महिलाएं कितनी बेवकूफ हैं। आपको पुरुषों को भुगतान करने देना चाहिए। नव्या ने आगे कहा, नहीं, लेकिन मैं कह रही हूं कि ये चीजें होती रहती हैं। वह 'ओह, हम अपने लिए दरवाजा खोल सकते हैं। आपको इसे हमारे लिए खोलने की जरूरत नहीं है।' तो, आप वह रेखा कहां खींचते हैं? क्या आप लोगों के लिए दरवाजे खोल रहे हैं? क्या आप कभी ऐसी स्थिति में रहे हैं जहां आप शूरवीर रहे हों लेकिन एक महिला ने कहा हो, मैं खुद ऐसा कर सकती हूं? जया ने फिर कहा, मूल रूप से वे जो कहना चाह रहे हैं वह है - शिष्ट मत बनो। यह कितना मूर्खतापूर्ण है? **'इरादा मायने रखता है :'** लेकिन अगस्त्य का इस पर बिल्कुल अलग दृष्टिकोण था, उन्होंने वीरता और विषाक्तता के बीच अंतर समझाया, इस बात पर चर्चा की कि महिलाएं ऐसा क्यों महसूस करती हैं। उन्होंने कहा, ₹जब तक आप इसे विनम्र होने के लिए कर रहे हैं, और यह नहीं दिखाते कि 'मैं ही आदमी हूं', आप गलत नहीं हो सकते। यदि आप ऐसा कहकर दरवाजा नहीं खोल रहे हैं कि 'मैं ही दरवाजा खोल रहा हूं', बल्कि आप ऐसा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि 'मैं आपकी मदद करना चाहता हूं', तो यह कभी भी गलत रास्ते पर नहीं आएगा।' उन्होंने आगे बताया, अगर आप कहना चाहते हैं, तो मुझे इस भोजन के लिए भुगतान करना अच्छा लगेगा, यह गलत तरीके से नहीं आएगा क्योंकि आप कुछ अच्छा करने के लिए ऐसा कर रहे हैं।

# साप्ताहिक राशिफल : इस सप्ताह बन रहे कई शुभ योग किन किन राशियों की चमकेगी किस्मत

**फरवरी** माह का आखिरी कुछ दिन और मार्च के कुछ दिन मिलाकर ये सप्ताह बन रहा है। इस सप्ताह चंद्रमा को छोड़कर कोई भी ग्रह राशि परिवर्तन नहीं कर रहा है। ऐसे में सूर्य, बुध और शनि कुंभ राशि में विराजमान है। इसके साथ ही राहु मीन और केतु कन्या राशि में विराजमान है और मंगल मकर राशि में ही संचार कर रहे हैं, जिससे रूचक योग का निर्माण हुआ है। पंडित जगन्नाथ गुरुजी के अनुसार, ये सप्ताह कई राशि के जातकों के लिए खास होने वाला है। परिवार के साथ अच्छा समय बीतेगा। इसके साथ ही जीवन में सकारात्मक आएगी। आइए जानते हैं मेष से लेकर मीन राशि के जातकों का कैसा होगा ये सप्ताह..




**मेष साप्ताहिक राशिफल**

इस सप्ताह का अधिकतम लाभ उठायें और अपने लक्ष्य हासिल करें। अपने कार्यों के प्रति सचेत रहें और आत्म-देखभाल के लिए समय निकालें। अपने बंधनों को गहरा करें और प्यार हवा में है। अपने नेतृत्व का प्रदर्शन करें और नए अवसरों का लाभ उठाएं। एक वित्तीय योजना बनाएं और सक्रिय रहें।

**वृषभ साप्ताहिक राशिफल**

दीर्घकालिक लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करें, नए अनुभवों के लिए खुले रहें और अपने जीवन में स्थिरता और विकास का आनंद लें। अपने साथी के साथ संवाद करें, नई जिम्मेदारियां स्वीकार करें और स्वस्थ कार्य-जीवन संतुलन बनाए रखें। अपने वित्तीय लक्ष्यों का मूल्यांकन करें, वित्तीय सलाहकार से परामर्श लें और तनाव कम करें।

**मिथुन साप्ताहिक राशिफल**

अपनी प्रतिबद्धताओं को प्राथमिकता दें, उत्साह को संतुलित करें और जिज्ञासा को अपनाएं। अपने साथी के साथ जुड़ें, नई रुचियां अपनाएं और संभावित रोमांटिक संभावनाएं तलाशें। अपने विचार प्रदर्शित करें, वित्तीय अवसरों का लाभ उठाएं और अपने बजट की समीक्षा करें। अपने मन और शरीर को पोषण दें।

**कर्क साप्ताहिक राशिफल**

अपने अंतर्ज्ञान पर भरोसा करें, रिश्तों का पोषण करें और करियर और वित्त में संतुलन बनाएं। सिंगल कर्क राशि के जातकों की मुलाकात किसी खास व्यक्ति से हो सकती है। अपने आप पर विश्वास रखें, अंतर्ज्ञान पर भरोसा करें और जल्दबाजी में खरीदारी करने से बचें। निवेश के लिए पेशेवर सलाह लें और नियमित व्यायाम करें। पौष्टिक आहार लें।

**सिंह साप्ताहिक राशिफल**

अपने आराम क्षेत्र से बाहर निकलें, अपनी प्रवृत्ति पर भरोसा करें और नेतृत्व के साथ चमकें। रोमांस को फिर से जागृत करें, आत्मविश्वासी साझेदारों को आकर्षित करें और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें। नई जिम्मेदारियां लें, निवेश के लिए पेशेवर सलाह लें और अपने खर्च के प्रति सचेत रहें। नियमित व्यायाम करें, पौष्टिक आहार लें और आत्म-देखभाल करें।

**कन्या साप्ताहिक राशिफल**

आत्म-सुधार पर ध्यान दें, अपनी प्रवृत्ति पर भरोसा करें और रिश्तों को संजोएं। सिंगल कन्या राशि वालों की मुलाकात किसी खास व्यक्ति से हो सकती है। नए संबंध बनाएं, अपने कौशल का प्रदर्शन करें और सहकर्मियों के साथ सहयोग करें। जल्दबाजी में खरीदारी करने से बचें, निवेश के लिए पेशेवर सलाह लें और नियमित रूप से व्यायाम करें। स्वस्थ भोजन खायें।

**तुला साप्ताहिक राशिफल**

व्यक्तिगत विकास, आत्म-अभिव्यक्ति और नए रिश्तों को अपनाएं। अवसरों को स्वीकार करें और उनसे कूटनीति एवं शालीनता से निपटें। अपने दिल को आपका नेतृत्व करने दें, और प्यार में जोखिम लेने से न डरें। सहयोग करें, समझदारी से दीर्घकालिक वित्त की योजना बनाएं और यदि आवश्यक हो तो वित्तीय सलाहकार से परामर्श लें।

**वृश्चिक साप्ताहिक राशिफल**

गुरुजी सुझाव देते हैं कि इस सप्ताह आप अपनी प्रवृत्ति पर भरोसा करें और अपने अंतर्ज्ञान का पालन करें। यह आत्मनिरीक्षण अवधि मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करेगी जो आपको व्यक्तिगत विकास और परिवर्तन की दिशा में मार्गदर्शन करेगी। कुल मिलाकर, यह सप्ताह आपको अपनी भावनाओं में गहराई से उतरने और व्यक्तिगत विकास करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

**धनु साप्ताहिक राशिफल**

धनु राशि वालों के लिए यह सप्ताह नई चीजें सीखने और तलाशने के लिए बहुत अच्छा है। अपने प्रियजनों के साथ खुले और ईमानदार रहें और आप अपने रिश्तों को मजबूत करेंगे। आपकी महत्वाकांक्षा आपको अपने करियर में सफल होने में मदद करेगी। एकल धनु राशि वालों को किसी ऐसे व्यक्ति से प्यार मिल सकता है जो उनके रोमांच के प्यार को साझा करता है। सकारात्मक रहें और आवेश में आकर खर्च करने से बचें।

**मकर साप्ताहिक राशिफल**

इस सप्ताह मकर राशि वालों को स्थिरता और सुरक्षा की आवश्यकता महसूस हो सकती है। स्वयं की देखभाल को प्राथमिकता दें और अपने लिए एक ठोस आधार तैयार करें। यह सप्ताह आत्म-चिंतन, विकास और स्थिरता का समय है। अपनी व्यक्तिगत भलाई को प्राथमिकता दें, एक मजबूत कार्य नीति बनाए रखें और नए अवसरों के लिए खुले रहें।

**कुंभ साप्ताहिक राशिफल**

नए विचारों की खोज और समान विचारधारा वाले लोगों से जुड़ने के लिए यह सप्ताह अनुकूल है। नए अवसरों के लिए खुले रहें और अपने अंतर्ज्ञान पर भरोसा रखें। यह सप्ताह व्यक्तित्व, नवीनता और विकास की भावना से चिह्नित है। किसी ऐसे दिलचस्प व्यक्ति से मिलने का मौका है जो आपकी रुचियों और मूल्यों को साझा करता हो।

**मीन साप्ताहिक राशिफल**

यह सप्ताह मीन राशि वालों के लिए आत्मनिरीक्षण और सामाजिक मेलजोल को संतुलित करने का समय है। अपने सपनों का पीछा करें और अपने रिश्ते विकसित करें। अपनी भावनाओं को खुलकर व्यक्त करें. नए रोमांस का मौका है। करियर ग्रोथ के लिए दूसरों के साथ सहयोग करें। जल्दबाजी में खरीदारी करने से बचें और वित्तीय सलाह पर विचार करें। आराम करें और स्वस्थ भोजन करें।

## जीवन-कला



खुश रहना एक कला है सब जानते हैं, पर कितने इसे अपनाते हैं?

जागृति कण-कण,और मन का होता है, पर कितनों का सच में होता है।अपने लक्ष्य में तुम खोये रहो, मत किसी का प्रतिकार करो।

मत देखो और श्रवण करो ऐसी बातें, जिससे बर्बाद हो जाए सारी रातें।

नहीं समय गंवाने व मुरझाने का मन में सत्य-संकल्प जगाने का।

आयेगा सही समय बताने का। अंतर में विश्वास धरो,सार्थक कुछ काम करो।

भविष्य हो तुम इस जग का यूँ समय न व्यर्थ करो।

जो तत्पर रहकर तुम बढते जाओगे,तो आगे उदाहरण बन जाओगे ।

**डॉ. प्रियंका कुमारी**

# किस्मत का बाजार




व्यंग्य

**जिंदगी** में सफल होने का कोई भी क्षेत्र हो मेहनत का विकल्प नहीं माना जाता। विकास के आंगन में सफलता के नुस्खे बताते, हजारों विशेषज्ञों और लाखों किताबें उपलब्ध होने के बावजूद ऐसे लोग भी मौजूद हैं जो अभी भी आम जनता को अपनी जुगाडू उपदेशों में उलझाए रखते हैं। देश के कर्मठ, नामी व्यवसायी द्वारा सप्ताह में सत्तर घंटे काम करने की बात पर बातें अभी जारी है। चौबीस घंटे में से अठ्ठारह घंटे काम तो काफी लोग करते रहे हैं। बहुत लोग जिंदगी भर छुट्टी नहीं लेते, आराम और सुस्ती की छुट्टी करके रखते हैं। यह बात दीगर है कि जिंदगी अनेक लोगों को जीवन भर छुट्टी नहीं देती। स्वास्थ्य आधार पर सलाह दी जाती है कि आठ घंटे तो सोना ही चाहिए लेकिन कर्तव्य के प्रति निष्ठावान व्यक्ति तीन चार घंटे ही सोते हैं। जिन लोगों ने सिर्फ एक बार मिले जीवन में मनचाही सफलता पानी है वह निरंतर लगे रहते हैं। काम करने की उनकी शैली से लाखों लोग प्रेरित होते हैं। हालांकि कई विभागों के कर्मचारी चाहते हैं कि हर वर्ष मिलने वाली छुट्टियां बढ़ती रहें। जिंदगी में सफल होने का कोई भी क्षेत्र हो मेहनत का विकल्प नहीं माना जाता। विकास के आंगन में सफलता के नुस्खे बताते, हजारों विशेषज्ञों और लाखों किताबें उपलब्ध होने के बावजूद ऐसे लोग भी मौजूद हैं जो अभी भी आम जनता को अपनी जुगाडू उपदेशों में उलझाए रखते हैं। प्रतिस्पर्द्धा के रास्तों पर उनके परामर्श बिखरे देखकर मजा आता है। उनके द्वारा जीवन में योजना, प्रयास और मेहनत को पानी पिलाने का प्रबंध किया लगता है। वे विकास नहीं विज्ञापन का सहारा लेते हैं। उनका कहना है कि वे आपके हाथ की रेखाएं, फोटो या कुण्डली देखकर, जीवन में होने वाली घटनाओं की जानकारी देते हैं। अपने वर्तमान व भविष्य बारे अंजान, दूसरों बारे बताते हुए, दर्जनों परेशानियों का समाधान सिर्फ बहत्तर घंटे में, सौ प्रतिशत गारंटी के साथ करने का वायदा नहीं दावा करते हैं। उन्हें पता है कि गारंटी, वारंटी से ज्यादा प्रभावोत्पादक होती है, इसीलिए काम हो जाने की गारंटी देते हैं।

निरंतर विकास के मौसम में यह जानकर हैरानी होती है कि एक व्यक्ति के पास देश और समाज की आर्थिक, मानसिक, पारिवारिक और शारीरिक समस्याओं का इलाज है। इस इलाज के सफल होने की सौ प्रतिशत गारंटी भी साथ है। व्यापार में हानि, विवाह में देरी, विदेश यात्रा में देरी, नौकरी में तरक्की और तबादला, सौतन से छुटकारा, पढ़ाई और पूजापाठ में मन न लगना, गृह कलेश, संतान न होना, कोर्ट केस, वशीकरण और भी कितने तरह के दोष निवारण वे करते हैं। दिलचस्प और प्रशंसनीय यह है कि इन बड़ी बड़ी समस्याओं के निवारण हेतु सलाह की फीस गांव, कस्बा या शहर के हिसाब से ली जाती है। इनके कागजी विज्ञापन साबित करते हैं कि विकास के मामले में हमारे यहां, ह्यआगे दौड़ पीछे ॅ४चौिड़ह्ल वाला फामूर्ला पूर्णतया लागू है। अदभुत कौशल के माध्यम से जीवन की दर्जनों समस्याओं का निवारण करने की सौ प्रतिशत गारंटी देने वालों को भरपूर अवसर देना चाहिए ताकि आम लोगों को कम खर्च में उचित सलाह मिले और राहत पहुंचे। इस सन्दर्भ में दिन रात मेहनत कर, किताबें लिखने, वीडियो बनाने वालों को भी काफी फायदा होगा। वे इन सलाहों को अपने अनुभवों में शामिल कर सकते हैं। सरकार भी इनसे सहयोग ले सकती है। किस्मत के बाजार में इतने अनुभवी बाबा बैठे हैं तो समाज को इनका नैतिक लाभ मिलना चाहिए।

**संतोष उत्सुक (साभार)**

# राजिम नगरी में ज्ञान, भक्ति और आस्था की बहती है गंगा

## राजिम कुंभ मेले का अलग ही है महत्व

**धमतरी।** रामोत्सव राजिम कुंभ कल्प मेला जीवन के उत्सव आनंद और उत्साह का प्रतीक है। जहां भीड़ में भी एक अलग सुकून मिलता है। सभी लोग अपना गम भूलाकर मस्त होकर इस पल को अपना बनाकर जी लेने के लिए तैयार होते हैं। वैसे सभी जगह के मेले के आयोजन का एक अलग ही महत्व होता है, लेकिन राजिम में आयोजन कुंभ मेले की बात कुछ निराली है। राजिम की इस पवित्र नगरी में सदियों से जहां ज्ञान, भक्ति और आस्था की गंगा बहती है। भगवान श्री कुलेश्वर महादेव और राजीव लोचन मंदिर श्रद्धालुओं को अनायास ही अपनी और आकर्षित करती हैं। वही प्रतिवर्ष लगने वाले इस मेले का शुभारंभ 24 फरवरी से हो गया है। इस बार राजिम कुंभ मेला रामोत्सव की थीम पर आयोजित है। वैसे तो राजिम की ख्याति दूर-दूर तक फैली है। पांच वर्ष के बाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं संस्कृति पर्यटन एवं धर्मस्व मंत्री बृजोहन अग्रवाल ने इसकी भव्यता फिर से लौटाई है। ब्रम्ह मुहूर्त से ही हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ लगी पुण्य स्नान कर रेत से शिवलिंग बनाकर विधि-विधान से पूजन कर बेल पत्र पुष्प श्रीफल रोली चंदन अर्पित कर जल से अभिषेक किए। कहीं बच्चों की टोली दोने में दीप जलाकर दीपदान करते दिखे, तो दूसरी ओर मंदिरों में पंक्ति बनाकर पूजन के लिए अपनी बारी का इंतजार करते भक्त दिखे। एक ओर मंदिर के आसपास ही कोई पूजन सामग्री खरीदते रहे, कोई सामूहिक आरती तो अपनी मनोकामना पूर्ण करने नदी में डुबकी लगाते रहे। मंदिर से घंटनाद और शंखनाद की ध्वनि बेहद कर्णप्रिय लग रही थीं और सर्वे भवन्तु सुखिनः के भाव हृदय में गुंजीत हुए चारों तरफ महोत्सव स्थल पर विविधता में एकता के अद्भुत दर्शन हुए। दिन भर भजन-कीर्तन कथा मनोरंजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुफ्त उठाने दूर-दूर से दर्शक पहुंचे। नदी स्थल में लगे भंडारे और ठहरने के लिए बने डोम से इनकी चिंता दूर हुई। इस बार रामोत्सव राजिम कुंभ कल्प 2024 की दिव्यता और शोभा देखते ही बन रही हैं। चारो



तरफ सुरक्षा, शांति और स्वच्छता के समस्त व्यवस्था पूर्ण कर ली गई हैं। साथ ही सीसी टीव्ही कैमरे से निगरानी रखी जा रही है। 24 फरवरी से प्रारंभ हुए इस मेले में हर दिन नए रूप होंगे। वहीं स्नाथीय कलाकार के साथ ही राष्ट्रीय स्तर के कलाकार देश के कोने-कोने से मुख्य मंच और नदी में बने मंच में अपनी कला का प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ महतारी की महिमा का बखान करेंगे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# गर्म कपड़ों को धोते समय नहीं करनी चाहिए ये गलतियां

**ऊनी कपड़े** और ब्लैंकेट आदि की फर काफी ज्यादा सेंसिटिव होती है। इसलिए इनको साफ करने या धोने के दौरान एक्स्ट्रा केयर करने की जरूरत होती है। हम आपको 5 ऐसी गलतियों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें आपको ऊनी कपड़े आदि धोते वक्त करने से बचना चाहिए। इन दिनों कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। ऐसे में सर्दी से बचने के लिए कई लेयर के कपड़े पहनने पड़ते हैं। जिसके बाद भी शरीर में गर्माहट महसूस नहीं होती है। वहीं घर में लोग स्वेटर, जैकेट और कंबल आदि से खुद को लपेटकर रखते हैं। सप्ताह भर में कपड़े गंदे हो जाते हैं। भले ही इन कपड़ों को डेली वियर की तरह साफ नहीं करते हैं, लेकिन जब भी इन कपड़ों को साफ किया जाता है कि तो कुछ गलतियां ऐसी कर बैठते हैं, जिसके कारण गर्म कपड़े जल्द ही खराब होने लगते हैं। ऊनी कपड़े और ब्लैंकेट आदि की फर काफी ज्यादा सेंसिटिव होती है। इसलिए इनको साफ करने या धोने



के दौरान एक्स्ट्रा केयर करने की जरूरत होती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको 5 ऐसी गलतियों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें आपको ऊनी कपड़े आदि धोते वक्त करने से बचना चाहिए।

**माइल्ड और सॉफ्ट डिटर्जेंट**

ऊनी कपड़े काफी ज्यादा सेंसिटिव होते हैं। ऐसे में इन कपड़ों को एक्स्ट्रा केयर करने की जरूरत होती है। वहीं वाशिंग मशीन में धोने की जगह इन कपड़ों को हाथों से धोना चाहिए। ऊनी कपड़ों को हार्ट डिटर्जेंट से धोने से इनकी सॉफ्टनेस कम होने लगती है और इनका टेक्सचर और फर खराब होने लगता है।

**नॉर्मल पानी से धोएं गर्म कपड़े**

सर्दियों के कपड़ों को कई लोग गर्म पानी में भिगोकर साफ करते हैं। भले ही इस तरीके से कपड़ों का मैल आसानी से साफ हो जाता है। लेकिन गर्म पानी से ऊनी कपड़ों के रेशे और कंबल के फर खराब हो जाते हैं। इसलिए नॉर्मल पानी से ऊनी कपड़े धोने चाहिए, साथ ही गर्म पानी से कपड़े का रंग भी फीका पड़ने लगता है।

**सीधा करके न धोएं ऊनी कपड़े**

स्वेटर, मोजा, जैकेट और ग्लव्स समेत अन्य ऊनी कपड़ों को सीधा करके ना तो धोना चाहिए और ना ही सुखाना चाहिए। क्योंकि सीधा करके इन कपड़ों को धोने से मैल अंदर ही रह जाता है और बाहरी गंदगी साफ हो जाती है। वहीं कपड़ों पर जब सीधी धूप पड़ती है, तो कपड़ों का रंग फेड हो सकता है।

**इतने दिनों पर न साफ करें कपड़े**

कुछ लोगों की हर दो चार दिन में ऊनी कपड़े धोने की आदत होती है। लेकिन ऊनी कपड़ों का टेक्सचर काफी ज्यादा सॉफ्ट होता है। ऐसे में हर 2-3 दिन के अंतराल पर इन कपड़ों को साफ करने से बचना चाहिए।

**दाग की सफाई**

यदि ऊनी कपड़ों पर चाय, सब्जी, जूस और कॉफी आदि के दाग लग जाते हैं, तो एक छोटा चम्मच स्पिरिट गुनगुने पानी में डालकर इससे दाग को साफ करें। इससे स्वेटर, जैकेट और शॉल आदि में लगे दाग आसानी से साफ हो जाएंगे।

## स्पीड न्यूज

### सरस्वती विद्या मंदिर में मनी रविदास जयंती



रजरप्पा। सरस्वती विद्या मंदिर में संत रविदास की जयंती मनी। जयंती में विद्यालय के भैया-बहन, आचार्य शामिल हुए। विद्यालय के प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना ने संत रविदास की चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि रविदास हमारे लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने समाज में एकता, भाईचारा, सामाजिक सद्भावना, समानता और न्याय का जो संदेश दिया है उसे अपने जीवन में उतारना चाहिए और देश में सामाजिक सद्भाव और विकास में अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में कक्षा नवम की बहन-मानसी पंडा, रागिनी कुमारी, कक्षा अष्टम की नूतन, कक्षा षष्ट की आराध्या साहदेव आदि ने संत रविदास की रचनाओं का गायन, भाषण के माध्यम से उनकी भक्ति और ज्ञान का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में आचार्य बच्चूलाल तिवारी, शुक्ला चैधरी, अक्षय सिंह, अमरदीप नाथ साहदेव, इंद्रजीत सिंह, रेखा पाठक आदि उपस्थित थे।

### रविदास ने प्रेम का पाठ पढ़ाया: दिगंबर



**कुजू।** कुजू पश्चमी पंचायत सचिवालय में शनिवार रविदास समाज द्वारा भारत के महान संतों में एक संत गुरु रविदास की जयंती मनाया गया। कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय ने कहा कि भारत की धरती पर कई महान संतों ने जन्म लिया, जिसमें संत शिरोमणि गुरु रविदास का भी नाम शामिल है। संत गुरु रविदास जी महान संत थे, जिन्होंने प्रेम और सौहार्द का पाठ पढ़ाया। रविदास ने अपना संपूर्ण जीवन समाज से जाति भेदभाव को दूर करने और समाज सुधार व समाज कल्याण कार्यों में समर्पित कर दिया।हम सभी को उनके आदर्शों पर चलने की जरूरत है। इससे मुख्य अतिथि का स्वागत बुके देकर किया गया। मौके पर रेखा देवी, अनिता देवी, राजेश राम, लक्ष्मन राम, अनूप राम, सुनील रविदास, अरविंद राम, विनोद राम, बलराम राम, आकाश ओझा, राजकुमार राम, शिवा राम, सुरेश राम, मुकेश शर्मा, राजू राम, नरेश भारती, फुलेश्वर साव, सुमन देवी, रंगीला राम, ज्योति कुमारी आदि मौजूद थे।

### सदा अमर रहते हैं संत : मनोज राम

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भीम राव अंबेडकर विचार मंच के तत्वाधान में शनिवार को पेट्रोल पंप भुरकुंडा स्थित अंबेडकर स्थल में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती श्रद्धाभाव से समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष बालेश्वर राम व संचालन रविन्द्र राम ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुरोहित शिवनन्दन दास ने पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना कर की। तत्श्चात पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम व मंच के लोगों ने संत शिरोमणि रविदास जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया। श्री राम ने कहा कि बेहतर समाज के निर्माण के लिए शिक्षित होना जरूरी है। समाज के उत्थान के लिए शिक्षा का प्रचार-प्रसार भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि संत का कभी अंत नहीं होता वे सदा अमर रहते हैं। उन्होंने समाज में फैले कुरीतियों को दूर कर क्षेत्र की बेहतरी में ईमानदारी पूर्वक कार्य करने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में हीरालाल राम, विजय राम, सोनल कुमार, प्रदीप राम, ओक प्रकाश राम, एसके शर्मा, लगनू राम आदि का विशेष योगदान रहा।

### मांडू में रविदास जयंती धूमधाम से मनी



**मांडू।** मांडू चट्टी पंचायत के गोविंदपुर में शनिवार को संत संत श्री श्री 1008 श्री संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का 647 वा जयंती समारोह मांडू चट्टी मुखिया अनीता देवी की उपस्थिति में बहुत ही धूमधाम के साथ पूजा अर्चना और प्रसाद वितरण किया गया अतिथियों द्वारा गुरु रविदास जी के जीवनी पर एवं उनके द्वारा समाज में व्याप्त बुराइयों को खत्म करने पर जो आंदोलन चलाए थे उस पर प्रकाश डालें। सभी उपस्थित श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों ने इनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का दृढ़ संकल्प लिए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित समाजसेवी बालेश्वर भुईयां,धनेश्वर साव,अर्जुन राम,पूर्व पंचायत समिति सदस्य कुलदीप पासवान,मोहम्मद आलम,अनिल महतो, रामकिशन,महतो,चेतन भुईयां,सीटन भुईयां,नरेश भुईयां,सहित सैकड़ो लोग शामिल थे।

### रविदास के बताये मार्ग पर चलें : बिजयंत




भुरकुंडा (रामगढ़)। ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में शनिवार को संत शिरोमणि रविदास की 647वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य बिजयंत कुमार व विद्यालय प्रबंधन के सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर ने संत रविदास के तस्वीर पर माल्यार्पण अर्पित कर की। प्राचार्य बिजयंत कुमार ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास ने अनेको भजन व गीतों की रचना की। उन्होंने कहा कि रविदास के बताये मार्ग पर चलने का किया आह्वान । साथ ही जनमानस के कल्याण में उन्होंने अपना समग्र जीवन लगाया। उन्होंने कहा कि वे वैसे संत थे जिन्होंने जात-पात, गरीबी-अमीरी से उपर उठकर सबों के लिए एक समान जीवन के अधिकार, स्वतंत्रता और अनुशासित जीवन शैली के अधिकारों पर बल दिया। श्री कुमार ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जनमानस के कल्याण के अद्वितीय उदाहरण हैं।

# भाजपा जिला अध्यक्ष हजारीबाग व रामगढ़ का सम्मान समारोह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▸▸ **कार्यकर्ता के हर दुख सुख में खड़ा रहूंगा : विवेकानंद सिंह**

▸▸ **प्रधानमंत्री मोदी के कामों को जनता को बतायें : जयंत सिन्हा**

**हजारीबाग।** प्रिंस होटल के सभागार में हजारीबाग जिला के नवनियुक्त जिलाअध्यक्ष विवेकानंद सिंह एवं रामगढ़ जिला के जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता का सम्मान समारोह एवं पदभार ग्रहण समारोह के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी लोकसभा का लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला संपन्न हुआ।

इस अवसर पर सांसद जयंत सिन्हा, प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बड कुंवर गगरई ,प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह, हजारीबाग जिला प्रभारी अभय सिंह, पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, लोकसभा संयोजक टुन्नू गोप, प्रदेश पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष अमरदीप यादव उपस्थित हुए। सम्मान समारोह एवं कार्यशाला की अध्यक्षता विवेकानंद सिंह एवं संचालन जिला महामंत्री सुनील साहू द्वारा किया गया।

विवेकानंद सिंह ने कहा कि मैं कार्यकर्ता के हर दुख सुख में खड़ा रहूंगा। सभी कार्यकर्ता का सहयोग मिलना चाहिए। इसकी भी मैं आपसे गारंटी चाहता हूं। ताकि संगठन को झारखंड का नंबर वन बना सकुं। सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 10 वर्षों के शासनकाल में जनहित में जो काम किया गया है ।उसे लाभार्थी के बीच जाकर बताने की जरूरत है। अबकी बार फिर से मोदी सरकार 400 पार के साथ सरकार बनानी है। कार्यक्रम में दोनों जिला के मंडल अध्यक्ष एवं मंडल संयोजक, सहसंयोजक के साथ-साथ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के पी ओझा, हरीश श्रीवास्तव ,अनिल मिश्रा ,बटेश्वर मेहता, सुदेश चंद्रवंशी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



संबोधित करते हजारीबाग भाजपा के जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह।

### डहरभंगा पंचायत में मनी संत रविदास की जयंती

**टाटीझरिया।** हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रखंड के आठों पंचायत के विभिन्न गांवों में संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह धूमधाम से शनिवार को मनाया गया। वही डहरभंगा में संत शिरोमणि रैदास और डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर मालार्पण दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत पुजारी सह रोजगार सेवक संतोष राम ने पुरोहित किशोर पाण्डेय द्वारा विधिवत सामूहिक रूप से पूजा अर्चना आराधना किया। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि रविदास का जन्म माघ महीने के पूर्णिमा तिथि 1376 ई. को हुआ था।उनका जन्म उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर के गोवर्धनपुर में हुआ था। वे कबीर दास के समकालीन थे और अध्यात्म पर कबीर दास के साथ कई संवाद उपलब्ध है। शिरोमणि रैदास जी एक समाज सेवी और माता गंगा के परम भक्त थे। एक समय की बात है रैदास जी ने मां गंगा का आवाह्न कर अपनी कठौती से जल छिड़का,जल छिड़कते ही कठौती में एक वैसा ही कंगन प्रकट हो गया। रवीदास जी ने ब्राह्मण हित के लिए राजा से अपमान को बचाव को लेकर वो कंगन पुनः ब्राह्मण को दे दिया वही ब्राह्मण खुश होकर उस कंगन को लेकर राजा को भेंट कर दिया ।तभी से यह कहावत प्रचलित हुआ मन चंगा तो कठौती में गंगा अर्थात श्रद्धा विश्वास आस्था रखने पर कण कण में असंख्य देवी देवताओं का निवास होता है। संत शिरोमणि रविदास जी ने भक्ति आंदोलन में अपनी अहम भूमिका निभाई है। इसलिए हम सबों को उनके बताए गए धर्म भक्ति आंदोलन के मार्ग पर चलने सीखने की जरूरत है चुकी मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं है। जयंती में रामेश्वर राम,रामवृक्ष राम, वृजमोहन राम, संतोष राम, सुनील राम,सुकेश, मुखलेश्वर, महेश राम,बसंत राम ,संदीप राम ,साबो देवी,पिंकी देवी,कौशल्या देवी, लीलावती देवी,समेत अन्य कई श्रद्धालु भक्त गण मौजूद थे।

# सड़क निर्माण में तेजी लायें संवेदक

**मतकमा से चुट्टपालु तक बनने वाले सड़क के निर्माण की प्रगति का मुख्य अभियंता ने किया निरीक्षण, दिये निर्देश**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



भुरकुंडा (रामगढ़)। बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद द्वारा पथ निर्माण विभाग के विभागीय सचिव से की गई शिकायत के बाद शनिवार को मुख्य अभियंता पथ निर्माण विभाग सह सदस्य तकनीकी झारखंड सडक मार्ग प्राधिकार ने मतकमा से चुट्टपालु तक बनने वाली सड़क कार्य के प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य में हो रही देरी को लेकर संवेदक को फटकार लगाते हुए कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि रविवार से ही मतकम्मा चौक की ओर से काम लगाया जाए, अन्यथा संवेदक के खिलाफ कार्रवाइ की जाएगी। संवेदक ने भूमि अधिग्रहण से संबंधित समस्याएं बताते हुए मतकम्मा की ओर से भी कार्य प्रारंभ करने को कहा। मुख्य अभियंता ने कहा कि हर एक व्यक्ति जिनकी भूमि ली जाएगी उन्हें मुआवजा दिया जाएगा। ग्रामीणों से संवेदक को सहयोग करने का भी आग्रह किया गया। कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल ने कहा कि संवेदक की लापरवाही से ग्रामीणों को हो रही समस्या को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अपनी तय सीमा के अंदर संवेदक अपना गुणवत्तापूर्ण कार्य संपन्न करें। उन्हें ग्रामीणों का भरपूर सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमलोग हमेशा कार्य के प्रगति का निरीक्षण करते रहेंगे और विभाग को किसी भी तरह की अनियमितता बरते जाने पर पुनः सूचित किया जाएगा। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल के साथ विधायक प्रतिनिधि राज किशोर पांडेय, कांग्रेस कार्यकर्ता बालदेव राम, इमरान अंसारी, लोकेश आनंद, संजीव सिंह, अनिल कुमार सहित संवेदक की ओर से इंजीनियर पुल अतह नदीम, सर्वे इंजीनियर मोइन अहमद, मटेरियल इंजीनियर कामेश्वर पांडेय, स्ट्रक्चर इंजीनियर राहुल रंजन, केके कंस्ट्रक्शन एजेंसी के निर्देशक कुमुद पाठक, वरुण रंजन, विवेक तिवारी आदि मौजूद थे।

# रविदास की मंदिर स्थापना को ले निकली कलश यात्रा

**संत रविदास का जीवनकालआदर्श से परिपूर्ण रहा : मनोज यादव**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

बरही। संत शिरोमणि श्री रैदास जयंती पर बरही अंतर्गत अंबेडकर नगर में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने रविदास समाज द्वारा निकाले गए संत शिरोमणि रविदास महराज की मंदिर स्थापना करने भूमि पूजन हेतु कलश यात्रा में महिलाओं को कलश देकर कार्यक्रम में सहयोग दिया। इस दौरान पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि संत समाज मे अनेकों संत हुए, जिन्होंने मनुष्य के जीवन में परिवर्तन कर समाज को घृणा व द्वेष को त्यागना सिखाया है। उन्ही में से एक संत शिरोमणि रविदास थे। जिन्होंने जीवन भर कठिन संघर्ष करके अपने कर्म को प्रधान मानते हुए यह सिखाया की उपासना या आस्था दिखाने से नहीं मन से होती है। पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर किसी की कटु बातों से दूर रहकर निरन्तर आगे बढ़ते रहे।बताया कि उनका जीवन आदर्श रहा।जिनमे किसी प्रकार का दिखावा अंशमात्र भी नहीं था। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, साधु शरण रविदास, अध्यक्ष नारायण रविदास, निरंजन रविदास, संजय रविदास, अजय रविदास, वीरेंद्र रविदास,छोटी उर्फ राज आर्यन, अनुज रविदास, रंधीर रविदास, टिंकू रविदास, जीतू रविदास, बिनोद रविदास सहित समाज के सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।



### चरही में मनी जयंती



**चरही।** पंचायत चुरचू ,आंगो ,चनारो ,चरही,इंद्रा , जरबा,बहेरा व हेंदेगढ़ा सहित कोयलांचल क्षेत्र में संत शिरोमणि रविदा जी की 647वें जयंती धूमधाम के साथ मनाया गया। चुरचू अम्बेडकर क्लब में प्रमोद नारायण राम के द्वारा किया गया। साथ ही संत शिरोमणि रविदास जयंती के अवसर पर केक काटा गया।इसके बाद महिला-पुरुषों के द्वारा पुष्प अर्पित किया गया। बीडीओ ललित राम ने कहा कि रविदास जी के बताये हुए मार्ग पर चलने की जरूरत है।

मौके पर चकित्सा प्रभारी डॉ. अशोक राम,उप प्रमुख संजय कुमार सिंह,जागेश्वर राम,समाजसेवी कामेश्वर राम , अवर निरीक्षक संजय सिंह, मुखिया पूनम बेसरा,मुखिया सीतामुनी देवी व अन्य मौजूद थे।

### पीवीयूएनएल ने शुरू की ड्राइविंग प्रशिक्षण



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पीवीयूएनएल ने युवाओं और महिलाओं के उत्कृष्टता के लिए हेसला मैदान में शनिवार को ड्राइविंग प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। प्रशिक्षण का शुभारंभ पीवीयूएनएल के सीईओ आरके सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। सिंह ने बताया की यह प्रशिक्षण एक माह तक चलेगा। यह पहल युवाओं और महिलाओं के लिए नौकरी का अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि ड्राइविंग के क्षेत्र में अपने कौशल को बढ़ाने के इच्छुक युवाओं व महिलाओं के लिए यह काफी लाभदायक सिद्ध होगा। श्री सिंह ने कहा कि यह पहल न केवल उनके जीवन को सकारात्मक दिशा देगी बल्कि समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाया।

# किचन शेड में हो रहा घटिया सामग्री का इस्तेमाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▸▸ **मवि ओरला में निर्माणाधीन शेड की हल्की बारिश में खुली पोल,जांच की मांग**

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला के मांडू प्रखंड अंतर्गत ओरला पंचायत स्थित राजकीय मध्य विद्यालय ओरला में इन दिनों डीएमएफटी मद से किचन शेड का निर्माण कराया जा रहा है। इस निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा घटिया सामग्री इस्तेमाल किया जा रहा है।

इसकी पोल गत 22 फरवरी को हुई वर्षा ने खोलकर रख दी। इस वर्षा में किचन शेड के डीवीसी का एक हिस्सा दह गया। हालांकि इसकी जानकारी मिलने के बाद दूसरे दिन संवेदक द्वारा आनन फानन में निर्माण कराकर मामले का लिपापोती करने का प्रयास किया गया। बताया जाता है कि जिला खनिज मद द्वारा लगभग 10 लाख की लागत से भुरकुंडा के एक संवेदक द्वारा किचन शेड का निर्माण कराया जा रहा है। परंतु संवेदक की लूट की नीति शिक्षा के इस मंदिर को भी नहीं बख्शा। बताया जाता है कि निर्माण कार्य के लिए संवेदक द्वारा जो ईंट,चिप्स,सीमेंट आदि सामग्री गिराया गया है, वह घटिया किस्म का है।साथ हीं डीवीसी की ढलाई का अनुपात भी गलत होने के कारण हीं डीवीसी का एक हिस्सा ढह गया। ऐसे में किचन शेड निर्माण की गुणवत्ता पर अभी से हीं प्रश्न उठने लगा है।

**दोषी पाए जाने पर संवेदक के खिलाफ कार्रवाई हो : मुखिया**

इस संबंध में पंचायत मुखिया गुड़िया देवी ने कहा कि किचन शेड निर्माण की जानकारी विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा मुझे नहीं दी गई है। ग्रामीणों द्वारा मुझे सूचना मिली है कि विद्यालय में किचन शेड का निर्माण कराया जा रहा है। अगर संवेदक द्वारा घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। दोषी पाए जाने पर ऐसे भ्रष्ट संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई हो। निर्माण कार्य सही तरीके से होना चाहिए। साथ हीं डीवीसी ढलाई की जांच होनी चाहिए।



**अविलंब निर्माण कार्य पर रोक लगायें प्रशासन : प्रधानाध्यापक**

विद्यालय के प्रधानाध्यापक नेहरू लाल ने कहा कि किचन शेड का जो निर्माण हो रहा है, उसमें ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से अविलंब निर्माण कार्य पर रोक लगाने व संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## एक नजर में

### कलश यात्रा में शामिल हुए उमाशंकर अकेला



**बरही।** संत शिरोमणि रैदास की 647वीं जयंती पर अंबेडकर नगर में मंदिर निर्माण हेतु कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में निवेदन समिति के सभापति सह बरही विधायक उमाशंकर अकेला अपने कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए। इस दौरान विधायक श्री अकेला ने बरही के धनबाद रोड व हजारीबाग रोड में कलश लेकर घूम रही महिलाओं के साथ शामिल हुए। विधायक श्री अकेला ने कहा कि संत रैदास जी ने समाज हित के कार्य से प्रमाणित करके दिखा दिया था कि कोई भी व्यक्ति अपने जन्म व व्यवसाय से नहीं, अपने कार्यों तथा विचारों की श्रेष्ठ होता है। उन्होंने समाज में फैली नशाखोरी, अंधविश्वास आदि बुराइयों को दूर करने का प्रयास किया था। मौके पर पूजा समिति के संरक्षक तोखन रविदास, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता, भगवान केशरी, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, मो वारिस अंसारी, कार्तिक पासवान, मनोज रविदास, संजय दुबे, देवचंद यादव, पप्पू ठाकुर, शशि जयसवाल सहित अन्य पूजा समिति के पदाधिकारी मौजूद थे।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय में भंडारण गृह का शिलान्यास



**टाटीझरिया ।** प्रखंड के डूमर पंचायत अंतर्गत मायापुर गांव के टोंगरिया ऊपर टोला उत्क्रमित मध्य विद्यालय मायापुर परिसर में 19 लाख 45 हजार की लागत से डीएमएफटी भवन निर्माण विभाग योजना से 731.25 स्क्वायर फिट डिप बोरिंग, समर सेबूल ,सेनेटरी कनेक्शन ,वायरिंग ,16डड स्क्वायर फिट का फेवर ब्लॉक का कार्य किया जाना है। विद्यालय परिसर में मांडू विधान सभा विधायक जय प्रकाश भाई पटेल ,टाटीझरिया जीप सदस्य रामप्रसाद उर्फ कंपनी ,भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद,सांसद प्रतिनिधि कैलाशपति सिंह संग कई समाज सेवियों के हाथो शनिवार को रसोई भंडार घर निर्माण योजना कार्य की शिलान्यास संयुक्त रूप से नारियल तोड़कर और फीता काटकर किया गया। उपस्थित ग्रामीणों समाज सेवियों जनप्रतिनिधियों से विधायक जेपी पटेल ,टाटीझरिया जीप सदस्य रामप्रसाद उर्फ कंपनी ने संवेदक से गुणवत्ता पूर्ण सामग्री से रसोई भंडारण गृह का निर्माण करने की सलाह दिया। मौके पर जे. ई.विवेक गर्ग,संवेदक अजीत सिंह विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार दास, राहुल सिंह , मुजाहिद, अंसारी,रामचंद्र भुइया, छोटी भुइया,कामेश्वर सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

### चरही में परिवार नियोजन को लेकर बैठक

चरही। शनिवार को मुखिया संघ अध्यक्ष सह बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो की अध्यक्षता में पंचायत सचिवालय बहेरा में ममता एचआईएमसी के तहत परिवार नियोजन को लेकर बैठक किया गया। इस बैठक में लोगों को जानकारी दिया गया कि सामुदायिक आधारित कार्यक्रमों के द्वारा परिवार नियोजन,संबंधित सूचना,साधन और सेवाओं का प्रावधान को मजबूत करना एक लक्ष्य है। मुखिया देवकी महतो ने कहा कि ममता एचआई एमसी लोगों के हित में अच्छा कार्य कर रही है।इस कार्य से बहुत ही परिवारों की जिंदगी में बदलाव आएगी।लोग इसके प्रति जागरूक भी हो रहे हैं।इस मौके पर बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो, वार्ड सदस्य आशामुनि टुडू इत्यादि कई लोग मौजूद थे।

### जिला पार्षद ने तीर्थयात्रियों को किया रवाना

दारु। प्रखंड क्षेत्र के झुमरा मे शनिवार को अयोध्या सहित अन्त तीर्थ स्थल जाने वाले 70 तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना हुए। जिला पार्षद गीता देवी ने तीर्थयात्रियों को भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया। इस दौरान पुरा माहौल बेहद भक्तिमय हो गया और मौजूद लोगों ने जय श्री राम ,जय बजरंग बली के जमकर नारे लगाए। तीर्थयात्रियों को विदा करने बड़ी संख्या मे यात्रियों के परिजन और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### गरीबों की जमीन पर माफियाओं की नजर

हजारीबाग। जिले में जमीन माफियाओं का राज है। हालात ये है इनलोगों की वक्र दृष्टि जिस भी जमीन पर पड़ी समझ लो उस जमीन के मालिक के दुर्दिन शुरू हो गये। खासकर गरीब और कमजोर तबके के लोगों की जमीन पर ये गिद्ध की नजर जमाये हुए हैं। अब तो प्रतिष्ठित और सीधे-साधे लोगों की जमीन पर भी ये कब्जा करने की जुगत में हैं। वैसी जमीन जिसपर किसी कारण से विवाद खड़ी है या फिर जबरदस्ती जमीन पर कोई विवाद उत्पन्न करा दिया गया है। वैसे भूखंडों पर ये लोग हर कब्जा करने के लिए हर तरीके का इस्तेमाल कर रहें हैं। मजे की बात यह है कि यह सारा काम पुलिस के नाक के नीचे हो रहा है लेकिन कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है।

### बरही : भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनायी गयी संत रविदास की जयंती



**बरही।** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर के प्रांगण में संत रविदास की जयंती मनाई गयी। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रजनीश पांडेय समेत सभी आचार्यो ने संत शिरोमणि रविदास जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। भैया बहनों को सम्बोधित करते हुए प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने संत रैदास के बताएं पथ पर सभी को चलने की बात कही। कहा कि संत रैदास जी जात-पात, नशा पान, श्रम की महता, पराधिनता व मानव जीवन पर अपने दोहे को लिखकर समाज को जागरूक करने का काम किया। आज के युवाओं को उनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है। उक्त अवसर पर विद्यालय के आचार्य निर्भय कुमार सिंह ने कहा कि महान संत रैदास, रोहिदास और रूहीदास जैसे कई अन्य नामों से प्रसिद्ध है। उन्हें पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के क्षेत्र में एक गुरु के रूप में पहचान मिली थी। वे एक प्रसिद्ध कवि-संत, समाज सुधारक और आध्यात्मिक व्यक्ति थे।उनके भक्ति गीतों ने भक्ति आंदोलन पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ा। मौके पर सभी आचार्य और दीदी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### भाजयुमो के प्रदेशमंत्री अजातशत्रु ने नाग नागिन माघ पूर्णिमा मेले का किया उद्घाटन



लोहरदगा। सेन्हा प्रखंड के नक्सलग्रस्त और सुदूरवर्ती गांव साके में वर्षो से आयोजित होने वाले साके धरधरिया नाग नागिन माघ पूर्णिमा मेले का उद्घाटन भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेशमंत्री अजातशत्रु ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वहां निवास करने वाले आदिवासी समुदाय जो कि सनातन धर्म का अभिन्न अंग है वे लोग इसमें बढ़ चढ़ कर भाग लेते हैं। उनके साथ भेंट होने पर अपनी पुरातन संस्कृति का अनुभव एवं प्रसन्नता होती है। जतरा और मेला का पुरातन काल से ही गांव और झारखण्ड की पहचान रही है। यह पुराने समय में लोगों के जीवन का बहुत ही महत्वपूर्ण अंग हुआ करता था। लोगों के जीवन के बहुत सारे निर्णय इनमें हुआ करते थे। आज धीरे धीरे यह रीति कम हुई है परन्तु हमसबों का यह कर्तव्य है कि इसे हम संजो कर रखें। आदिवासी समाज के द्वारा आज भी इसे सहेज कर रखा गया है। मौके पर जिला महामंत्री बाल्मीकि साहू, रामजीत यादव, शंकर, प्रकाश आदि उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में संत रविदास की जयंती मनायी गयी



कैरो। प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शनिवार को संत रविदास की जयंती धूम धाम से मनाई गई। प्रभारी प्रधानाचार्य व वरिष्ठ आचार्य देवा उरांव द्वारा कार्यक्रम की शुरूवात दीप प्रज्ज्वलन करके व संत रविदास की तस्वीर पर पुष्पर्पित करके किया गया। देवा उरांव ने संत रविदास के जीवनी पर प्रकाश डाला और उन्होंने बताया कि संत रविदास महान समाज सुधारक थे। अपने कार्यो से वो समाज को नई दिशा दिखाई। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने भी संत रविदास जी के बारे में विस्तृत रूप में बताया तथा कहा की संत रविदास को भक्ति भाव में गहरी रुचि थी। भैया बहनों के द्वारा व जयंती प्रमुख शांति नाग,विनोद आचार्य व प्रभा दीदी जी द्वारा भी संत रविदास के जीवनी पर प्रकाश डाला गया। मौके पर विद्यालय के सभी आचार्य वृंद उपस्थित थें।

### सामाजिक समरसता के सूत्रधार थे संत रविदास : विष्णु दत्त पांडेय



लोहरदगा। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में संत रविदास की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का प्रारंभ संत रविदास के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर भैया बहनों को संबोधित करते हुए विद्यालय के आचार्य विष्णु दत्त पांडेय ने कहा कि संत रविदास सामाजिक समरसता के सूत्रधार थे। उन्होंने सामाजिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए अपना विचार देते हुए कहा था कि हमारी सामाजिक व्यवस्था ऊंच नीच, विषमता व परजीविता के पोषक सारे मूल्यों को दरकिनार कर मनुष्य मात्र की समता की हिमायत करती है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास ने कहा कि महापुरुषों की जयंती से हमें श्रेष्ठ जीवन आदर्शों की प्रेरणा प्राप्त होती है। संत रविदास जी ने मानव जीवन में समता, सुचिता और सरलता को विशेष महत्व दिया। जयंती के इस कार्यक्रम में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में कशिश कुमारी प्रथम, तन्वय गौतम द्वितीय एवं आशुतोष कुमार पांडेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में सूरज साहू, अमनदीप उरांव, निशांत उरांव, आदित्य वर्मा, आदित्य उरांव, अस्मिता उरांव हिमांशु उरांव, लक्की राज, प्रिंस उरांव, शिवम कुमार राम और आयुष उरांव ने भाग लिया। इस अवसर पर श्याम सुंदर कुमार, दिनेश सिंह एवं मंजू देवी ने भी अपना विचार व्यक्त किया। मौके पर सभी आचार्य बंधु उपस्थित थे।

### भाजपा की बैठक में पार्टी की मजबूती सहित कई बिंदुओं पर किया गया चर्चा



कैरो। प्रखंड मुख्यालय स्थित देवी मंडप प्रांगण में शनिवार को मण्डल अध्यक्ष लखन उरांव की अध्यक्षता में लोक सभा चुनाव 2024 को लेकर एक आवश्यक बैठक हुई। मौके पर रविदास जयंती मनाई गई और उन्हें याद किया गया। पार्टी संगठन को मजबूत बनाने और लोक सभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। साथ ही साथ 27 फरवरी को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के गुमला आगमन में लोक सभा क्षेत्र से हरेक बूथ अध्यक्ष, दो दो बी एल ए, एक एक महिला कार्यकर्ता को शामिल कराने,1 मार्च से 4 मार्च तक लाभार्थी कार्यक्रम चलाने पर भी चर्चा की गई। मौके पर मण्डल अध्यक्ष लखन उरांव, मण्डल प्रभारी नवीन कुमार टिंकू, जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा ने कहा कि भाजपा का मिशन 370 और एनडीए का मोशन 400 पार को हर हाल में सफल बनाना है। इसके लिए कार्यकर्ताओ को पूरी लगन से पार्टी संगठन के हित मे कार्य करना होगा। केंद्र सरकार के उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाना होगा। मौके पर प्रदेश सदस्य बजरंग उरांव, विशेश्वर प्रसाद दीन, कैलाश महतो, दीपक साहू, मनींद्र शाह, रामबुझावन गुप्ता, मनोज साहू, सुसेन महतो, शिवचरण तुरी, नासिर आलम खान, गोविंद महतो, सुखन उरांव, लाखो उरांव, राधे साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कैरो : झामुमो ने निकाली न्याय यात्रा



कैरो। झामुमो जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद के निर्देश के अनुसार केंद्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी की उपस्थिति में प्रखण्ड अध्यक्ष मो सजाद के नेतृत्व में शनिवार को प्रखण्ड के सढ़ाबे पंचायत के एडादोन गांव में न्याय यात्रा निकाला गया। न्याय यात्रा एडादोन चौक से आरंभ होकर कारगिल शहीद विश्राम टाना भगत के समाधि स्थल तक गई। जहां पर शहीद को श्रंद्धांजलि दी गई। मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी ने कहा कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को साजिस के तहत फंसाया गया और जेल भेज दिया गया। हेमन्त सोरेन प्रदेश के विकास के लिए एक लंबी लकीर खींच रहे थे भाजपा को ये बात रास नही आई। मौके पर समीरुदीन अंसारी, परवीन साहू, मनलेश्वर उरांव, अख्तर अंसारी, हारून, मतलूब उपस्थित थे।

### अगर मन में प्रेम और श्रद्धा की भावना हो तभी भक्ति की जा सकती है : सुनील सिंह



लोहरदगा। मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ संत रविदास जी की तस्वीर पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलित कर किया गया। सभा में रेणु कुमारी के द्वारा संत रविदास जी की जीवनी का संक्षिप्त परिचय दिया गया और उनसे संबंधित डॉक्युमेंट्री फिल्म दिखाई गई। महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि ईश्वर भक्ति को गणित के सूत्र के माध्यम से अपने जीवन में उतार सकते हैं और वह सूत्र है। अगर मन में प्रेम और श्रद्धा की भावना रहे, तभी भक्ति की जा सकती है। किसी भी महापुरुष की जयंती मनाते हैं तो उनके जीवन से हमें कुछ सीखना चाहिए। इस अवसर पर सभा कक्ष में रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, कविता कुमारी, चेतना प्रिया, स्नेहा शर्मा, आरती भगत, अर्चना कुमारी सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### जेवियर्स सामाजिक सेवा संस्थान के विद्यार्थियों ने किया गुमला का दौरा



गुमला। जेवियर्स सामाजिक सेवा संस्थान रांची के विद्यार्थियों ने सितारा संस्था गुमला के निर्मला बहन के नेतृत्व में गुमला जिला के भंडारिया, रेडवा और हरिणाछापर गांव का दौरा किया। दौरे के क्रम में किसानों की आजीविका को बेहतर बनाने को जागरुक किया गया। जेवियर्स सामाजिक सेवा संस्थान रांची के छात्र प्रोफेसर अराना कौसर के साथ गुमला पहुंची थी। इस दौरान शांभवी, मुस्कान श्री, सान्या, आकाश, आशीष कंदूलना, निलेश त्रिवेदी अनामिका गिरी, शाहिद का लोग शामिल थे।

# किसी की पहचान उसकी जाति से नहीं ईश्वर पर विश्वास व कर्म से होती है: गुरू सिंह सभा

## जशपुर रोड गुरूद्वारा में मनाया गया संत रविदास की जयंती

खबर मंत्र संवाददाता



संत रविदास जयंती पर सुखमनी साहिब का पाठ करते।

गुमला। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा जशपुर रोड गुमला में माघ पूर्णमासी और संत रविदास जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन करते हुए सुखमनी साहिब का पाठ किया गया। पाठ उपरांत चौपाई और आनन्द साहिब के पाठ पढ़कर गुरुद्वारा के भाई सूरज सिंह के द्वारा सभी के भले की अरदास की गई । इस अवसर पर सभी के द्वारा सामूहिक लंगर भी किया गया। संत रविदास की अनेक वाणी गुरुग्रंथ साहिब में दर्ज है तथा सिख गुरुओं द्वारा संत रविदास को अत्यधिक सम्मान दिया गया है। संत रविदास जी ने सिखाया कि किसी की पहचान उसकी जाति से नहीं की जाती है बल्कि ईश्वर में विश्वास और व्यक्ति के अपने कर्म से उसकी पहचान होती है। उन्होंने यह संदेश फैलाया कि भगवान ने मनुष्य को बनाया है, अतः इस धरती पर प्रत्येक मनुष्य का समान अधिकार है। गुरु ग्रंथ साहिब में उनकी वाणी दर्ज है 'तोहि मोहि, मोहि तोहि, अंतर कैसा, कनक कातिक जल तरंग जैसा', अर्थात भगवान और व्यक्ति में कोई अंतर नहीं है जैसे सोने और उसके आभूषण, और पानी और उसकी लहर के बीच कोई अंतर नहीं है। उनके द्वारा अनेक आध्यात्मिक एवं सामाजिक सन्देश दिए गए जो आज भी प्रासंगिक हैं। मौके पर गुरुद्वारा के पाठी भाई सूरज सिंह जी के अलावे राजिंदर कौर, गुरमीत सिंह दिलदार सिंह, इंदु कौर, चरनजीत कौर, जस्सी, तरण सहित अनेक श्रद्धालु गुरुद्वारा साहिब में उपस्थित होकर गुरु ग्रंथ साहिब को मत्था टेका।

# लोहरदगा : संत रविदास की जंयती मनाई गयी

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। रविदास विकास मंच लोहरदगा के तत्वावधान में संत शिरोमणि रविदास की जंयती समारोह शनिवार को जिला के नगर भवन लोहरदगा में बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। मौके पर समाजसेवी राजमोहन राम ने कहा कि समाज के पढें लिखे बच्चे-बच्चियां को जबतक टेक्निकल शिक्षा जैसे, कम्प्यूटर, मोबाईल बनाना, आईटीआई नहीं करेंगे तबतक हमारा समाज आगें नही बढ़ेगा। अन्य वक्ताओं भी ने कहा कि नशा छोड़ो शिक्षा से नाता जोड़ो, समाज को आगे बढ़ाने में, दहेज मुक्त समाज का संकल्प एक साथ लिये, समाज के सभी लोग पढ़ लिखकर आगें, मीडिया बंधु, कलाकार बंधु के साथ साथ छोटे छोटे तथा बच्चियों के द्वारा रंगारंग संस्कृतिक कार्यक्रम किया गया, साथ में समाज के लड़के एवं लड़कियों द्वारा भी अपना अपना नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में रविदास विकास मंच जिलाध्यक्ष रामचरण राम, उपाध्यक्ष बुधन राम, सचिव विनोद राम, कोषाध्यक्ष रामजतन राम, समाजसेवी राजमोहन राम, राष्ट्रीय बौद्ध महासभा लोहरदगा जिलाध्यक्ष अनिल रविदास, गोपाल राम, गजन राम, विश्वनारायण राम, कृष्णा राम, रघुवीर राम, गोपाल राम, लखन राम, रिन्कु राम, जितेन्द्र राम, रीना देवी, विन्देश्वर राम, रमेश राम, रिझु राम, सुनिल राम शिक्षक, जिला संगठन प्रभारी संतोष राम, मंच संचालन अनिल राम, सह सचिव राधेश्याम राम, मनोज साहु, संतन राम, अजय कुमार, मनोज साहु, शंकर राम, पंकज राम, भरत, आशुतोष, नरेश राम, लक्ष्मन राम, दिगंबर राम, सरोज राम, भोला, अजय, पवन, मड़वारी, मोहन, दिलमोहन, विश्वनारायण राम, नगेन्द्र, निरंजन, परमेश्वर, गोपाल, दयानन्द राम सहित समाज के लोग मौजूद थे।

# भाजपा ने हेमंत सोरेन को झूठे केस में फसाया, जनता लेगी हिसाब : तिवारी उरांव

## झामुमो ने भीठा पंचायत में निकाला न्याय मार्च

खबर मंत्र संवाददाता




भंडरा। झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय कमेटी के निर्देश पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी के नेतृत्व में शनिवार को भंडरा प्रखंड के भीठा पंचायत के धोबाली गांव में न्याय मार्च निकला। न्याय मार्च में जिला उपाध्यक्ष तिवारी उरांव व अल्पसंख्यक मोर्चा के मंसूर अंसारी विशेष रूप से उपस्थित हुए। मौके पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि न्याय मार्च से भाजपा का सफाया होगा। जिस तरह से एक सीधे-साधे आंदोलनकारी के बेटे को साजिश के तहत सत्ता हासिल करने के लिए झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई, झारखंड की सभी जनता समझ रही है, इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। साथ ही कहा कि जिस तरह से झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड को संवारने में लगे थे और जिस तरह से यहां विकास की धारा बह रहे थे, यही बात भाजपा वालों को नहीं पच रही थी। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि एक आदिवासी मुख्यमंत्री को जेल भेजकर भाजपा आदिवासी के साथ शोषण करने का काम कर रही है। आने वाले 2024 के चुनाव में भाजपा का सफाया होगा। न्याय मार्च प्रखंड के सभी पंचायतों में आयोजित की जाएगी। इस मौके अल्पसंख्यक जिला सचिव मंसूर अंसारी, प्रखंड मिडिया प्रभारी विनोद उरांव, पंचायत अध्यक्ष मनोज उरांव, गुलशन उरांव, सुलेंदर प्रधान, बिपता उरांव, बुधराम उरांव, बिरिया उराईन, तारा उराईन, बसंती उराईन, सोनामुनी उराईन, सीमा उराईन, बिहारी उरांव, बदरू उरांव, सुलेन्दर लोहारा, सेवक उरांव, कर्मचंद उरांव, बिठु उरांव,बडी संख्या में लोग मौजूद थे।

# भाजपा का उद्देश्य सबका साथ सबका विकास : नीरज नलिन

## भाजपा कार्यसमिति की बैठक आयोजित

खबर मंत्र संवाददाता



लोकसभा चुनाव तैयारी को लेकर बैठक करते भाजपाई।

भंडरा। भारतीय जनता पार्टी भंडरा प्रखण्ड की बैठक प्रखण्ड अध्यक्ष विवेक सोनी अध्यक्ष में प्रखण्ड कार्यालय में संपन्न हुआ। आगामी लोकसभा चुनाव तैयारी कार्यक्रम में मुख्य रूप से आगामी 27 फरवरी गुमला में बूथ सम्मेलन में एवं लाभार्थी सम्मेलन 27 फरवरी को होना है कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ मंत्री मनसुख मांडाविया आगमन होना तय है।

कार्यक्रम में जाने हेतु शक्ति केंद्र की प्रभारी बनाया गया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष नीरज नलिन ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक मजबूत बनाने की बात कही। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन के प्रति हमेशा काम करते रहने की बात कहीं।

भाजपा का उद्देश्य सबका साथ सबका विकास है। वहीं मंडल अध्यक्ष विवेक सोनी ने संगठन मजबूती और कार्यप्रणाली पर चर्चा करते हुए कहा कि हमारी पार्टी का सबसे पहला उद्देश्य है हरेक व्यक्ति को साथ लेकर देश हित का कार्य करना। दरअसल, बीजेपी की कोशिश है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक केंद्र सरकार की योजनाओं को पहुंचाया जाए, जिससे उन्हें लाभ मिल सके, साथ ही इससे पार्टी भी मजबूत होगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला उपाध्यक्ष निरज नलिन, पंकज साहू, जालेश्वर महतो, गुलाम मुस्तफा अंसारी, बिपता उरांव, वीना देवी, मालती कश्यप, राजकुमार साहू, उमेश प्रजापति, उमेश साहू, हरिनाथ महतो, रमेश राणा, गीता उरांव, राजू साहू, श्रवण गुप्ता, बिंदेश्वर महतो, आनंद ठाकुर, बरतू बैठा, परमेश्वर उरांव, चंदन कुमार, बिनोद प्रजापति सहित नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विश्व शांति और मानव कल्याणार्थ नव कुंडीय कल्याण महायज्ञ मुरकुंडा में 29 फरवरी से

## 61 ब्राह्मणों द्वारा दुर्गा सप्तशती का सम्पुटित पाठ कराया जायेगा



गुमला। गुमला सदर प्रखंड के मुरकुंडा गांव में विश्व शांति और मानव कल्याणार्थ 29 फरवरी से होने वाले श्री सहस्त्र चंडी 9 कुंडिय कल्याण महायज्ञ के आयोजन को लेकर तैयारी जोरों पर है। 29 फरवरी को कलश यात्रा, पंचांग पूजन एवं मंडप प्रवेश के साथ 9 मार्च तक चलने वाले इस यज्ञ को लेकर मुरकुंडा और आसपास के क्षेत्र में भक्ति का माहौल है। लोगों में यज्ञ के सफल आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल है। यज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रदीप साहू ने बताया कि कलश यात्रा के दिन जोलो कोयल नदी तट से लगभग 2500 महिला, बहनों द्वारा कलश लेकर यात्रा में शामिल होंगी। इसके साथ कई प्रकार की झांकियां रहेंगी। यज्ञ के दौरान श्रीमद्भागवत कथा रामलीला का भी आयोजन किया गया है। वहीं प्रत्येक दिन बनारस से गंगा आरती करने वाले भक्तों की टीम भी आ रही है। यज्ञ में विभिन्न जगहों से आये 61 ब्राह्मणों द्वारा प्रतिदिन दुर्गा सप्तशती का सम्पुटित पाठ और हवन पूजन किया जाएगा। वही 29 फरवरी से लेकर 9 मार्च तक प्रतिदिन भंडारा का आयोजन किया गया है। इस यज्ञ में बनारस, अयोध्या, इलाहाबाद और मैहर सहित कई जगह से ब्राह्मण और विद्वानों का आयोजन आगमन हो रहा है, जिनके द्वारा यहां पर विश्व शांति और मानव कल्याण हेतु पूजा पाठ किया जाएगा यज्ञकर्ता कल्याण बाबा ने बताया कि असिता किशोरी और पीताम्बरा जी महाराज द्वारा कथा का आयोजन किया जाएगा।

# लोक अदालत में 17 मामलों का निष्पादन

लोक अदालत में दोनों पक्षों की होती है जीत: सचिव

खबर मंत्र संवाददाता



गुमला। जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के द्वारा शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 17 मामलों का निष्पादन किया गया और 169580 रूपए के राजस्व की प्राप्ति हुई। इस मौके पर डालसा सचिव निर्मला बरला ने कहा कि मासिक लोक अदालत के द्वारा न्यायालय में सुलहनीय मामले, दीवानी वाद, बैंक लोन, कर्ज माफी, बिजली भुगतान, उत्पाद, वन विभाग तथा नापतोल विभाग के मामले का निष्पादन किया जाता है। लोक अदालत में दोनों पक्षों की जीत होती है तथा समय तथा पैसे की भी बचत होती है। लोक अदालत के सदस्य शंभू सिंह ने कहा कि पक्षकार तथा लोग अपने सुलहनीय वाद से संबंधित एवं अन्य मामलो के त्वरित निष्पादन के लिए आगे आएं तथा अपने बहुमूल्य समय तथा पैसे का बचत करें। कार्यक्रम में डालसा सचिव निर्मला बरला, शंभू सिंह स्थाई लोक अदालत के सदस्य, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता बुंदेश्वर गोप, विद्या निधि शर्मा, जितेंद्र सिंह, इंदु पांडे, सहायक प्रकाश कुमार, अरविंद चौधरी, मनीष कुमार, आदि, उपस्थित थे।

### आजसू के पदाधिकारियों ने गुमला के नव पदस्थापित डीडीसी का किया स्वागत



गुमला। आजसू पार्टी गुमला जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू के नेतृत्व में केंद्रीय सचिव गोपीनाथ सिंह, जिला महासचिव आनंद कुमार गुप्ता और दुर्गा साहू गुमला के नव पदस्थापित डीडीसी दिलेश्वर महतो का बुके देकर उनके कार्यालय में स्वागत किया। दिलीप नाथ साहू ने कहा कि बिहार के समय 1996 में सरकारी सेवा में आने के उपरांत परिवीछा अवधि में गुमला में कुछ समय के लिए अपनी सेवा दे चुके हैं। इनके अनुभव का लाभ गुमला को मिलेगा। डीडीसी महोदय मृदुभाषी और मिलनसार और एक कुशल प्रशाशनिक पदाधिकारी हैं। गुमला की जनता को आपसे काफी उम्मीदें हैं।

### नेत्र जांच शिविर आज

गुमला। बाबा भगवान राम ट्रस्ट, सोगड़ा जशपुर आश्रम एवं श्री सर्वेश्वरी समूह प्रार्थना गृह, गुमला के संयुक्त तत्वावधान में 25 फरवरी को गुमला प्रखंड अंतर्गत परसा गांव के नया पंचायत भवन में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। जानकारी देते हुए समूह की गुमला शाखा के मंत्री बिपिन कुमार सिन्हा ने बताया कि प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सकों द्वारा रोगियों का नेत्र परीक्षण कर आवश्यकता अनुरुप चश्मा और दवा दिया जायेगा। उन्होंने निकटवर्ती गांवों के नेत्र पीडितों से शिविर में उपस्थित होकर नेत्र परीक्षण कराने की अपील की है।

### पिकअप व बाइक की सीधी भिडंत में दो युवक की हुई दर्दनाक मौत, एक रिम्स रेफर

गुमला। सदर थाना क्षेत्र के टोटो पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार की देर रात पिकअप और बाइक में हुई सीधी भिड़ंत में दो युवकों की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे एंबुलेंस से सदर अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के उपरांत घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे रिम्स रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार तीन युवक एक ही बाइक में सवार होकर टोटो की ओर से गुमला की ओर आ रहे थे। तभी टोटो पेट्रोल पंप के समीप पिकअप से बाइक की सीधी भिडंत हो गई। जिसके बाद पिकअप बाइक सहित दो युवक को रौंदते हुए घटना स्थल से फरार हो गया। घटना में डांड टोली निवासी चीकू गोप व एक अन्य अज्ञात युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि केसीपारा निवासी इंद्रजीत बड़ाइक पिता कष्टु बड़ाइक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी पर गुमला थाना के एसआई दबंग पांडे दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचे और घायल युवक को सदर अस्पताल भिजवाया। वही दोनों मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया। जानकारी के मुताबिक डांड टोली निवासी चीकू गोप केसीपारा के समाजसेवी संजय टाइगर के यहां रहता था और उसका साला लगता था। वहीं शुक्रवार को गृह प्रवेश कार्यक्रम था।

### फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या



गुमला। भरनो थाना क्षेत्र के मारासीलि गांव निवासी 19 वर्षीय अरविंद उरांव ने बीते रात घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर भरनो थाना पुलिस पहुंचकर शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार युवक अपने घर में अकेले ही था। बीते रात अपने रूम में सोने चला गया और गमछा के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया। सुबह जब उसके दोस्त उसको शौच करने के लिए जब उठाने गए तब पता चला कि अरविंद ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सूचना मिलने पर पंचायत के मुखिया सुकेश उरांव और ग्रामीण पहुंचे।

# आजसू सुप्रीमो का कुडू में जोरदार स्वागत

## सुदेश ने चुनाव में जुटने का दिया निर्देश

खबर मंत्र संवाददाता



कुडू लोहरदगा। पुर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो का शनिवार को रांची से लातेहार जाने के क्रम में आजसू नेताओं तथा कार्यकर्ताओ ने बस स्टैंड में स्वागत किया। मौके पर आजसू सुप्रीमो ने सभी नेताओं तथा कार्यकर्ताओ को चुनावी तैयारियों में जुटने का निर्देश दिये। सुदेश कुमार महतो सड़क मार्ग से लातेहार के जालिम गांव में आयोजित मिलन समारोह में शामिल होने के लिए सड़क मार्ग से रांची से कुडू होते हुए लातेहार जा रहें थे। बस स्टैंड कुडू में नेताओं ने पुर्व उपमुख्यमंत्री का स्वागत किया। मौके पर आजसू केन्द्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत आजसू नेत्री नीरू शांति भगत, जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती, लाल मनीष नाथ शाहदेव, रमेश बैठा, अंजु देवी, अनीता साहू, कलीम खान, कंचन राम, हेमंती देवी, राजू गुप्ता, शाहिद अंसारी, विलियम कुजुर, संजू सिंह, विपिन सिंह, गौतम रजक, आकाश बैठा, सुजीत रजक, विजय उरांव, मीना देवी, सीता उरांव सहित अन्य शामिल थे।

# फेसबुक के जरिये दोस्ती कर नाबालिग के साथ दुष्कर्म मामले का आरोपी गिरफ्तार

खबर मंत्र संवाददाता

कुडू लोहरदगा। थाना क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए लोहरदगा जेल भेज दिया है। साथ ही शनिवार को लड़की का मेडिकल चेकअप तथा बयान दर्ज कराया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के चडरा गांव निवासी संदीप उरांव का फेसबुक के माध्यम से थाना क्षेत्र की रहनें वालीं नाबालिग से दोस्ती हुईं थीं। फेसबुक चैटिंग के बाद फोन नंबर का आदान-प्रदान किया गया इसके बाद फोन पर बात होने लगीं। आरोपी संदीप उरांव आंध्र प्रदेश में रोजगार करनें गया हुआ था तथा एक सप्ताह पहले कुडू आया था। फोन करते हुए नाबालिग को कुडू बुलाया इसके बाद कुडू के एक गांव में लगें मेला घुमाने ले गया था। अपने घर लें गया तथा परिजनों से मिलाने के बाद लड़की को उसके घर छोड़ने के नाम पर ले गया तथा सुनसान स्थान देखकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। दुष्कर्म के बाद देर रात लड़की को उसके घर छोड़ दिया। नाबालिग अपनें साथ घटित घटना के बाद परेशान हो गई। लड़की की हालत देख परिजनों को संदेह होने के बाद जब लड़की से परिजनों ने पुछताछ किया तो पुरा मामला सामने आ गया।

# कामडारा के पांडुलोया गांव निवासी गोविंदा गोप के घर में गुंजा एक साथ तीन बच्चों की किलकारी

## गोविंदा की पत्नी ने एक साथ तीन बच्चों को अस्पताल में दिया जन्म

खबर मंत्र संवाददाता



सदर अस्पताल में जन्मे तीन स्वस्थ्य बच्चे।

गुमला। घर के आंगन में एक साथ तीन बच्चों की किलकारी कामडारा प्रखंड के पांडुलोया गांव निवासी गोविंद गोप के घर में गुंजने वाला है। उसकी गर्भवती पत्नी प्रीति कुमारी ने गुमला सदर अस्पताल में एक साथ तीन स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। जिसमें दो लड़की व एक लड़का है। एक साथ तीन बच्चों को जन्म देकर जहां प्रीति प्रफुल्लित है। वहीं पति गोविंदा गोप के खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

जहां लोग एक औलाद के लिए मन्नत व दुआएं मांगते हैं। मंदिर, मस्जिद व दरगाह में औलाद की मांग को लेकर मत्था टेकते हैं। वहीं गोविंदा गोप को ईश्वर ने एक साथ तीन संतान देकर उनका जीवन खुशियों से भर दिया। सदर अस्पताल में डॉक्टरों ने सफल ऑपरेशन कर तीनों बच्चों की जान बचायी। जानकारी के अनुसार गोविंदा की पत्नी प्रीति को अचानक पेट में तेज दर्द होने लगा तो परिजन तत्काल उसे लेकर उप स्वास्थ्य केंद्र कोनबीर लेकर पहुंचे। जहां से डॉक्टर ने तत्काल उसे गुमला रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टरों ने सदर अस्पताल में ऑपरेशन कर तीनों बच्चों को बाहर निकला। वहीं तीनों बच्चे पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं।

गोविंद ने बताया वह खेती-बारी करता है और किसी तरह अपने परिवार का पालन पोषण करता है। उसकी आर्थिक स्थिति भी अच्छी नहीं है लेकिन तीनों बच्चों को देखकर वह बहुत खुश है और किसी तरह उसका पालन पोषण करने की बात कही।

### इचा गांव में प्रदान संस्थान द्वारा कृषि बागवानी व पशुपालन मेला का किया गया आयोजन



घाघरा। घाघरा प्रखंड के ईचा गांव में प्रदान संस्थान के द्वारा शनिवार को पंचायत स्तरीय कृषि, बागवानी एवं पशुपालन मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुखिया विनीता कुमारी, उप मुखिया अजित मनी पाठक, पूर्व मुखिया आदित्य भगत का पारंपरिक रीति रिवाज के साथ स्वागत करते हुए मंच तक लाया गया। मेला में विशेष रूप से बागवानी किसानों, पशुपालक से चर्चा किया गया। खेती-बारी में आने वाली समस्या, अच्छी पैदावार ना होना, आमदनी में वृद्धि सहित कई मुद्दों पर चर्चा कर लाभुकों को जानकारी दिया गया। एफपीओ घाघरा द्वारा संचालित बाजार व्यवस्था को भी समझाया गया व एफपीओ के माध्यम से विभिन्न आजीविका से जुड़ने जैसे मशरूम उत्पादन, पशुपालन से जुड़ कर अच्छी मूल्य प्राप्त करने के लिये प्रोत्साहित किया गया। संस्था के लोगो ने बताया कि अभी तक प्रखंड के लगभग 10 गांव में इस तरह का आयोजन किया गया है। मौके पर मुखिया विनीता कुमारी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम होने से लोगों को कई जानकारी मिल पाती है। किसान मेला के माध्यम से कई लाभ प्राप्त कर पाते हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से मुखिया बिनीता कुमारी, अजित मणि पाठक, आदित्य भगत, संतोषी कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# परंपरागत स्वशासन पड़हा व्यवस्था को मजबूत करने को लेकर हुई बैठक



बैठक मे शामिल पड़हा समाज के लोग।

खबर मंत्र संवाददाता

कुडू लोहरदगा। राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा कुडू प्रखंड समिति की बैठक शनिवार को राजी पड़हा प्रखंड सचिव सह लोहरदगा के उप दीवान जतरू उरांव की अध्यक्षता में पड़हा भवन में सम्पन्न हुई। बैठक मे परंपरागत स्वशासन पड़हा व्यवस्था को मजबूत बनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में चर्चा परिचर्चा करते हुए विचार किया गया कि पश्चिमी क्षेत्र के 9 पड़हा चुन्द, सात पड़हा बंदुआ-दुबांग, तीन पड़हा सलगी, 21 लावागांई सभी का पुनर्गठन करने पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में पश्चिमी क्षेत्र के पहान सुनील मुंडा मीडिया प्रभारी बिन्देश उरांव आदिवासी छात्र संघ कुडू प्रखंड अध्यक्ष अमित उरांव, रवींद्र उरांव, अनिल उरांव, हरिनारायण उरांव, दुर्गा उरांव, दुबराज उरांव, लखन भगत, आस्तिक लकड़ा, महावीर उरांव अशोक उरांव, अनुप भगत सहित अन्य शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### एकदिवसीय आयुष्मान आरोग्य शिविर का हुआ आयोजन




**कुंदा (चतरा)।** नेशनल आयुष मिशन अंतर्गत शनिवार को अंबेडकर चौक समीप हेल्थ आयुष्मान आरोग्य मंदिर होमियोपैथी ओपीडी शिविर का आयोजन किया गया। जिसका संचालन डॉक्टर वीरेंद्र कुमार मंडल, डॉक्टर जुबेर अख्तर और डॉ मोहम्मद जाहिद कर रहे थे। शिविर में संचालित डॉक्टर ने लगभग 150 मरीज को जांच कर मुफ्त में दवा वितरण किया गया। इस मौके पर डॉ वीरेंद्र कुमार मंडल ने कहा कि इस शिविर में जोड़ों में दर्द, घुटनों में दर्द, मांसपेशियों में दर्द, पैरों में सूजन, पाईल्स चर्म रोग समेत विभिन्न बीमारियों का इलाज किया गया और बिल्कुल निशुल्क आयुर्वेदिक दवाएं दिए गए है। इस मौके पर योग शिक्षक अमलेश कुमार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### जिला शिक्षा अधीक्षक ने किया पदभार ग्रहण



**कोडरमा।** जिला शिक्षा अधीक्षक सह प्रभारी जिला शिक्षा पदाधिकारी के रूप में विनय कुमार सिंह ने निवर्तमान डीएसई नयन कुमार से पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत जिले के नए डीएसई सह डीईओ श्री सिंह ने कहा कि जिले के सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ-साथ विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करवाने का हर सम्भव प्रयास किया जाएगा। गौरतलब हो कि कोडरमा के निवर्तमान डीएसई सह डीईओ नयन कुमार का स्थानांतरण पाकुड़ हो जाने के बाद गिरिडीह से कोडरमा स्थानांतरित डीएसई सह प्रभारी डीईओ विनय कुमार सिंह ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया।

### डीसी ने लॉन्च किया पोर्टल



**कोडरमा।** जिले के मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत प्रारंभिक कक्षा के 25 प्रतिशत सीटों पर नामांकन को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा शुक्रवार को आरटीई पोर्टल लॉन्च किया गया। वहीं उन्होंने कहा कि इस पोर्टल के माध्यम से आरटीई के तहत अभिभावक अपने बच्चों का इच्छुक स्कूलों में नामांकन को लेकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। डीसी ने बताया की ऑनलाइन के माध्यम से प्राप्त आवेदनों से ही मेघा सूची अथवा लॉटरी के जरिये नामांकन हेतु बच्चों का चयन किया जाएगा।

### धूमधाम से मनाई गई रविदास जयंती



**टंडवा।** संत शिरोमणि रविदास जयंती मंगलवार को धूमधाम से मनाई गई। जयंती के मौके पर प्रखंड क्षेत्र में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, वहीं प्रखंड क्षेत्र के सोपारम, कोएद, सराढु, गाडीलौंग कसियादिह मिस्रोल समेत अन्य जगहों पर श्री संत शिरोमणि गुरु रविदास सभा की ओर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस मौके पर संत के जीवन पर प्रकाश डाला गया। इसके साथ ही लोगों से उनके पदि्चन्हों पर चलने को कहा गया। समाजसेवी जागेश्वर दास ने कहा कि हमे ं अपने समाज के उत्थान के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। आज समाज में शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा तभी हमारा समाज उन्नति कर सकेगा। मौके पर समाजसेवी जागेश्वर दास, मुखिया किशुन राम, पिंटू दास, मोहर राम, तपेश्वर राम, रतन राम, भुनेश्वर राम, सरजू राम, राजेश राम, मनोज राम, कुलदीप दास, मनोज कुमार समेत अन्य मौजूद थें।

### तीन वर्षीय नाबालिक बच्ची के साथ दुष्कर्म का आरोप, मामला दर्ज

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत दक्षिणी पंचायत के भोजपुर गांव में तीन वर्षीय नाबालिक बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है।
जिसे लेकर पीड़िता के पिता ने मरकच्चो थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है। मामला गुरुवार शाम 5 बजे की बताई जा रही है। दिये गये आवेदन में बताया कि मेरे बच्ची घर के बाहर खेल रही थी, वही पड़ोस के ही एक नाबालिक 14 वर्षीय लड़का ने बहला फुसलाकर कर मेरी बेटी के साथ दुष्कर्म किया और उसे भूत का भय दिखाकर घर में किसी को नहीं कहने को बोला। उस वक्त मेरी नाबालिक बेटी डर गई, जब उसका पेट दर्द करने लगा तो वह अपनी मां को सारी बात बतायी, इसके बाद रात्रि 9 बजे मरकच्चो थाना में आवेदन दिया। वहीं आवेदक के आलोक में थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान ने पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए आरोपी को गुरुवार की रात गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# नव पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों को मिली जिम्मेवारी, 11 बने थानेदार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** आगामी लोकसभा और विधानसभा समेत अन्य चुनाव शांति और निष्पक्ष कराने को लेकर चुनाव आयोग के निर्देश पर राज्य में बड़े पैमाने पर पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया गया है। इस बाबत झारखंड सरकार के गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना भी जारी कर दी है।

अधिसूचना जारी होने के बाद प्रदेश के सभी जिलों में तीन वर्षों से अधिक समय से तैनात पुलिस निरीक्षक और पुलिस अवर निरीक्षक अपने-अपने नव पदस्थापित जिलों में योगदान दे रहे हैं। गृह-कारा विभाग के निर्देश पर चतरा में तैनात तीन डीएसपी 85 एसआई, 05 इंस्पेक्टर, मेजर व दो सार्जेंट भी जिले से विरमित होकर नए जिलों में योगदान हेतू प्रस्थान कर चुके हैं। वहीं डीएसपी मुख्यालय सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

जबकि विभिन्न जिलों से बदलकर चतरा आए 04 डीएसपी, 80 में से अबतक 40 पुलिस अवर निरीक्षकों, चार पुलिस निरीक्षकों, मेजर और एक सार्जेंट ने जिले में योगदान दिया है।

जिले में योगदान देने के बाद पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने सभी नव पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों को बेहतर कार्य प्रणाली विकसित करते हुए जिले में सकारात्मक



पुलिसिंग को बढ़ावा देते हुए आम लोगों से समन्वय स्थापित कर क्राइम कंट्रोल करने का निर्देश दिया है। जिले में सदर एसडीपीओ के रूप में संदीप सुमन, डीएसपी मुख्यालय के पद पर रोहित कुमार रजवार, सिमरिया एसडीपीओ अजय केशरी व टंडवा एसडीपीओ के पद पर प्रभात रंजन बरवार की पोस्टिंग हुई है। इनके अलावे जिले में योगदान देने के बाद एसपी राकेश रंजन ने नव पदस्थापित करीब एक दर्जन पुलिस निरीक्षकों और एसआई को जिम्मेवारी भी सौंपी है। वहीं शेष बचे पुलिस पदाधिकारियों के पुराने कार्यकाल की समीक्षा कर उन्हें भी जवाबदेही सौंपने की कार्रवाई अंतिम चरण में है। पुलिस अधीक्षक खुद नव पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों के करियर और कार्यकाल की समीक्षा कर रहे हैं। ताकि अनुभव और काबिलियत के अनुरूप उन्हें कार्यक्षेत्र आवंटित किया जा सके।

एसपी ने जिले में नक्सलियों पर नकेल के साथ-साथ अफीम विनष्टीकरण व अपराध नियंत्रण में तेजी लाने को लेकर 10 पुलिस अवर निरीक्षकों को थाना प्रभारी बनाया है। वहीं एक पुलिस निरीक्षक को थानेदार और तीन अन्य पुलिस निरीक्षकों को अंचल की जिम्मेवारी सौंपी गई है। लोहरदगा से बदलकर चतरा आए पुलिस निरीक्षक अनिल उरांव को मॉडल थाना टंडवा का नया थानेदार बनाया गया है। जबकि कासिम अंसारी को प्रतापपुर, नीतीश कुमार प्रसाद को कुंदा, रूपेश कुमार को लावालौंग, चंदन कुमार को सिमरिया, प्रशांत कुमार मिश्रा को पिपरवार, आलोक रंजन चौधरी को पत्थलगड्डा, गंगा सागर ओझा को राजपुर, राहुल सिंह को मयूरहंड और अमित कुमार गुप्ता को गिद्धौर थाना प्रभारी की जिम्मेवारी सौंपी गई है। वहीं एसपी ने विष्णु चरण भोक्ता को शिला पिकेट प्रभारी बनाया है। इनके अलावा पुलिस निरीक्षक मंजू कुमारी को ईटखोरी, पप्पू शर्मा को सदर और इंस्पेक्टर अमरदीप को हंटरगंज अंचल का पुलिस निरीक्षक बनाया गया है। पोस्टिंग के बाद सभी नव पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों ने अपने-अपने पद पर योगदान भी दे दिया है।

## सामाजिक अधिकार शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** समर्पण एवं आरएमआई के तत्वावधान से बेंदी एवं गझण्डी पंचायत में सामाजिक अधिकार शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 50 से ज्याद सरकारी योजना से जुड़े वंचित परिवारों ने भाग लिया। इस शिविर में रिसोर्स पर्सन भोला प्रसाद सिंह के द्वारा 4 लोगों का प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं जीवन ज्योति बीमा योजना से जोड़ने हेतु प्रक्रिया किया गया। वहीं 25 लोगों का राशन कार्ड, 9 लोगों का श्रम कार्ड एवं 21 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। इस मौके पर उपस्थित चनाको ग्राम विकास समिति के सचिव अर्जुन सिंह के द्वारा कहा गया कि हमारे पंचायत में



सामाजिक अधिकार शिविर लगने से यहां के ग्रामीणों को काफी फायदा हुआ है। इससे पूर्व हम ग्रामीणों के पास सरकार द्वारा चलाए जा रहे सरकारी योजना संबंधित भिन्न-भिन्न प्रकार के सरकारी दस्तावेज नही रहने के कारण लगभग 50 प्रतिशत ग्रामीण अलग-अलग योजना का लाभ ले पाने में असमर्थ थे, पर आज जो समर्पण संस्था के माध्यम से इस शिविर का आयोजन किया गया है, इससे हम ग्रामीणों को काफी राहत मिली है। इसके लिए समर्पण संस्था एवं संस्था कार्यकर्ताओं को तहे दिल से धन्यवाद किया। मौके पर मनीष लहरी, राजेश कुमार, राजेश कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

### 9 दिवसीय श्री श्री 1008 श्री शत चंडी महायज्ञ सह देवी प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ संपन्न

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चोपनाडीह पंचायत स्थित नवनिर्मित देवी मंडप में 9 दिवसीय श्री श्री 1008 श्री शत चंडी महायज्ञ सह देवी प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ 23 फरवरी को हवन पूजन के साथ संपन्न हो गया। सम्पन्न के मौके पर शुक्रवार की रात भोजपुरी की प्रसिद्ध सिंगर गोलू राजा और निशा उपायाय ने अपनी गायकी से समां बांा दिया। कार्यक्रम की शुरुआत लगभग रात 10 बजे हुई और हजारों की संख्या में उपस्थित दर्शकों ने अहले सुबह तक इस कार्यक्रम का भरपूर लुफ्त उठाया। कार्यक्रम की शुरुआत भोजपुरी भक्ति गीत से शुरू हुई, उसके बाद पूरी रात सुर और साज की जुगलबंदी का सिलसिला चलता रहा। दोनों के बीच रात भर गीत संगीत चलता रहा, श्रोताओं ने भरपूर मनोरंजन उठाया। वहीं शनिवार को भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें बेलाडीह तराटांड़ समेत अगल-बगल दर्जनों गांव के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुंशी यादव, बाबूलाल यादव, विकास विकल, विकास यादव, द्वारिका यादव, वीरेंद्र यादव, रंजीत यादव, चंदन यादव, दयानंद यादव, विजय यादव, सुभाष यादव समेत सैकड़ों ग्रामीण लगे हुए थे।

## 647वीं जयंती पर शिरोमणि संत रविदास को दी गई श्रद्धांजलि



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** ऐसा चाहू राज मैं, मिलै सबन को अन्न, छोट बड़ सब सम बसे, रैदास रहे प्रसन्न। लिखने वाले जगतगुरु शिरोमणि संत रविदास की 647वीं जयंती पर दलित शोषण मुक्ति मंच के बैनर तले अम्बेडकर मोहल्ला, गुमो में श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने रैदास जी के फोटो के समक्ष दीप जलाकर एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। जहां महान समाज सुाारक जगतगुरु शिरोमणि संत रविदास अमर रहे के गगनभेदी नारों से गुंज उठा। वहीं दलित शोषण मुक्ति मंच के जिलायक्ष दिनेश रविदास ने कहा कि संत रविदास हमारे पथ प्रदर्शक थे। उनके बताए रास्ते पर चलकर ही समाज में जात-पात, छुआ छुत भेदभाव आंविश्वास से मुक्ति पा सकते हैं। डीएसएमएम के उपायक्ष प्रेम प्रकाश ने संत रविदास के दोहे मन चंगा तो, कठौती में गंगा, ब्राम्हण मत पुजिए जो होवै गुणहीन, पुजिए चरण चंडाल के जो होवे गुण प्रवीण को पढ़ते हुए कहा कि समाजवादी समाज की परिकल्पना करने वाले संत रविदास जी एक महान विद्वान थे। जिनके अनुवाई करोड़ों लोग हैं, वे किसी को भूखा देखना नहीं चाहते थे और वे समाज में सभी को एक समान अधिकार की बात करते थे। मौके पर मनोज कुमार दास, राजकुमार दास, शंकर दास, अर्जुन दास, उमेश दास, लखन दास, मनजीत कुमार दास, सुभाष दास, कलीराम, संतोष दास, कैलाश दास, सिकंदर दास, लीलारी दास, अर्जुन राम, सुनील दास, दीपक दास, कैलाश दास, सहदेव दास, चतुर रविदास, विजय कुमार दास, सुरेश दास, मुरली दास, मनु दास, मानती देवी समेत ग्रामीण मौजूद थे।

## नव पदस्थापित एसडीपीओ से मिला शिष्टमंडल, क्षेत्र की समस्याओं से कराया अवगत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** टंडवा में पदस्थापित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रभात रंजन बरवार से स्थानीय जनप्रतिनिधियों के एक शिष्टमंडल ने मुलाकात की। शिष्टमंडल में शामिल सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, सिमरिया विधायक के जिला प्रतिनिधि अक्षयवट पांडेय, भाजपा नेता प्रमोद कुमार सिंह, युवा मोर्चा जिला महामंत्री विकास मालाकार व टंडवा के पूर्व मुखिया राजेंद्र नायक ने मुलाकात कर एसडीपीओ का स्वागत किया। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधियों ने एसडीपीओ को क्षेत्र के जन सरोकारों से जुड़े समस्याओं से अवगत कराते हुए आम लोगों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर इलाके में शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण कायम रखने में अपनी महती भूमिका निभाने की अपील की। साथ ही अनुमंडल क्षेत्र में



लगातार बढ़ रहे सड़क दुर्घटनाओं, नक्सल व आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाते हुए लोगों के बीच सुरक्षा भावना जागृत करने की दिशा में भी सकारात्मक पहल करने की अपील की। शिष्टमंडल के सुझाव को गंभीरता से लेते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री बरवार ने भी आपसी सहयोग से समन्वय पूर्वक इलाके में विकास योजनाओं को गति दिलाने में लोगों को हरसंभव मदद की बात कही। कहा कि इलाके को पूरी तरीके से अपराध और नक्सलवाद मुक्त बनाने में आम लोगों का सकारात्मक सहयोग पुलिस को अपेक्षित है। एसडीपीओ ने कहा कि जबतक आम अवाम का परस्पर सहयोग हमें नहीं मिलेगा तबतक हम अपने लक्ष्य को पूरा नहीं कर पाएंगे। उन्होंने अनुमंडल क्षेत्र के लोगों से क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों और नक्सलियों के हर गतिविधि की सूचना देने की अपील की। कहा कि सूचक की पहचान गुप्त रखते हुए त्वरित कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर में

### पीएम एक मार्च को टोरी शिवपुर के तीसरे लाइन का करेंगे उद्घाटन

**टंडवा।** पीएम नरेंद्र मोदी आगामी एक मार्च को टोरी शिवपुर के तीसरे रेलवे लाइन का आनलाइन उद्घाटन करेंगे। इसकी तैयारी सीसीएल द्वारा की जा रही है। बताया गया कि पीएम उस दिन धनबाद आयेंगे और वहीं से आनलाइन उद्घाटन करेंगे। जानकारी के अनुसार 950 करोड़ की लागत से उक्त लाइन का निर्माण किया जा रहा है।

### झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ ने सरकार के निर्णय का किया स्वागत

**कोडरमा।** झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ ने 1353 उत्क्रमित उच्च विद्यालय के शिक्षकों के पद को योजना से गैर योजना मय में स्थानांतरित करने के सरकार के निर्णय का स्वागत किया। वहीं संघ के जिलाध्यक्ष राधेश्याम शुक्ला एवं सचिव आलोक कुमार ने सरकार के प्रति आभार जताया है और कहा है कि शिक्षकों के पदों का योजना से गैर योजना में स्थानांतरित हो जाने से शिक्षकों को समय पर वेतन मिल पाएगा। सरकार के इस निर्णय से लगभग शिक्षकों के 20 हजार पदों का स्थानांतरण योजना से गैर योजना मद में किया गया है, जिसमें वर्तमान में लगभग 8 हजार शिक्षक लाभान्वित होंगे। विदित हो कि उत्क्रमित उच्च विद्यालय के शिक्षकों का आवंटन के अभाव में तीन महीने से वेतन लंबित है, जिससे शिक्षक समुदाय में निराशा है, मगर योजना से गैर योजना में स्थानांतरण की प्रक्रिया से शिक्षकों में उम्मीद जगी है कि आने वाले वित्तीय वर्ष में समय से वेतन संभव हो पाएगा। खुशी जाहिर करने वालों में शिक्षक ओमप्रकाश सिन्हा, न्यूटन कुमार, संजय प्रसाद वर्मा, प्रवीण शंकर, सनोज यादव, महेश यादव, पंकज सिंह समेत जिले के सभी शिक्षक शामिल हैं।

### धूमधाम से मनाई गई संत रविदास जयंती



**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड के ग्राम रजघटी में शनिवार को रैदास चेतना मंच द्वारा संत रविदास की 647वीं जयन्ती धूमधाम से मनाई गयी। जयंती समारोह में चतरा के पूर्व राजद प्रत्याशी सुभाष यादव मुख्य रूप से उपस्थित हुए। वहीं उन्होंने संत शिरोमणि रविदास की चित्र पर माल्यार्पण कर विधिवत रूप से पूजा अर्चना की एवं उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत रविदास ने वर्ण व्यवस्था के खिलाफ बदलाव के लिए आवाज उठाने का काम किया। साथ ही उन्होंने बताया कि संत रविदास ने कहा था कि कोई भी काम करो वो छोटा नहीं होता है, क्योंकि कर्म की ही पूजा होती है। ऊंच नीच के भेद भाव को मिटाने का उन्होंने ही शुरू किया था। वहीं उन्होंने इसके पूर्व राजाबर के ग्राम ठेसवा तथा शिवपुर में भी जयंती समारोह में शामिल होकर संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से संत रविदास के बताए हुए मार्ग पर चलने की बात कही। मौके पर जगदीश राम, उपेंद्र यादव, डॉ. सरयू यादव, विनोद यादव, अजीत यादव, प्रमोद कुमार, अशोक राम, मो.इरशाद, धनंजय यादव, विक्रम यादव, शैलेश पासवान, ऋषि रंजन के आलावे दर्जनों महिला व पुरूष मौजूद थे।

## जल जीवन मिशन के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवारा (कोडरमा)।** जल जीवन मिशन अंतर्गत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के द्वारा एक्शन फॉर कम्युनिटी एंपावरसेंट रांची के तहत चंदवारा पूर्वी चंदवारा पश्चिमी ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति वीडबल्यू.एससी. के सभी सदस्यों को दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्राम पंचायत चंदवारा पश्चिमी में दिया गया। इसमें जल जीवन मिशन का उद्देश्य, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के कार्य एवं दायित्व, रख रखाव एवं संचालन घर-घर जल का प्रोटोकॉल ग्राम पंचायत की जिम्मेदारी, जलगुणवत्ता का परीक्षण साथ ही ओडीएफ प्लस से संबंाित प्रशिक्षण राजेश कुमार एवं उपेंद्र कुमार के द्वारा दिया गया। मौके पर संतोष कुमार कुशवाहा, प्रियंका देवी, कुसुम देवी, संगीता शर्मा, रीता देवी, सोनी कुमारी, ममता देवी, पुष्पा देवी, अनिल कुमार एवं सभी ग्राम जल स्वच्छता समिति के सदस्य आदि मौजूद थे।

## नवलशाही थाना प्रभारी बने नितेश कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना में नए थाना प्रभारी के रूप में नितेश कुमार ने शनिवार को पदभार ग्रहण किया। वहीं उन्होंने निवर्तमान प्रभारी थाना प्रभारी एएसआई ललेंद्र सिंह से पदभार लिया। पदभार लेने के बाद नए थाना प्रभारी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि थाना में बिचौलिया-वाद पर अंकुश लगाना, महिला उत्पीड़न के साथ-साथ समाज के हर तबके के लोगों को साथ लेकर शांति व्यवस्था बरकरार रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि अपराा पर नियंत्रण के साथ-साथ लोगों पर विश्वास कायम रखने का प्रयास किया जायेगा। इसके लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिाियों व ग्रामीणों से सहयोग करने कि अपील की। मौके पर एएसआई संजय कुमार कुल्लु, पीसीआर प्रभारी रामानंद पाठक, समाजसेवी शंकर साव, अफजल खान एवं थाना के सभी पुलिस जवान मौजूद थे।

## जिला अधिवक्ता संघ नए अधिवक्ताओं को बैंड पहनाकर उपहार स्वरूप दिया विधि पुस्तक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिला अधिवक्ता संघ ने नए अधिवक्ताओं को कुर्सी का आवंटन एवं बैंड पहनाकर उपहार स्वरूप विधि पुस्तक दिया गया। इस कार्यक्रम में महासचिव मनीष कुमार सिंह, अरुण कुमार मिश्रा, अरुण कुमार सिंह, मोतीलाल शर्मा, जय गोपाल शर्मा एवं अन्य कार्यकारिणी के सदस्यगण के साथ ही पूर्व पदाधिकारी सह कोषाध्यक्ष ऋतम कुमारी उपस्थित थे। वहीं सम्मानित नए अधिवक्ताओं में कुमार गौतम कर्ण, रोशन कुमार, छवि कंस बनिक, राहुल कुमार, स्वीटी बर्णवाल, फिरदौश आलिया को सम्मानित किया गया।

## कैलाश राय विद्यालय में फनडे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर में फरवरी के चौथे शनिवार को भैया बहनों ने खूब आनंद लिया एवं विभिन्न प्रतियोगिताएं को आयोजन किया गया। वहीं प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने कहा कि भैया बहनों को समय के अनुसार ढालना ही हमारा प्रथम और अंतिम उद्देश्य है। आज की इस प्रतियोगिता वाले युगमें अपने भैया बहनों को उस अनुरूप बनाकर ही समाज को लौटाना मेरा कर्तव्य है। प्ले ग्रुप में कई तरह की प्रतियोगिताएं जैसे गुब्बारा प्रतियोगिता, चॉकलेट दौड़, मेंढक दौड़ जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। सभी विजेताओं उपविजेताओं को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम को सफल संचालन में विद्यालय के आचार्य रामानुज पांडे, मनोज कुमार, नीरज कुमार, धीरेंद्र कुमार सिंह, धीरज पांडे, वीरेंद्र मिश्रा, विजय मिश्रा, उमाशंकर कुमार, वीरेंद्र प्रसाद, संजय महतो, दीपक कुमार विश्वकर्मा, चंद्रशेखर कुमार, विपिन कुमार डे, विजय तिवारी, मुन्ना सिंह, सुनील सिंह मुरलीधर कुमार, पवन शर्मा, चंद्र कावेरी निहाल, अर्चना सिन्हा, अनीता ठाकुर, रिमझिम कुमारी, सोनिया कुमारी, मोनिका कुमारी, अभिभाविकाओं में तारा देवी, सोनम कुमारी, कंचन बर्णवाल, रीता देवी, पूर्णिमा कुमारी, अंजू कुमारी, मंजू पांडे, आशा कुमारी, ज्योति प्रकाश, पूनम सिंह, खुशी कुमारी, मनीषा सिंह, अश्विनी शर्मा, आराधना शर्मा आदि मौजूद थे।

# बैद्यनाथ राम को मंत्री न बनाकर एससी समाज व लातेहार का किया गया अपमान : प्रतुल शाहदेव

## चंदवा में प्रदेश भाजपा प्रवक्ता ने कहा, एसटी-एससी के साथ ओबीसी विरोधी भी है राज्य सरकार

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम को मंत्री न बनाकर वर्तमान राज्य सरकार ने अनुसूचित जाति वर्ग के साथ-साथ लातेहार जिले को अपमानित करने का काम किया है। राज्यपाल के द्वारा वारंट ऑफ अपॉइंटमेंट मिलने के बाद बैद्यनाथ राम का मंत्री बनना तय हो गया था, लेकिन अंतिम समय में राज भवन के दरवाजे से लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम को बिना मंत्री बनाये बैरंग वापस लौटा कर राज्य सरकार ने एससी समाज व लातेहार जिले को अपमानित किया है। ये बातें भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने शनिवार को चंदवा स्थित पथ निर्माण विश्रामागार परिसर में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कही।



प्रेस वार्ता में जानकारी देते भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव।

इस दौरान प्रतुल शाहदेव ने पूर्व की हेमंत सरकार और वर्तमान राज्य सरकार की कार्यशैली को आड़े हांथो लेते हुए एसटी, एससी के साथ ओबीसी विरोधी बताया। कहा कि राज्य सरकार ने एसटी, एससी व ओबीसी समाज के लोगों के हितों की बात की थी, लेकिन विगत दो वर्ष से राज्य में जाति की संरचना बदलने के साथ मंत्री सत्यानंद भोक्ता आदिवासी को दर्जा मिलने मिलने के बाद विगत दो वर्षों से राज्य में एक भी मंत्री अनुसूचित जाति का नहीं रहा है। हमने कई बार इसको लेकर आवाज उठाया व बताया कि राज्य में अनुसूचित जाति की आबादी करीब 12% है, लेकिन राज्य सरकार ने हमारी बातों को दरकिनार कर अनसुना कर दिया। अब बैजनाथ राम को मंत्री बनाने के नाम पर समय पर समय दिया जा रहा है। इन्होंने राज्य सरकार से प्रश्न पूछते हुए कहा कि बलिदान सिर्फ एससी समाज व वैद्यनाथ राम ही क्यों दें, बसंत सोरेन का बलिदान क्यों नहीं लिया जाता?

इन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य सरकार सबों को अधिकार देने की बात तो करती है, लेकिन लाभ सिर्फ अपने नजदीकी लोगो को हीं पहुंचाने का काम किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री रहते अपने क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के साथ साथ सोरेन परिवार के कई लोगो के नाम से माइनिंग व कई लीज ली। इससे साफ प्रतीत होता है कि इन्होंने सिर्फ अपने लोगों को ही लाभ पहुंचाने का काम किया है। राज्य सरकार अब ओबीसी की जनगणना करने की बात कही रही है, लेकिन जब पंचायत चुनाव होना था तो 6 माह के भीतर ट्रिपल टेस्ट कराकर पंचायत चुनाव व निकाय चुनाव में ओबीसी समाज को आरक्षण देने की बात कही थी, लेकिन चोर दरवाजे से इन्होंने निकाय चुनाव की घोषणा कर दी, जब मामला सुप्रीम कोर्ट गया तब सुप्रीम कोर्ट के नोटिस के बाद निकाय चुनाव को रद्द किया गया। राज्य सरकार फिर से 6 माह में ट्रिपल टेस्ट करने की बात कही है व अगस्त 2023 में सरकार ने पिछड़ा आयोग से माध्यम से ट्रिपल टेस्ट कराने की बात कही वह भी छलावा ही साबित हो रही है।

आगे कहा कि रोजगार देने के नाम पर भी 4 वर्षों में राज्य सरकार ने राज्य के युवाओं को सिर्फ ठगने का काम किया है। वायदे के हिसाब से 4 वर्षों में 20 लाख युवाओं को नौकरी देनी थी, लेकिन महज 11354 नियुक्तियां हुई है, जिसमें 5 हजार पंचायत सचिव भी हैं जिन्हें सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मिला है।

### प्रेस वार्ता में ये रहे मौजूद

प्रेस वार्ता के मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता, मंडल महामंत्री दीपक निषाद, मंत्री मनीष कुमार, देव मोहन सिंह, भाजयुमो अध्यक्ष रिकी वर्मा समेत कई भाजपाई मौजूद थे।

# चंदवा में आजसू कार्यकर्ताओं ने सुदेश महतो का किया स्वागत



आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश महतो का स्वागत करते कार्यकर्ता।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** आजसू पार्टी में सुप्रीमो सुदेश महतो का चंदवा में आजसू कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। सुदेश महतो केंद्रीय महासचिव डॉ. देवशरण भगत के साथ शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जगतारणपुर लातेहार जा रहे थे, इसी क्रम में आजसू प्रखंड अध्यक्ष विवेक दुबे उर्फ राजा दुबे की अगुवाई में प्रखंड के दर्जनों की संख्या में आजसू कार्यकर्ताओ ने स्थानीय पथ निर्माण विश्रामागार परिसर के समीप फूल मालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया।

इस दौरान सुदेश महतो ने कार्यकताओं से मुलाकात कर उनमें जोश भरने का काम किया। सुदेश महतो ने कार्यकताओं से आगामी 2024 लोकसभा व विधानसभा चुनाव की तैयारी में आज से ही लग जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश उन्नति की राह पर अग्रसर है। देश के साथ झारखंड राज्य के विकास की गति और तेज हो इसके लिए आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव में मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए को ही पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में लाएं।

मौके पर पूर्व डीआईजी सह आजसू नेता सुबोध प्रसाद,गुड्डु लाल शाहदेव,पंकज जायसवाल समेत दर्जनों की संख्या में आजसू कार्यकर्ता मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### संत रविदास की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के अंबेडकर नगर, पिंडारकोम, भगिया, मुरपा, गणेश पुर, सेरेगड़ा समेत कई स्थान पर संत शिरोमणि रविदास की जयंती हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कई स्थानों पर संत रविदास जी का प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा अर्चना किया गया। भाजपा नेता देवनन्दन प्रसाद साहू, अमित कुमार, त्रिवेणी राम, कुलदीप राम राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीत लाल यादव, भगिया पंचायत के मुखिया रोहिणी देवी, ज्योति सिंह, पंकज सिन्हा, चंद्रदेव राम, वासुदेव साब, प्रवीण राम समेत कई लोगों ने विभिन्न पंडालो में पहुंचकर पूजन कार्यक्रम में भाग लिया। वहीं राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीत लाल यादव ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास एवं बाबा भीमराव अंबेडकर के बताए हुए मार्ग पर हम सभी को चलने की आवश्यकता है तभी हम संविधान की रक्षा कर सकेंगे। इस मौके पर अर्जुन राम, सुरेश राम, संजय राम, गोपाल राम, प्रवीण राम, कुलदीप राम, सहेंद्र राम समेत कई लोग उपस्थित थे।

### बालूमाथ में आग से झुलसीं दो महिलाएं एक रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित कसियाडीह टोला में शनिवार को आग से झुलसकर दो महिलाएं घायल हो गयी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सुनीता देवी 30 वर्ष पति गुलतेरी नायक, कुंती देवी 45वर्ष पति छोटू नायक दोनो ग्राम कसियाडीह थाना बालूमाथ निवासी अपने एक परिजन की मौत हो जाने के बाद शव के समीप अगरबत्ती जलाने के लिए माचिस जला रहे थे। जहां पास में एक डिब्बे में रखे हुए पेट्रोल में आग पकड़ लिया। जिसे बुझाने के लिए डिब्बे को पैर से मारा तो वह छिटककर दोनो महिलाओं के शरीर के ऊपर जा गिरा। जिससे वे दोनों झुलसकर घायल हो गयी। घटना के बाद परिजनों के द्वारा दोनों महिलाओं को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर अलीशा टोप्पो द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं कुंती देवी की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर ईलाज के लिए रांची रेफर किया गया।

### रेलवे स्पोर्ट्स क्लब में दिया जा रहा निःशुल्क फिजिकल प्रशिक्षण

**लातेहार।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत रेलवे स्पोर्ट्स क्लब में प्रखंड के युवा- युवतियों को टोपनो फिजिकल एकेडमी के द्वारा निशुल्क फिजिकल ट्रेनिंग दिया जा रहा है। इसे लेकर मुख्य प्रशिक्षक कोमल टोपनो ने बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर एक फरवरी से चल रहा है। उन्होंने प्रखंड के इच्छुक युवक-युवतियां से अपील की है कि वह प्रशिक्षण शिविर में आकर इसका भरपूर लाभ उठाएं।

# पारुल ने गोल्ड मेडल हासिल कर लातेहार का नाम किया रोशन



खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची में आयोजित दीक्षान्त मंडप में बीते दिनों झारखंड प्रदेश के राज्यपाल की उपस्थिति में वाइस चांसलर तपन कुमार शांडिल्य के द्वारा लातेहार निवासी आदित्य प्रसाद के पुत्री विज्ञान संकाय स्नातक जंतु शास्त्र में सम्पूर्ण विश्वविद्यालय में सर्वाधिक अंक अर्जित करने पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची की छात्रा पारुल कुमारी को स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) प्रदान किया गया। पारुल कुमारी ने सत्र 2018-21 में 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। इसके लिये पारुल कुमारी ने विश्वविद्यालय के श्रेष्ठ शैक्षणिक वातावरण, योग्य अनुभवी शिक्षकों और माता पिता के आशीर्वाद और परिश्रम पूर्वक अनवरत अध्ययन बतायी। विशेष रुप से अपनी विश्वविद्यालय परिवार की वरिष्ठ सदस्य की प्रेरणा और मार्गदर्शन को इस सफलता का आधार बतायी। इस अवसर पर काफी संख्या में शिक्षक गण एवं सहपाठी एवं अभिभावक गण आदि उपस्थित रहे।

# संत शिरोमणि रविदास की जयंती बरवाडीह में धूमधाम से मनायी गयी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के कुचिला और मिठहा ग्राम में शनिवार को संत शिरोमणि रविदास जी की 647 वीं जयंती धूमधाम से समारोह पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों और आमजनों के द्वारा रविदास जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने समाज सुधार के लिए उनके द्वारा किए गए प्रयासों की चर्चा की।



कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम ने संत रविदास के जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए संत रविदास को समतामूलक समाज के निर्माण के लिए अपना संपूर्ण जीवन उत्सर्ग कर देने वाला व्यक्तित्व बताया। कहा कि संत रविदास जी समाज सुधार के लिए जीवन भर प्रयत्न करते रहे। वहीं विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह उर्फ पिंटू ने लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम में व्यास उमेश कुमार उजाला और सुरेंद्र राम की टीम के द्वारा गीत संगीत के माध्यम से संत रविदास जी की जीवनी को लोगों के समक्ष रखा गया। मौके पर बसपा नेता श्री राम, दीपक कुमार उर्फ बादशाह, माले नेता बिरजू राम, कांग्रेस वरिष्ट नेता नजाम अंसारी, नरेश सिंह, कृष्णा प्रसाद, कमलेश सिंह, मौके पर रामस्नेही राम, मधुरेंद्र कुमार राम, मिट्ठू राम, उपेंद्र राम, संदीप राम, अरविंद राम, मनीष राम, अजय दास और राजकुमार समेत सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# केजीएन इंडेन गैस एजेंसी ने 102 महिलाओं के बीच किया नि:शुल्क गैस कनेक्शन का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के पोखरी कला पंचायत स्थित केजीएन इंडेन गैस एजेंसी के द्वारा शनिवार को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत 102 महिलाओं के बीच निःशुल्क गैस सिलेंडर और चूल्हा का वितरण किया गया।



इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित प्रखण्ड बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, प्रमुख सुशीला देवी, उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, वन एवं पर्यावरण विभाग के सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी, आपूर्ति विभाग के सांसद प्रतिनिधि विवेक सिंह, मनरेगा विभाग के सांसद प्रतिनिधि दिलीप यादव, भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष विकास सिंह, जेएमएम प्रखण्ड अध्यक्ष अफजल अंसारी, बरवाडीह पंचायत समिति सदस्य प्रवीण कुमार और खुरा मुखिया जितेंद्र सिंह के द्वारा उपस्थित लाभुकों के बीच संयुक्त रूप से गैस कनेक्शन का वितरण किया गया।

इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी ने लागों को संबोधित किया। मौके पर एजेंसी के संचालक हेसामुल अंसारी, सईद अंसारी, मनोज यादव, हलीम अंसारी, दीपक गुप्ता गौतम बाबा और दिलावर अंसारी सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और पुरुष उपस्थित थे।

# बालूमाथ अस्पताल का आयुष मंत्रालय के सचिव ने किया औचक निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** झारखंड राज्य के आयुष मंत्रालय के सचिव एवं लातेहार के पूर्व उपायुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत आयुष केंद्र का औचक निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों को कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा आयुष मंत्रालय के तहत कई बीमारियों का इलाज की व्यवस्था की है ।लोग जानकारी के अभाव में इसका लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश देते हुए कहा कि आप प्रचार प्रसार कर झारखंड के ग्रामीण क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक आयुष चिकित्सा पहुंचाने का कार्य करें। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रकाश बड़ाईक, आयुष चिकित्सक डॉ सुरेंद्र कुमार, शेरेगड़ा पंचायत के पूर्व मुखिया सुरेंद्र उरांव, जावेद अख्तर, कौसर अली, मनीष कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### शाहदेव ने दिया न्याय दिलाने का भरोसा



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत गणेशपुर ग्राम में शनिवार को भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने मृतक अमन कुमार के परिजन से मिला व न्याय दिलाने का भरोसा दिया। ज्ञात हो कि अमन कुमार वर्मा पिता हरिहर वर्मा रांची के उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी अनगड़ा में डी फार्मा का पढ़ाई कर रहा था । जहाँ बीते 15 फरवरी को युवक के लापता की सूचना थाने को दी गई थी। जिसके अगले दिन रांची से लगभग 15 किलो मीटर दुर रेलवे लाइन के किनारे अर्द्धमृत अवस्था युवक को पाया गया। जिसके बाद लाइफ केयर हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। जहां ईलाज के दौरान 4 दिन बाद उसकी मौत हो गयी। परिजनों ने इसकी सूचना नगड़ी थाना रांची को दी थी। लेकिन पुलिस द्वारा अभी तक मौत के कोई भी सुराग नही जुटा पाई है। परिजनों द्वारा पुलिस के नकारात्मक रवैए को देखते हुए मामले की जानकारी भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव को दिया गया। जिसपर तत्परता दिखाते हुवे प्रतुल शाहदेव मृतक के ग्राम पहुँचकर रांची रेंज के डीआईजी से मोबाइल पर बात कर मामले की जानकारी दी और इस घटना का जल्द से जल्द उद्भेदन कर मृतक के परिजनों को न्याय दिलाने की बात कही। मौके पर अमित कुमार, विजय यादव, संजय यादव आदि मौजूद थे।

### मनिका में धूमधाम से मनी रविदास जयंती



**मनिका।** मनिका प्रखंड क्षेत्र में दिन शनिवार को शिरोमणि संत गुरु रविदास जी की जयंती धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर पंडाल बनाकर चित्र व प्रतिमा स्थापित कर विधिवत रूप से पूजा-अर्चना करते हुए शिरोमणि संत गुरु रविदास जी को याद किया गया। वहीं पूजन के कार्यक्रम में पुरुष,महिलाएं एवं ज्यादातर बच्चे एवं बच्चियों ने भाग लिया। वहीं प्रखंड मुख्यालय के ग्रामीण बैंक के सामने,दुबजरवा टोला (नामुदाग), जमुना, पल्हेया, बंदूआ, जुंगुर, बरवईया, मटलोंग, बिशुनबांध समेत विभिन्न गांव में जयंती समारोह का आयोजन किया गया था। जहां पर पंडाल बनाकर शिरोमणि संत गुरु रविदास की जयंती सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। मौके पर संतोष कुमार राम, सुबोध राम, अनिल कुमार, रोशन कुमार, संजय राम, संतु राम, दिलीप कुमार, अनिल कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

### अलौदिया में झामुमो ने निकाली न्याय पदयात्रा



**चंदवा।** प्रखंड के अलौदिया पंचायत में सरलाही ग्राम में शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकताओं के द्वारा न्याय पदयात्रा निकाली गयी। पदयात्रा की अगुवाई झामुमो के जिला उपाध्यक्ष सीतमोहन मुंडा व प्रखंड सचिव मो. इजहार कर रहे थे। यात्रा के दौरान झामुमो कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार पर जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को फंसाने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। न्याय यात्रा को संबोधित करते हुए सीतमोहन मुंडा व मो. इजहर ने कहा कि केंद्र सरकार ने षड्यंत्र के तहत राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को फसाने का काम किया है। पदयात्रा में युवा प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रजापति समेत दर्जनों झामुमो कार्यकर्ता शामिल थे।

### माता शबरी पूजा महोत्सव का हुआ आयोजन

**लातेहार।** अखिल भारतीय भूईया समाज कल्याण समिति लातेहार के द्वारा माता शबरी पूजा महोत्सव सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को पांडेयपुरा पंचायत के ग्राम किनामाड़ में किया गया। वैदिक मंत्रो के साथ विमल भुईया सह पत्नी के द्वारा पूजा अर्चना किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चंदवा जिला परिषद सदस्य सह भारतीय जनता पार्टी जिला कार्य समिति सदस्य सरोज देवी मौजूद रहीं। कार्यक्रम संबोधित करते हुए सरोज देवी ने बताया कि आज हमारा समाज विकास से कोसों दूर है जिसका कारण मुख्य कारण अशिक्षा एवं नशा है। मैं सरकार से मांग करती हूं कि विधानसभा में सीट बढ़ाई जाए। मौके पर उपेंद्र भुईया प्रखंड अध्यक्ष, मोहन भुईया जिला सचिव, हेमलाल भुईया जिला सदस्य समेत कई लोग मौजूद थे।

### धूमधाम से मनी रविदास जयंती



**लातेहार।** सदर प्रखंड के पांडेयपुर पंचायत में अंबेडकर संघ के द्वारा पांडेयपुर स्थित संत रविदास महात्मा चबूतरा में संत शिरोमणि रविदास जयंती मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मुंगेश्वर राम बहुजन समाज पार्टी के जिला प्रभारी ने फीता एवं केक काटकर कार्यक्रम की शुरूआत किया। वहीं मुंगेश्वर राम ने संत शिरोमणि रविदास जी के जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर तिलकराम, बालेश्वर राम, संजय कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

### शांति समिति की बैठक संपन्न



**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना परिसर में शनिवार को बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में शबे बरात पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय ने कहा कि बालूमाथ के सभी संप्रदाय के लोग पूर्व में जिस तरह से सभी पर्व त्यौहार मिलकर मनाते आ रहे हैं शबे बरात पर्व भी शांतिपूर्वक संपन्न मनावे। मौके पर सब इंस्पेक्टर गौतम कुमार, अमित कुमार दास, अशोक कुमार, पुअनि, उमेश यादव, संजय चौधरी, कांग्रेस नेता मोहम्मद जुबेर, श्याम सुंदर यादव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्या उरांव समेत कई लोग मौजूद थे।

### हर्षोल्लास के साथ मनी रविदास जयंती

**बारियातू।** प्रखंड के मकरा, इटके चुम्बा, डाढ़ा, गाड़ी सहित अन्य स्थलों मे 647 वाँ संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती धूमधाम और हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इटके ग्राम में सकीन्दर राम कैलाश राम, रामचरित्र राम, अजय कुमार उमेश राम सहित अन्य लोगों ने गाजे बाजे के साथ विधिवत रूप से मनाया।

# चंदवा में धूमधाम से मना शबरी पूजा महोत्सव



खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड के सासंग पंचायत अंतर्गत बरवाखाड़ में अखिल भारतीय भुइंया समाज के द्वारा माता शबरी पूजा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। माता शबरी की पूजा को लेकर महिलाओं के द्वारा उपवास रखते हुए पूरे विधि विधान से माता शबरी के तस्वीर के समक्ष पूजा अर्चना की गई। जिसमे स्थानीय जिला परिषद सदस्य सरोज देवी जिलाध्यक्ष राजेन्द्र भुइयां के साथ काफी संख्या में महिला पुरुष और बच्चे शामिल हुए। शबरी पूजा को लेकर पूजा अर्चना के बाद भंडारे का महाप्रसाद उपस्थित अतिथियों के हाथो मौजूद श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य सरोज देवी ने समस्त लोगो से समाज को एक बेहतर दिशा में ले जाने का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने बच्चों को स्कूली शिक्षा के साथ सामाजिक शिक्षा, नशा पान से दूरी बनाने और एक बेहतर समाज के निर्माण में भागीदारी निभाने की अपील की। उन्होंने यह भी विश्वास दिलाया कि समाज के विकास में उनके साथ हर कदम पर खड़ी रहेंगी। मौके पर सैकड़ो की संख्या में अखिल भारतीय भुइया समाज के लोग मौजूद थे।

# झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बेतला में निकाला न्याय मार्च

खबर मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष अफजल अंसारी के नेतृत्व में शनिवार को बरवाडीह प्रखण्ड के बेतला में न्याय मार्च निकाला गया। न्याय मार्च विभिन्न चौक चौराहों और गली मुहल्ले का भ्रमण करते हुए कुटमू चौक पर संपन्न हुआ। इस दौरान जेएमएम कार्यकताओं ने भाजपा सरकार मुदार्बाद, झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद और हेमंत सोरेन जिंदाबाद आदि नारे लगाए गए।




न्याय मार्च में शामिल झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता और कार्यकर्ता।

न्याय मार्च को संबोधित करते हुए अफजल अंसारी ने कहा कि भाजपा सरकार देश के लोकतंत्र के लिए खतरा बन गई है। भाजपा की नजर झारखंड की खनिज संपदाओं पर है। राज्य के विकास और यहां के गरीब जनता से इनका कोई सरोकार नहीं है। भाजपा सिर्फ किसी भी सूरत में राज्य की कुर्सी पर कब्जा करना चाहती हैं। लेकिन राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और राज्य सरकार इनकी राह में सबसे बड़ी रोड़ा बने हुए है। इसलिए भाजपा ने देश की संवैधानिक संस्था ईडी का इस्तेमाल हेमंत सोरेन और अन्य मंत्री विधायकों के खिलाफ कर कुर्सी हथियाने की तमाम नाकाम कौशिश कर रहें हैं। कहा कि जब तक हेमंत सोरेन की रिहाई नहीं होगी तब तक झामुमो का संघर्ष जारी रहेगा।

कार्यक्रम में बीस सूत्री सदस्य महबूब आलम, सचिव बाबू राम सिंह, पंचायत सचिव अमित भुइयां, एनामुल अंसारी, रिजवान अंसारी, क्युम मियां, जाहिद अंसारी, कृष्णा भुइयां, जीरवा देवी, पूजा देवी, मानती देवी, प्रभा देवी, जीरामणी देवी, फूल बसिया देवी, मन बहल भुइयां, सुगिया देवी, मनीता देवी, जोहरा बीबी, बंसी देवी, मनरूप भुइयां, जरीना बीबी, सीता देवी, रूपांति देवी, नाजिया बीबी और अर्जुन भुइयां सहित सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

# सरैया से चंदन गुफा तक विधायक निधि से बनेगा पुलिया और सड़क: विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा।** प्रखंड के प्रसिद्ध चंदन गुफा धाम के सुन्दरीकरण का मामला झारखंड विधानसभा में सिमरिया विधायक किसुन कुमार दास उठायेंगे। उक्त भरोसा शनिवार को सरैया ठेठांगी में स्थित चंदन गुफा एक दिवसीय मेला उदघाटन पर कहीं सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास ने बताया कि झारखंड के प्रसिद्ध और प्रकृति की गोद में बसा चंदन गुफा अत्यंत ही मनोरम है। लेकिन इस खूबसूरत स्थल तक पहुंचने के लिए भी राज्य सरकार द्वारा व्यवस्था नहीं किया गया है। बताया गया कि सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित होनेवाला चंदन गुफा धाम मेला का उद्घाटन किया। चतरा जिला के टंडवा प्रखंड के सरैया ठेठंगी गांव में चंदन गुफा धाम पहाड़ी



के तलहटी पर एक दिवसीय मेला का आयोजन हर वर्ष किया जाता है। इस मौके पर विधायक ने कहा कि इस क्षेत्र में टाना भगत की काफी आबादी है और इनके संरक्षण के कारण ही चंदन गुफा धाम मेला में प्रकृति पूजा सहित सभी पारंपरिक रीति रिवाजों का पालन किया जाता है। साथ ही विधायक मद से चंदन गुफा तक रोड और पुल बनाने की घोषणा की। इसके पूर्व विधायक किशुन कुमार दास के आगमन पर टाना भगत समुदाय के द्वारा पारंपरिक रीति रिवाज से स्वागत किया गया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि अक्षयवट पांडे ने कहा कि परंपरा को संजोए रखना टाना भगतो की पहचान है। लेकिन विगत कुछ वर्षों से टाना भगत समुदाय में कुछ कुरीतियां आ गई है जिसे दूर करना सभी की जिम्मेवारी है। उन्होंने धर्म परिवर्तन करानेवाले को खदेड़ कर भगाने की भी अपील की।कार्यक्रम मे पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा, बड़गांव के मुखिया विजय चौबे, करण दास सहित अन्य मौजूद रहे।

## अमृता हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, प्रेमी ने की थी प्रेमिका की हत्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** भंडरिया थाना क्षेत्र के मंजरी गांव निवासी मंगन सिंह की 22 वर्षीया पुत्री अमृता कुमारी हत्याकांड का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने छापामारी कर युवती के प्रेमी पलामू जिले के चैनपुर थाना अंतर्गत लिकी गांव के बैना टोला निवासी बिंदा चौरसिया के पुत्र प्रमोद चौरसिया को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अभियुक्त के निशानदेही पर मृतका का सिर, हत्या में प्रयुक्त खून लगा हुआ पत्थर, हड्डी, खून लगा हुआ मिट्टी, कपड़ा सहित नरकंगाल बरामद कर लिया है। गिरफ्तार प्रमोद ने पुलिस के समक्ष पत्थर से कुचकर अमृता की हत्या करने की बात स्वीकार किया है। एसपी दीपक कुमार पांडेय ने शनिवार को अपने कार्यालय के सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी। एसपी ने बताया कि भंडरिया थाना क्षेत्र के मंजरी गांव निवासी मंगन सिंह ने भंडरिया थाना में अपनी पुत्री अमृता कुमारी की हत्या अज्ञात व्यक्ति द्वारा करके झाड़ी में छिपाने का आवेदन



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते एसपी

दिया था। इसके बाद पुलिस ने 19 फरवरी को प्राथमिक दर्ज करते हुए इस कांड के उद्भेदन एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए रंका एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। उन्होंने बताया कि 23 फरवरी को भण्डरिया पुलिस ने छापामारी कर प्रमोद चौरसिया को प्रारंभिक पूछताछ के लिए थाना लायी। पूछताछ एवं अनुसंधान के दौरान प्रमोद चौरसिया ने अपने स्वीकारोक्ति ब्यान में मंजरी स्थित सोनहटवा टोंगरी के पास अमृता कुमारी के सिर पर पत्थर से मार कर हत्या कर दिये जाने का अपना अपराा स्वीकार किया है। एसपी ने बताया कि दोनों कहीं एक ही जगह पर काम कर रहे थे। इस बीच दोनों के बीच प्रेम हो गया था। इसके बाद लड़की शादी करने के लिए दबाव बना रही थी। इसी बात को लेकर प्रेमी ने उसकी हत्या कर दी। एसपी ने बताया कि छापामारी दल मे एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह, भंडरिया थाना प्रभारी चन्दन कुमार, एएसआई जनार्दन सिंह, अजय खलको, रामाशंकर राय, अजय पासवान सहित जैप 8 इको कम्पनी के सशस्त्र बल शामिल थे।

## सतबहिनी झरना तीर्थ में 24वें मानस महायज्ञ की विराट कलश यात्रा आज

**कांडी।** झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड की निबंधित इकाई मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के तत्वावधान में आम जनों द्वारा 24वें मानस महायज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसके लिए सतबहिनी झरना तीर्थ की स्थापित परंपरा के अनुरूप 25 फरवरी को विराट कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसकी जानकारी देते हुए समिति के सचिव पं. मुरलीधर मिश्र ने कहा कि हाथों में ार्म वजा लिए बाजा गाजा के साथ हजारों की संख्या में श्रद्धालु कलश यात्री महिला पुरुष जयकारा लगाते सतबहिनी झरना तीर्थ में एकत्र होंगे। यहां यज्ञाचार्य पं.श्याम बिहारी वैद्य के नेतृत्व में याज्ञिक पुरोहितों की टोली वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवती मंदिर में कलशों का संकल्प कराएंगे। इसके बाद सभी कलशयात्री माता का जयकारा लगाते सैकड़ों वाहनों पर सवार होकर बजरंग बली मंदिर बुढ़ीखांड़ के लिए प्रस्थान करेंगे। यहां कोयल व बांकी नदी के संगम पर कलशों में अभिमंत्रित जल भरा जाएगा। जिसे ले जाकर यज्ञ मंडप में स्थापित किया जाएगा।

## उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी लोगों की फरियाद



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर सुनवाई की। उन्होंने आम लोगों की परेशानियों तथा शिकायतों को जाना तथा प्राप्त कुल 45 आवेदनों को संबंधित विभाग के वरीय पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए अविलंब यथोचित कार्रवाई का निर्देश दिया। कुछ समस्याओं का ऑन स्पॉट समाधान भी किया गया। जनता दरबार में अबुआ आवास मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम भूमि अतिक्रमण भूमि पर कब्जा छात्रवृति, राजस्व विवाद आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

### श्रवण ने किया मानस महायज्ञ में प्रसाद सामग्री दान

**कांडी।** प्रखंड अंतर्गत लमारी कला पंचायत के पतरिया गांव निवासी सह मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के विशिष्ट स्थायी सदस्य स्व. राम सुरेश पांडेय के पुत्र श्रवण कुमार पांडेय ने सतबहिनी झरना तीर्थ में आयोजित 24वें मानस महायज्ञ के लिए पूरी प्रसाद सामग्री दान की। उन्होंने महायज्ञ में वितरण के लिए पांच बोरा चुड़ा व दो बोरा रेवड़ी दाना भेज दिया।

## उजाड़ अभियान के खिलाफ आप ने लिया नगर सेवा भवन के घेराव का निर्णय



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** झुग्गी झोपड़ी वासी सह फुटपाथ दुकानदार महासंघ की सेक्टर 12 मोड़ पर महासंघ के संरक्षक सह आम आदमी पार्टी के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में आगामी 06 मार्च को बीएसएल के नगर सेवा भवन का घेराव करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सभी सेक्टरों में सदस्यता अभियान तेज कर विरोध को धारदार बनाने की रणनीति के तहत नगर के सभी प्रभावित दुकानदारों व झुग्गीवासियों के साथ लगातार बैठक जारी रखने का निर्णय भी लिया गया।

मौके पर श्री राकेश ने कहा कि सेल प्रबंधन बोकारो इस्पात नगर के गरीब दुकानदारों को उजाड़ रही है। उन्होंने कहा कि पथ विक्रेता अधिनियम 2014 के तहत बिना पुनर्वास के शहरी क्षेत्र के किसी भी दुकान को उजाड़ने का प्रयास गलत है।

### गंगा स्नान के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**साहिबगंज।** आज माघ मास की पूर्णिमा तिथि है। इस शुभ अवसर पर राजमहल अनुमंडल क्षेत्र में राजकीय माघी मेला शुरू हो गया है। इस शुभ अवसर पर उत्तरवाहिनी गंगा में स्नान करने की परंपरा है। इसके लिए सफाहोड़ आदिवासी और विंदिन समुदाय के लोग बड़ी संख्या में राजमहल पहुंचे हैं। राजमहल अनुमंडल के इस राजकीय माघी मेले में कई राज्यों से सफाहोड़ आदिवासी पहुंचे हैं। ये आदिवासी समुदाय सफेद कपड़े पहनते हैं और पूजा करते समय नाचते-गाते हैं। वहीं, तीनपहाड़ जंक्शन से श्रद्धालुओं के लिए राजमहल स्टेशन तक पहुंचने के लिए सिर्फ छह बोगी वाली ट्रेनें ही चलाई जा रही हैं।

## माघ पूर्णिमा पर ब्रह्मस्थान में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** खजूरी स्थित श्री ब्रह्मस्थान पर शनिवार को माह पूर्णिमा के अवसर पर मेला लगा। यहां मेला लगने की परंपरा बहुत पुरानी है। मेले में काफी संख्या में लोग शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने ब्रह्म स्थान पर पूजा-अर्चना की और सत्यनारायण भगवान का कथा का श्रवण किया। साथ ही विगत नौ दिनों से चल रहे रामचरितमानस परायण यज्ञ समापन हवन व श्रीब्रह्म बाबा की महाआरती के बाद समापन हुआ। मेले में बच्चों का मुंडन संस्कार भी हुआ। मेले में गढ़वा जिले के अलावा पलामू, बिहार, छतीसगढ, मध्य प्रदेश व उतर प्रदेश से आए श्रद्धालुओं ने अपनी मन्नतें पूरी होने पर कथा श्रवण किया। इसके बाद ब्रह्म बाबा को जनेउ, चुनरी व नारियल चढ़ा कर पूजा अर्चना की। श्रीब्रह्म बाबा मैनेजमेंट ट्रस्ट खजुरी की ओर से माघ पूर्णिमा के मौके पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की गयी थी। ट्रस्ट के स्वयंसेवक श्रद्धालुओं की सहायता में जुटे रहे। मेले में आई भीड़ को नियंत्रित करने के लिए स्वयं सेवकों के साथ पुलिस भी सक्रिय रही। मेले में आए



ब्रह्मस्थान पर पूजा अर्चना करते श्रद्धालु

लोगों ने महायज्ञ के अंतिम दिन यज्ञशाला की परिक्रमा कर विशेष पूजा की। शाम को पुजारी की देखरेख में ब्रह्मबाबा की महाआरती व भंडारे का भी आयोजन किया गया। मान्यता के अनुसार मन्नतें पूरी होने पर श्रद्धालु यहां सत्यनारायण भगवान की कथा सुनते हैं। मिट्टी का घोड़ा, नारियल व जनेऊ चढ़ाते हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा की इंतजाम किए गए थे। वहीं ब्रह्म बाबा वर्सिप मैनेजमेंट ट्रस्ट खजूरी के लोगों ने अपने स्तर से वलेंटियर तैनात किए थे। मेला समिति के अध्यक्ष राजेंद्र दुबे ने बताया कि गढ़वा से 7 किमी दूर खजूरी ब्रह्मस्थान में इस वर्ष भी 53वां मेले का आयोजन किया गया। श्रीराम चरित्र मानस यज्ञ भी आयोजित किया गया। बाबा का दर्शन और नारायण की कथा सुनने के लिए माघ पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालु आते हैं। पांच राज्यों के भक्तों का यहां महाजुटान होता है। खजूरी ब्रह्मस्थान पर भक्तों ने पूजा की तो बच्चों ने मेले में जमकर मस्ती की। झूला, मौत का कुआं, ड्रैगन झूला का लुत्फ उठाया। मेले में लगी दुकानों पर श्रद्धालुओं ने खरीदारी की। मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेंद्र दूबे, द्वारिका नाथ पांडेय, प्रदीप पासवान, संतोष कुमार दूबे, रामाशंकर ठाकुर, जागेश्वर यादव, जयराम बिंद, श्रीकांत दूबे, द्वारिका पांडेय, राजाराम दूबे, रामराज दूबे, रामसेवक पासवान, पाल दूबे, नंदलाल दूबे, जयकुमार दूबे, रामाकांत दूबे, शंभुनाथ दूबे, परमेश्वर दूबे, अशर्फी दूबे, रामलगन दूबे, मृत्युंजय दूबे, कन्हैया दूबे आदि लोग उपस्थित थे।

### साहिबगंज में गंगा नहाने उमड़ी भारी भीड़

**साहिबगंज।** माघ पूर्णिमा के अवसर पर साहिबगंज में राजकीय माघी मेला का आयोजन किया गया है। इस मौके पर उत्तरवाहिनी गंगा में स्नान करने के लिए राजमहल में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी । शहर के हर मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी हुई है। माघ मास की पूर्णिमा के शुभ अवसर पर राजमहल अनुमंडल क्षेत्र में राजकीय माघी मेला शुरू हो गया है। इस शुभ अवसर पर उत्तरवाहिनी गंगा में स्नान करने की परंपरा है। इसके लिए सफाहोड़ आदिवासी और विंदिन समुदाय के लोग बड़ी संख्या में राजमहल पहुंचे हैं। राजमहल अनुमंडल के इस राजकीय माघी मेले में कई राज्यों से सफाहोड़ आदिवासी पहुंचे हैं। ये आदिवासी समुदाय सफेद कपड़े पहनते हैं और पूजा करते समय नाचते-गाते हैं। वहीं, तीनपहाड़ जंक्शन से श्रद्धालुओं के लिए राजमहल स्टेशन तक पहुंचने के लिए सिर्फ छह बोगी वाली ट्रेनें ही चलाई जा रही हैं। हालांकि श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे विभाग ने एक अतिरिक्त ट्रेन चलाने की भी पहल की है। शहर के मुक्तेश्वर गंगा घाट पर सुबह से ही लोगों की भीड़ लगी रही। मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान करने से पुण्य मिलता है, साथ ही सुख-शांति की प्राप्ति होती है। लोग गंगा स्नान भी कर रहे हैं और मंदिरों में पूजा-अर्चना भी कर रहे हैं।

## सीओ, चालक व रक्षकों पर हमला मामले में ट्रैक्टर मालिक व पुत्र गिरफ्तार, भेजा गया जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** मरकच्चो थाना क्षेत्र अन्तर्गत तुरिया मुहल्ला, मरकच्चो के समीप अवैध रूप से बालू खनन एवं परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर को सीओ परमेश्वर कुशवाहा द्वारा भ्रमण के दौरान शुक्रवार को जप्त किया गया। इस संबंध में सीओ ने बताया कि जप्त करने के दौरान ट्रैक्टर मालिक और उनके पुत्रों द्वारा मुझपर, चालक तथा गृह रक्षकों के साथ हाथापाई एवं पथराव कर बालू डम्प कर ट्रैक्टर लेकर भाग गये, जिसके दौरान तीन गृह रक्षक एवं चालक चोटिल हो गये। साथ ही इस पथराव के दौरान सरकारी वाहन क्षतिग्रस्त हो




गया। इस सम्बंध में मरकच्चो थाना कांड संख्या 15/24 के तहत मामला दर्ज किया गया। वहीं एसपी अनुदीप सिंह के द्वारा उक्त घटना के अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर एसडीपीओ जीतवाहन उरांव के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। उक्त टीम द्वारा कांड के दो अभियुक्तों सकलदेव सिंह, पिता स्व. नयन सिंह व अनिल सिंह, पिता सकलदेव सिंह दोनों पता कोटवार मोहल्ला पोस्ट थाना मरकच्चो निवासी को गिरफ्तार किया गया और घटना के समय ले भागे गये ट्रैक्टर ट्रोली बरामद किया गया है। शेष अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। छापामारी दल में थाना प्रभारी अब्दुल्ला खां, सअनि.मदन मोहन शर्मा व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### जेएसएलपीएस की दीदियों ने दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

**बोकारो।** जेएसएलपीएस की महिला समूह की दीदियों द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों में मेहंदी प्रतियोगिता रंगोली मतदाता शपथ दिलाकर महिला/पुरुष मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। दीदियों ने सभी को मतदान दिवस पर अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इसके पूर्व बेरमो प्रखंड की अरमो पंचायत में आयोजित रात्रि चौपाल में ग्रामीणों को प्रोजेक्टर के माध्यम से विभिन्न फिल्म दिखाकर मत का महत्व बताया गया।

## एक नजर में

### जेबीकेएसएस के मंजुरा पंचायत प्रभारी बने प्रवीण

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के मंजुरा पंचायत में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की विनोद बिहारी स्मारक महाविद्यालय सपाहीटांड कॉलेज परिसर में आयोजित बैठक में आगामी गिरिडीह लोकसभा चुनाव हेतु मंजुरा पंचायत प्रभारी प्रवीण कुमार सह प्रभारी बालेश्वर महतो संयोजक सहदेव झारखंडी मीडिया प्रभारी कालाचंद तुरी शैलेश कुमार वनेश रोहित कुमार अनुप कुमार अशोक कुमार महतो का चयन सर्वसम्मति से किया गया।

### ऑफिसर्स एसोसिएशन के चुनाव में अधिकारियों से सक्रिय साझेदारी की अपील

**बोकारो।** बोकारो स्टील ऑफिसर्स एसोसिएशन के सेक्टर 04 एफ स्थित कार्यालय परिसर में आगामी 25 फरवरी को अध्यक्ष महासचिव कोषाध्यक्ष सहित जोनल रिप्रेजेन्टेटिव का चुनाव निर्धारित किया गया है। इस चुनाव में बीएसएल सहित बोकारो स्टील के दिल्ली कोलकाता तथा रांची स्थित कार्यालय के लगभग 1800 अधिकारी अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगें। इसे देखते हुए बोकारो स्टील प्लांट के सीजीएम कार्मिक सह बीएसओए चुनाव के रिटर्निंग ऑफिसर हरिमोहन झा तथा जीएम संपर्क एवं प्रशासन सह अलटरनेट रिटर्निंग ऑफिसर एनए सैफी ने बीएसएल अधिकारियों से चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। श्री झा ने बताया कि पोलिंग सेंटर में 25 फरवरी को सुबह 10 बजे से संध्या 05 बजे तक मतदान कर सकते हैं।

### डीसी से नियोजन अधिनियम लागू करने की मांग

**बोकारो/तालगड़िया।** जिला बीस सूत्री उपाध्याय देवाशीष मंडल ने बोकारो उपायुक्त को पत्र प्रेषित कर जिले के सभी निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में नियोजन अधिनियम 2021 को लागू करने की मांग की है। कहा कि स्थानीय उम्मीदवारों को नियोजन नहीं मिलने के कारण लोगों को रोजगार के लिए पलायन करना पड़ रहा है। पलायन के कारण ऐसे लोग सरकारी सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं वहीं अपना बहुमूल्य मताधिकार का प्रयोग भी नहीं कर पाते हैं। कहा कि जिला में संचालित सभी उद्योग और प्रतिष्ठानों में 75 फीसदी स्थानीय लोगों को रोजगार देने संबंधी कानून का पालन करने के लिए ऐसे प्रबंधनों के साथ उद्योग निरीक्षक व श्रम अधीक्षक की उपस्थिति में बैठक की आवश्यकता है।

### संत शिरोमणि रविदास जयंती मनी

**मझिआंव।** माघ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तिथि के पावन अवसर पर मझिआंव एवं बरडीहा प्रखंड के तमाम हिंदू बहुल क्षेत्रों में हिंदू धर्मावलंबियों के द्वारा स्थानीय कोयल नदी के अलावे नदी तालाब में स्नान कर विधि विधान के साथ सभी मंदिरों में पूजा अर्चना की गई। इसके पश्चात दान पुण्य किया गया। वहीं इस अवसर पर दोनों प्रखंडों में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती भी धूमधाम से मनाई गई।

### हेमंत सोरेन की रिहाई के लिए निकाली गई न्याय मार्च

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर प्रखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिहाई के लिए प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने न्याय मार्च यात्रा निकाली गई। मौके पर केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा षड्यंत्र रच कर झूठा केश में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया गया है। न्याय मार्च यात्रा में उप प्रमुख पिंटू टोप्पो ब्रजेश सिंह, धर्मराज पासवान, परमवीर राम, सुरेश गुप्ता, शशि दुबे, विजय राउत, जसमुद्दीन अंसारी, शमशेर अंसारी, दीपक वर्मा, नईमुद्दीन अंसारी, उपेंद्र चौबे, शैलेंद्र यादव, गोपाल उरांव, संजय ठाकुर सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पेज 1 का शेष

### सरकार 50 हजार देगी

**नशे से युवा दूर रहें :** सीएम ने कहा कि नशा समाज के विकास में बाधक है। युवाओं समेत सभी को इससे इससे दूर रहना चाहिए। राज्य सरकार ने हड़िया बेचनेवाली महिलाओं को इसे बंद करने और स्वरोजगार के लिए आर्थिक सहयोग दे रही है। सरकार आर्थिक सहयोग की राशि और बढायेगी। उन्होंने कहा कि अगले तीन माह में नौ लाख परिवारों को अबुआ आवास का लाभ दिया जैयेगा। पहले चरण में दो लाख परिवारों को अबुआ आवास दिया जा रहा है।

**धर्मस्थलों का सौंदर्यीकरण होगा:** सीएम चंपई सोरेन शनिवार को सरायकेला-खरसावां के टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आदिवासी धार्मिक स्थल की तर्ज पर मूलवासियों के धार्मिक स्थलों को भी विकसित किया जायेगा। राज्य सरकार इन स्थलों को विकसित करेगी। सीएम ने कहा कि सरायकेला का सौंदर्यीकरण किया जायेगा। सरायकेला में पांच पार्कों का निर्माण किया जायेगा।

**झारखंड की धरती सोना उगलती है :** सीएम ने कहा कि झारखंड की धरती सोना उगलती है और यहां के लोग बिना छत के रहने को मजबूत थे। झामुमो की सत्ता में वापसी करने के बाद हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड जैसे कल्याणकारी योजनाएं झारखंड के आदिवासी बच्चों को पढ़ लिखकर आगे बढ़ने का अवसर दिया गया। पीएम आवास योजना के आठ लाख लोगों को छांट दिया गया, इसके बाद सरकार ने अबुआ आवास योजना की शुरूआत की है।

### परिवारहित में कांग्रेस देश हित भूल गयी थी : मोदी

**लोगों से की बात:** इस दौरान लोगों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बात भी की। उन्होंने कहा, पिछली कांग्रेस सरकार गरीबों, आदिवासियों का भला नहीं चाहती थी। उस सरकार ने केंद्र को गरीबों को घर देने से रोका। पीएम मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लाखों किसानों को दो साल से बकाया बोनस प्रदेश की सरकार ने दिया है। पिछली सरकार हमें गरीबों के काम नहीं करने देना चाहती थी। वह गरीबों के घर बनाने से रोक रही थी। हम हर घर जल योजना को तेजी से आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। पीएससी परीक्षा में गड़बड़ी की जांच के आदेश भी दिए गये हैं। मैं छत्तीसगढ़ की महिलाओं को महतारी वंदना योजना के लिए बधाई देना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरी होने की गारंटी।

**मॉब लिंचिंग, नाबालिग से गैंगरेप में फांसी की सजा :** नये कानूनों में मॉब लिंचिंग, यानी जब 5 या इससे ज्यादा लोगों का एक समूह मिलकर जाति या समुदाय आदि के आधार पर हत्या करता है, तो ग्रुप के हर सदस्य को आजीवन कारावास की सजा मिलेगी। वहीं नाबालगि से दुष्कर्म करने के दोषियों को अब फांसी की सजा दी जा सकेगी। गृह मंत्री अमित शाह ने भी मॉब लचिंग को एक घृणति अपराध बताया था और इस अपराध के लएि नए कानूनों में फांसी की सजा का प्रावधान की बात संसद में कही थी।

**आतंकवादी गतिविधियों पर भी सख्ती:** इसके अलावा नये कानून में आतंकवादी कृत्य, जो पहले गैर कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम जैसे खास कानूनों का हिस्सा थे, इसे अब भारतीय न्याय संहिता में शामिल किया गया है। वहीं, पॉकेटमारी जैसे छोटे संगठित अपराधों पर भी नकेल कसने का प्रावधान नए कानूनों में किया गया है। इस तरह के अपराधों के साथ-साथ संगठित अपराध से निपटने के लिए प्रावधान भी नये कानून में किये हैं। पहले इस तरह के संगठित अपराधों से निपटने के लिए राज्यों के अपने कानून थे। बता दें, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता 2023 आपराधिक प्रक्रिया संहिता 1973 (सीआरपीसी) की जगह लेगा। सीआरपीसी गिरफ्तारी, अभियोजन और जमानत के लिए है। भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक 2023 (बीएसबी2) भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 का स्थान लेगा।

स्पीड न्यूज

### ईरान ने पाकिस्तान में आतंकी कमांडर बख्श को मार गिराया



**तेहरान।** ईरान ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादी इस्माइल शाह बख्श और उसके कुछ साथियों को मार गिराया है। ईरान की इस कार्रवाई से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने की आशंका है। ईरान के सरकारी मीडिया के हवाले से ईरान इंटरनेशनल इंग्लिश ने अपने एक्स हैंडल में ईरान के सैन्य बलों की पाकिस्तान के खिलाफ की गई इस कार्रवाई का संक्षिप्त ब्यौरा साझा किया है। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के सैन्य बलों ने पाकिस्तान क्षेत्र में जैश अल-अदल (न्याय की सेना) के आतंकवादी ग्रुप कमांडर इस्माइल शाह बख्श और उसके कुछ साथियों को ढेर कर दिया।

### चीन : इमारत में आग से 15 की मौत



**नानजिंग।** पूर्वी चीन के जिआंग्सु प्रांत की राजधानी नानजिंग में शुक्रवार सुबह एक इमारत में आग लगने से 15 लोगों की मौत हो गई। शुक्रवार सुबह लगभग 4:39 बजे, स्थानीय अग्निशमन विभाग को युहुताई जिले में एक आवासीय इमारत में आग लगने की जानकारी प्राप्त हुई। बचावकर्मियों ने सुबह लगभग 6 बजे आग बुझाई और घटनास्थल पर खोज और बचाव अभियान दोपहर लगभग 2 बजे समाप्त हुआ। 44 घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### यूक्रेन ने रूसी निगरानी विमान को मार गिराया

**कीव।** यूक्रेन की सेना ने एक रूसी ए-50 निगरानी विमान को नष्ट कर दिया है। वायु सेना के कमांडर मायकोला ओलेशचुक ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर घोषणा करते हुए कहा कि बायन के नाम से जाने जाने वाले ए-50 ने अपनी अंतिम उड़ान भर ली है। उन्होंने परिष्कृत हवाई खतरों का मुकाबला करने में यूक्रेन के दृढ़ रुख पर भी जोर दिया।

### ऑस्ट्रेलिया ने 55 लोगों और 37 संस्थाओं पर लगाया बैन

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने शनिवार को कहा कि यूक्रेन के समर्थन में उनके देश ने 55 लोगों और 37 कानूनी संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाया है। शुक्रवार को अमेरिकी सरकार ने रूस पर 500 से ज्यादा अतिरिक्त प्रतिबंध लगाया। अमेरिकी प्रशासन के अनुसार, यूक्रेन में निरंतर सैन्य अभियान चलाने के लिए रूस को दंडित करने के उद्देश्य से यह प्रतिबंध लगाया गया। अमेरिका ने पिछले सप्ताह रूस के विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की जेल में मौत के लिए तीन रूसी अधिकारियों को भी निशाना बनाया। सुश्री वोंग ने कहा, ह्नहम यूक्रेन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए अपने समर्थन में खड़े हैं।

### मिसिसिपी में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, दो की मौत

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के दक्षिण प्रांत मिसिसिपी के पूर्वोत्तर में हेलीकॉप्टर (एएच-64 अपाचे ) के दुर्घटनाग्रस्त होने से नेशनल गार्ड के दो सैनिकों की मौत हो गई। यह हेलीकॉप्टर प्रशिक्षण उड़ान पर था। फॉक्स न्यूज के अनुसार एएच-64 अपाचे प्रशिक्षण उड़ान के दौरान शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे बाल्डविन के पास जंगली इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह स्थल मेम्फिस से 185 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में है। प्रेंटिस काउंटी शेरिफ रैंडी टोलर ने इस हवाई हादसे में उसके दो सैनिकों की मौत की पुष्टि की है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने की दुनिया के सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना की शुरूआत, कहा

# विश्व के हर डाइनिंग टेबल पर पहुंचे श्रीअन्न

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सहकारिता को भारत की प्राचीन अवधारणा बताते हुए कहा कि सहकारी क्षेत्र एक लचीली अर्थव्यवस्था को आकार देने और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को गति देने में सहायक है। उन्होंने सहकारी समितियों से खाद्य तेल जैसी कृषि वस्तुओं पर भारत की आयात निर्भरता कम करने और श्रीअन्न (मोटे अनाज) ब्रांड को दुनिया के हर डाइनिंग टेबल तक पहुंचाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने शनिवार को दिल्ली के भारत मंडपम में सहकारिता से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत की। उन्होंने 11 राज्यों में अनाज वितरण के लिए 11 पैक्स भंडारण सुविधाओं की शुरूआत की और 500 पैक्स भंडारण केंद्रों के निर्माण की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना की शुरूआत की गई है। इसके परिणामस्वरूप देश के हर कोने में हजारों वेयरहाउस और गोदाम बनाए जाएंगे। इसके अलावा आज 18000 पैक्स के कंप्यूटराइजेशन का काम भी पूरा हुआ है। इससे देश के कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़ा बदलाव आयेगा और कृषि क्षेत्र को आधुनिक तकनीक जुड़ेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सहकारिता भारत के लिए प्राचीन अवधारणा है। उन्होंने एक ग्रंथ का हवाला देते हुए बताया कि छोटे संसाधनों को एक साथ मिलाने पर बड़ा काम पूरा किया जा सकता है और भारत में गांवों की प्राचीन व्यवस्था में इसी मॉडल का पालन किया जाता था। उन्होंने कहा कि खेती और किसानी की नींव को मजबूत करने में सहकारिता की शक्ति की बहुत बड़ी भूमिका है। इस सोच के साथ हमने अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन किया। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि इस नए मंत्रालय के माध्यम से सरकार का लक्ष्य भारत के कृषि क्षेत्र की खंडित शक्तियों को एक साथ लाना है। किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) का उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री ने गांवों में छोटे किसानों के बीच बढ़ती उद्यमशीलता का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अलग मंत्रालय होने के कारण देश में 10,000 एफपीओ के लक्ष्य में से 8000 एफपीओ पहले से ही कार्यरत हैं। सहकारिता का लाभ अब मछुआरों और पशुपालकों तक भी पहुंच रहा है। मत्स्य पालन क्षेत्र में 25,000 से अधिक सहकारी इकाइयां कार्यरत हैं। प्रधानमंत्री ने आने वाले वर्षों में 200,000 सहकारी समितियों की स्थापना के सरकार के लक्ष्य को दोहराया। प्रधानमंत्री ने पीएसीएस जैसे सरकारी संगठनों के लिए नई भूमिका बनाने के सरकार के प्रयास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए कृषि प्रणालियों का आधुनिकीकरण भी उतना ही महत्वपूर्ण है। ये समितियां जन औषधि केंद्र के रूप में कार्य कर रही हैं जबकि हजारों पीएम किसान समृद्धि केंद्र भी संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने पेट्रोल, डीजल और एलपीजी सिलेंडर के क्षेत्र में काम करने वाली सहकारी समितियों का भी उल्लेख किया, जबकि पैक्स कई गांवों में जल समितियों की भूमिका भी निभाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे ऋण समितियों की उत्पादकता में वृद्धि हुई है।

- अर्थव्यवस्था को आकार देने और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में सहायक है सहकारी क्षेत्र
- 11 राज्यों में पीएम ने 11 पैक्स भंडारण शुरूआत की और 500 पैक्स भंडारण केंद्रों के निर्माण का किया शिलान्यास



नयी दिल्ली में अन्न भंडारण की शुरूआत करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सहकारिता मंत्री अमित शाह और कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा।

### प्रधानमंत्री आज राष्ट्र को समर्पित करेंगे पांच एम्स

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को पांच एम्स का उद्घाटन करेंगे। राजकोट, बठिंडा, रायबरेली, कल्याणी और मंगलागिरी में बने एम्स समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री 200 से अधिक स्वास्थ्य परियोजनाओं की आधारशिला और उद्घाटन करेंगे।

# असम में मुस्लिम विवाह व तलाक रजिस्ट्रेशन रद्द

**एजेंसी**

**गुवाहाटी ।** असम सरकार ने राज्य में निवासरत मुस्लिम नागरिकों के विवाह और तलाक के पंजीकरण से जुड़े 89 साल पुराने कानून को रद्द करने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की अध्यक्षता में शुक्रवार देर शाम आयोजित कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

श्री सरमा ने एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा कि पुराने अधिनियम में विवाह पंजीकरण की अनुमति देने वाले प्रावधान शामिल थे, जिसमें भले ही युवक-युवती विवाह के लिए 18 और 21 वर्ष की कानूनी उम्र तक नहीं पहुंचे हों। यह कदम असम में बाल विवाह पर रोक लगाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि जिला आयुक्तों और जिला रजिस्ट्रारों को वर्तमान में 94 मुस्लिम विवाह रजिस्ट्रारों के पंजीकरण रिकॉर्ड को पंजीकरण महानिरीक्षक के समग्र पर्यवेक्षण, मार्गदर्शन और नियंत्रण में अपने कब्जे में लिये जाने के लिए अधिकृत किया जायेगा। कैबिनेट ने राज्य के चार जिलों कछार, करीमगंज, हैलाकांडी और होजई में मणिपुरी को एक सहयोगी आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता देने के लिए असम राजभाषा (संशोधन) विधेयक, 2024 को मंजूरी दे दी।

कैबिनेट ने शहरी महिला उद्यमियों के रूप में महिला स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को बढ़ावा देने के लिए असम राज्य शहरी आजीविका मिशन सोसाइटी द्वारा चरणों में लागू किए जाने वाले मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता अभियान-नोगोरिया के दिशानिर्देशों को भी मंजूरी दी है।

**बाल विवाह पर रोक लगाने में महत्वपूर्ण कदम : मुख्यमंत्री**





### न्याय यात्रा : ससुराल में प्रियंका गांधी का जोरदार स्वागत

**मुरादाबाद। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा शनिवार को पश्चिम उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद से शुरू की। मुरादाबाद में भारी संख्या में उत्साहित भीड़ ने खुली जीप में सवार दोनों भाई-बहन का जोरदार स्वागत किया। मुरादाबाद हालांकि प्रियंका गांधी की ससुराल भी है, इसलिए उनका दौरा यकायक खासा सुर्खियों में आ गया है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल, प्रियंका गांधी को देखने के लिए सड़कों पर जनसैलाब उमड़ पड़ा।**

### नीतीश ने सिमरिया धाम में रिवर फ्रंट का किया उद्घाटन



**पटना।** बेगूसराय जिले के सिमरिया घाट पर शनिवार देर शाम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 115 करोड़ की रुपये की लागत से हरकी पौड़ी की तर्ज पर बने पहले रिवर फ्रंट का किया उद्घाटन। बिहार सरकार के द्वारा सिमरिया गंगा धाम में 115 करोड़ की लागत से हरकी पौड़ी के तर्ज पर सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 550 मीटर में सीढ़ी घाट एवं रिवर फ्रंट बनाया गया है। गंगा घाट किनारे चेंजिंग रूम, गंगा आरती स्थान, शौचालय, तीन मंजिला धर्मशाला, पार्क, वॉच टावर, कल्पवास क्षेत्र समेत आधुनिक तरीके से सिमरिया गंगा धाम को विकसित किया जा रहा है।

# यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा रद्द

**एजेंसी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सूबे में 17 व 18 फरवरी को आयोजित पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा-2023 को निरस्त कर दिया गया है। अगले 6 माह के भीतर पूरी शुचिता के साथ दोबारा परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस आशय के आदेश गृह विभाग ने शनिवार को जारी कर दिए हैं।

इससे पहले उक्त परीक्षा के संबंध में जारी एसटीएफ की जांच और अब तक की कार्यवाही की समीक्षा करते हुए शनिवार को मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं की मेहनत से खिलवाड़ और परीक्षा की शुचिता से समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। ऐसे अराजक तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होनी तय है। गृह विभाग की ओर से जारी आदेश के मुताबिक दिनांक 17 व 18 फरवरी, 2024 को सम्पन्न हुई पुलिस भर्ती परीक्षा के संबंध में प्राप्त तथ्यों एवं सूचनाओं के परीक्षण के आधार पर शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त शुचिता एवं पारदर्शिता के उच्चतम मानकों के दृष्टिगत इस परीक्षा को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। शासन ने भर्ती बोर्ड को यह निर्देश दिए हैं कि जिस भी स्तर पर लापरवाही बरती गई है उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। शासन ने प्रकरण की जांच एसटीएफ से कराये जाने का निर्णय लिया है। दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों अथवा संस्थाओं के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही किये जाने के भी निर्देश दिए गए हैं। शासन ने छह माह के अंदर पूर्ण शुचिता के साथ पुनः परीक्षा आयोजित करने तथा उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की सेवा से अभ्यर्थियों को निःशुल्क सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं।

परीक्षा की शिकायतों की होगी जांच : मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा बीती 11 फरवरी को आयोजित की गई समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा - 2023 से जुड़ी शिकायतों की भी जांच कराने का निर्णय लिया है। इस परीक्षा के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत अथवा इसकी शुचिता को प्रभावित करने वाले तथ्यों को संज्ञान में लाना चाहें तो वह अपना नाम तथा पूरा पता तथा साक्ष्यों सहित कार्मिक तथा नियुक्ति विभाग के ई-मेल आई.डी. - शूिंस्त्रस्त्रङ्खल्ल३@ल्लू.ल्ल पर 27 फरवरी तक उपलब्ध करा सकते हैं।

- छह माह के अंदर शुचिता के साथ होगी परीक्षा : योगी
- अभ्यर्थियों को निःशुल्क सुविधा देगा परिवहन निगम



### देश में नफरत के माहौल को मोहब्बत में बदल देंगे: राहुल

मुरादाबाद। कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में पार्टी सांसद राहुल गांधी ने मुरादाबाद में कहा कि देश में जात-मजहब, भाषा के नाम पर नफरत का माहौल तैयार किया जा रहा है। हम देश का आपसी सौहार्द खत्म नहीं होने देंगे और नफरत के माहौल को मोहब्बत से बदल देंगे।

न्याय यात्रा में शामिल कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ पर हमला बोलते हुए कहा कि आखिर पुलिस भर्ती या अन्य परीक्षाओं में गड़बड़ी करने वालों पर बुलडोजर कब चलेगा? श्री गांधी ने कहा कि पिछड़ों और दलितों को इस सरकार में न्याय नहीं मिला। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उद्योगपति अडानी, गृहमंत्री अमित शाह का नाम लिए बगैर हमला बोलते हुए कहा कि इनमें से एक ध्यान भटकाता है, दूसरा जेब काटता है और तीसरा डंडा दिखाता है। उन्होंने कहा कि आपको कहा जाता है कि भाइयों और बहनों एक दूसरे से नफरत करो, एक धर्म को दूसरे धर्म से लड़ाया जाता है, एक जात को दूसरी जात से लड़ाया जाता है, एक भाषा को दूसरी भाषा से लड़ाया जाता है, फिर आपका धन विभिन्न तरीकों से 24 घंटे में लूटा जाता है।

# रोबोट ढूढ़ेगा 18वीं सदी का अरबों का डूबा हुआ खजाना

**एजेंसी**

**बोगोटा।** कोलंबिया ने रोबोट की मदद से 316 साल पुराने सैन जोस गैलियन (नौकायन जहाज) के कैरेबियन सागर में डूबने से खोए हुए हीरा-जवाहरात के खजाने को पुनः प्राप्त करने की योजना की घोषणा की है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो चाहते हैं कि सैन जोस जिसे 1708 में अंग्रेजों ने डूबा दिया था, उसे वर्ष 2026 से पहले सतह पर लाया जाए।कोलम्बियाई सरकार के अनुसार, 20 बिलियन डॉलर (16 बिलियन पाउंड) की कीमत की लूट का माल ले जा रहा स्पेन के गैलियन अगले तीन वर्षों के भीतर कैरेबियन सागर से बरामद किया जाएगा। अरबों रुपये का पन्ना, चांदी और सोने को ले जाने वाला स्पेन का गैलियन 1708 में ब्रिटिश नौसेना के हमले के कारण डूब गया था। स्पेन के राजा फिलिप वी के दरबार में बहूमूल्य रत्न पेश किये जाने वाले थे। इस दुर्घटना में जहाज में सवार 600 लोगों में से कुछ ही बच पाए थे।सूत्रों ने कहा कि वर्ष 1708 में ब्रिटिश नौसेना के साथ झड़प के बाद सैन जोस काटार्जेना के कोलंबियाई बंदरगाह पर डूब गया था। इतिहासकारों का मानना है कि जहाज उस समय एक बहूमूल्य खजाना ले जा रहा था, जिसमें 200 टन सोना, चांदी और पन्ना शामिल था। आज के हिसाब से इस कार्गो की कीमत 20 अरब डॉलर आंकी गई है।

- 1708 में अंग्रेजों ने डूबा दिया था 2026 से पहले लाया जायेगा
- इस कार्गो की कीमत 20 अरब डॉलर आंकी गई है

### ‘देवरा’ के लिए तेलुगु सीख रही हैं जाह्नवी



**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री जाह्नवी कपूर दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू को लेकर उत्साहित हैं। जाह्नवी कपूर एनटीआर जूनियर की मुख्य भूमिका वाली फिल्म देवराः भाग-1 के जरिये दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू करने जा रही है। यह फिल्म कोराताला शिव द्वारा निर्देशित और युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित और नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत की गई है। जाह्नवी ने बताया कि उन्हें बहुत खुशी है कि वह इस फिल्म का हिस्सा हैं क्योंकि इस फिल्म के जरिए वह केवल अपनी जड़ों के करीब आ रही हैं और तेलुगु सीख रही हैं।




जय मां शक्ति सह होमियो चिकित्सा केंद्र
डॉक्टर आर के पाठक
होमियोपैथिक दवा के द्वारा सभी रोगों का इलाज
(सुबह 10 से 12, शाम 5 से 8 बजे तक)
सम्पर्क : 8409363623
कुम्हारपट्टी मनईटांड़, धनबाद

# दिल्ली में चार पर आप और तीन सीटों पर लड़ेगी कांग्रेस

**लोकसभा चुनाव**

- दोनों पार्टियों ने दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, चंडीगढ़ और गोवा में चुनाव लड़ने किया एलान

**नयी दिल्ली।** काफी जद्दोजहद के बाद आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस पार्टी के बीच लोकसभा चुनाव में गठबंधन को लेकर अंतिम निर्णय हो गया। दोनों पार्टियों ने पांच राज्यों दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, चंडीगढ़ और गोवा में लोक सभा चुनाव लड़ने को फैसला किया है। चंडीगढ़ लोकसभा सीट पर कांग्रेस अकेले अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। गोवा में कांग्रेस दोनों सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस और आप के बीच आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे की औपचारिक घोषणा शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कांग्रेस महासचिव और सांसद मुकुल वासनिक ने की। कांग्रेस महासचिव और सांसद मुकुल वासनिक ने सीट शेयरिंग को लेकर औपचारिक घोषणा करते कहा कि दिल्ली (7 सीटों) में कांग्रेस 3 और आप 4 पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि गुजरात (26 सीटों) में कांग्रेस 24 और आप 2 (भरूच और भावनगर में) पर चुनाव लड़ेगी। हरियाणा (10 सीट) में कांग्रेस 9 और आप 1 (कुरुक्षेत्र) पर चुनाव लड़ेगी। मुकुल वासनिक ने कहा कि आप और कांग्रेस उन सभी जगहों पर एक साथ प्रचार करेंगे जहां दोनों पार्टियों के उम्मीदवार और भारतीय गठबंधन के अन्य दलों के उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगें। लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली में कांग्रेस और आप के बीच सीट बंटवारे पर दिल्ली कांग्रेस प्रमुख अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि कांग्रेस उत्तर पूर्व, चांदनी चौक और उत्तर पश्चिम सीट पर चुनाव लड़ेगी। नई दिल्ली, पश्चिम दिल्ली, दक्षिण दिल्ली और पूर्वी दिल्ली में आप चुनाव लड़ेगी। आप के सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पंजाब में कांग्रेस और आप स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ेंगी। असम में बातचीत का रास्ता अभी खुला है।




### सेवादारों के सामने भ्रष्टाचारियों की केमिस्ट्री नहीं चलेगी : भाजपा

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने कांग्रेस और आप के दिल्ली में लोकसभा चुनाव गठबंधन में लड़ने के फैसले पर निशाना साधते हुए उन्हें भ्रष्टाचारियों का गठबंधन बताया है। भाजपा ने साल 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में दोनों पार्टियों के मत प्रतिशत का ब्योरा हुए कहा कि राजनीति गणित नहीं केमिस्ट्री होती है। भ्रष्टाचारियों की अलग और सेवादारों की अलग केमिस्ट्री होती है। सेवादारों के सामने भ्रष्टाचारियों की केमिस्ट्री चलने वाली नहीं है। भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में केन्द्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने ही आम आदमी पार्टी को खड़ा किया है। पार्टी का निशान झाड़ू थामने वाले हाथ दोनों भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं।

### पत्नी के नाम खरीदी प्रॉपर्टी पर परिवार का भी अधिकार : हाई कोर्ट

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पारिवारिक संपत्ति विवाद में एक अहम फैसला सुनाया है और कहा है कि अगर किसी शख्स ने अपनी पत्नी के नाम पर कोई संपत्ति खरीदी है और रजिस्ट्री करवाई है, तो उसमें उसके परिजनों का भी हिस्सा होगा। हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि परिजनों का उस संपत्ति पर तभी अधिकार नहीं माना जाएगा, जब यह साबित होगा कि महिला ने अपनी कमाई से वह संपत्ति खरीदी है लेकिन अगर महिला गृहिणी है और उसके नाम पर कोई संपत्ति खरीदी गई है तो उस पर परिवार के बाकी सदस्यों का भी अधिकार होगा। एक मृत पिता की संपत्ति में अधिकार की मांग करने वाले एक बेटे की याचिका की सुनवाई करते हुए जस्टिस अरुण कुमार सिंह देशवाल ने कहा कि याचिकाकर्ता के पिता द्वारा खरीदी गई संपत्ति को पारिवारिक संपत्ति माना जाएगा ।

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| **English Medium** | | **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !